* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

25 जून, 2023
आषाढ़, शुक्ल पक्ष, सप्तमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
रविवार, वर्ष 08, अंक 245


केंद्रीय मंत्री ने कोविड के ओमिक्रॉन वैरिएंट के लिए बूस्टर वैक्सीन लांच की








## 2000 के 72% नोट बैंकों में वापस आये

**नयी दिल्ली।** आरबीआइ की ओर से 2000 रुपये के नोट वापस लेने के ऐलान के बाद 2000 रुपये के 72% नोट बैंकों में जमा हो चुके हैं या बदले जा चुके हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इन नोटों की कुल कीमत 2.62 लाख करोड़ रुपये है। आरबीआइ ने 19 मई को नोट वापस लेने की घोषणा करते हुए बताया था कि 31 मार्च तक 2,000 रुपये के नोटों का कुल मूल्य 3.62 लाख करोड़ रुपये था। आरबीआइ ने 30 सितंबर तक 2000 के नोट बैंकों में बदलने या अकाउंट में जमा करने को कहा है, लेकिन यह भी कहा है कि यह इसके बाद भी लीगल रहेगा। ऐसा सिर्फ लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए है, ताकि वे यह नोट बैंकों को वापस करें।

रोस्तोव में बख्तरबंद गाड़ियों से मिलिट्री हेडक्वार्टर घेरा

# वैगनर का रूस के दो शहरों पर कब्जा

- राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने देश को किया संबोधित, कहा- कड़ा जवाब देंगे



एजेंसी

**मॉस्को।** यूक्रेन जंग में रूस का साथ देनेवाली प्राइवेट आर्मी वैगनर ने विद्रोह कर दिया है। एजेंसी के मुताबिक वैगनर ने वोरोनेज और रोस्तोव शहर पर कब्जा कर लिया है। रोस्तोव का मिलिट्री हेडक्वार्टर भी वैगनर के कब्जे में है। रूसी मीडिया आरटी की तरफ से जारी तस्वीरों में रोस्तोव शहर की सड़कों पर वैगनर की बख्तरबंद गाड़ियां दिखायी दे रही हैं।

वैगनर चीफ येवगेनी प्रिगोजिन ने रूसी सेना का एक हेलिकॉप्टर गिराने की बात भी कही है। अल-जजीरा ने खबर दी है कि प्राइवेट आर्मी के मॉस्को की तरफ बढ़ने की खबर है। मॉस्को की सड़कों पर बख्तरबंद गाड़ियां और रूस की सेना तैनात कर दी गयी है। शहर में हाइअलर्ट है और राजधानी को जोड़नेवाला हाइवे बंद कर दिया गया है।

वैगनर की बगावत की खबर आने के बाद रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने देश को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि वैगनर ने पीठ में छुरा घोंपा है। उन्होंने देश की जनता को धोखा दिया है। यह सेना को चुनौती है। हम हर हाल में नागरिकों की रक्षा करेंगे। राष्ट्रपति पुतिन के आदेश के बाद रूसी जांच एजेंसी एफएसबी ने वैगनर चीफ प्रिगोजिन के खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज कर लिया है। उन पर सशस्त्र विद्रोह भड़काने का आरोप लगाया गया है। लड़ाकों से उनका कोई आदेश न मानने और उन्हें हिरासत में लेने को कहा गया है।

### वैगनर ने धोखा दिया है : पुतिन

राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने कहा है कि महत्वाकांक्षा और निजी हितों के चलते हमारे साथ ये विश्वासघात हुआ है। जो कोई भी विद्रोह करेगा, उसे दंडित किया जायेगा। उन्हें कानून और हमारे लोगों को जवाब देना होगा। जिसने भी जानबूझ कर देशद्रोह का रास्ता अपनाया, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। हम सभी खतरों के खिलाफ अपने लोगों और देश की सुरक्षा करेंगे।

मणिपुर में फिर हिंसा, मंत्री के गोदाम में आग लगायी

# सर्वदलीय बैठक में सपा ने की राष्ट्रपति शासन की मांग



आजाद सिपाही संवाददाता

**इंफाल/नयी दिल्ली।** मणिपुर में शनिवार को राज्य सरकार के उपभोक्ता और खाद्य विभाग के मंत्री एल सुसींद्रो के घर पर भीड़ ने हमला बोल दिया। उनके निजी गोदाम और वहां खड़ी दो गाड़ियों को आग लगा दी गयी। सुरक्षा बलों ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया और मंत्री के घर में घुसने की कोशिश कर रही भीड़ को भगाया। सुसींद्रो मैतेई समुदाय से आते हैं। उधर, मणिपुर हिंसा को लेकर गृह मंत्री अमित शाह ने सर्वदलीय बैठक बुलाई। इस बैठक में विपक्षी दल के प्रतिनिधि भी सामिल हुए। सूत्रों ने जानकारी दी कि समाजवादी पार्टी ने सर्वदलीय बैठक में मणिपुर में राष्ट्रपति शासन की मांग की। वहीं शिवसेना (यूबीटी) की राज्यसभा सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि पीएम मोदी को मणिपुर हिंसा को देखना चाहिए। वहीं तृणमूल कांग्रेस के सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने अपनी पार्टी की तरफ मांग की है कि एक हफ्ते में एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल मणिपुर भेजा जाये।

**गोदाम का सामान जल कर राख :** मंत्री एल सुसींद्रो के गोदाम में पब्लिक हेल्थ इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट के करोड़ों रुपये के पाइप रखे हुए थे। जो आगजनी में पूरी तरह जलकर खाक हो गये। उधर, भीड़ ने पूर्वी इंफाल में साजीवा जेल के पास स्थित भाजपा दफ्तर में भी आग लगा दी।

**तीन घंटे चली सर्वदलीय बैठक:** संसद भवन में हुई सर्वदलीय बैठक तीन घंटे चली। इसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी के अलावा भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, मणिपुर के पूर्व मुख्यमंत्री ओकराम इबोबी सिंह (कांग्रेस), डेरेक ओ ब्रायन (टीएमसी), मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड सिंह (एनपीपी), एम थंबी दुरई (एआइएडीएमके), तिरुचि शिवा (डीएमके), पिनाकी मिश्रा (बीजेडी), संजय सिंह (आप), मनोज झा (आरजेडी) और प्रियंका चतुव्रेदी (शिवसेना) शामिल हुए।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका से दो दिन के दौरे पर मिस्त्र पहुंचे

- बाइलेट्रल ट्रेड दोगुना करने पर बातचीत करेंगे
- एक हजार साल पुरानी शिया मस्जिद भी जायेंगे
- पीएमने अमेरिका से रवाना होने से पहले प्रवासियों को किया संबोधित
- मोदी ने कहा- अमेरिका में ही रिन्यू होंगे एच-1बी वीजा



एजेंसी

**वॉशिंगटन/काहिरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को अमेरिका से दो दिन के इजिप्ट दौरे पर मिस्त्र पहुंचे। प्रधानमंत्री का मिश्र का यह दौरा बाइलेट्रल ट्रेड के हवाले से बेहद अहम माना जा रहा है। अमेरिका से रवाना होने से पहले प्रधानमंत्री ने रोनाल्ड रीगन सेंटर में प्रवासी भारतीयों को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब अमेरिका में ही एच-1बी वीजा रिन्यू हो जायेगा। इसके लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि बीते तीन दिनों में मैंने जो बाइडेन के साथ कई मुद्दों पर बात की। मैं अनुभव से कहता हूं कि बाइडेन एक सुलझे हुए अनुभवी नेता हैं।

**मैरी मिलबेन ने मोदी के छुए पैर:** प्रवासियों को संबोधित करे हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यहां मुझे हिंदुस्तान के हर कोने के लोग नजर आ रहे हैं। ऐसा लग रहा है जैसे मिनी इंडिया उमड़ा है। अमेरिका में एक भारत, श्रेष्ठ भारत की सुंदर तस्वीर दिखाने के लिए आपको बधाई देता हूं। इस दौरान लोगों ने भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाये। पुरस्कार विजेता इंटरनेशनल सिंगर मैरी मिलबेन ने भारत का राष्ट्रगान 'जन गण मन...' गाया। इसके बाद मिलबेन ने पीएम के पैर छुए। प्रधानमंत्री ने कहा कि जैसे भोजन के बाद स्वीट डिश मिलती है, वैसे ही आपसे बात करना एक मीठी डिश थी, जिसे मैं खाकर जा रहा हूं। इसके बाद वह मिश्र के लिए रवाना हो गये।

**मिश्र के प्रधानमंत्री ने किया स्वागत :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारतीय समयनुसार शनिवार शाम को इजिप्ट दौरे पर मिस्त्र पहुंचे। राजधानी काहिरा में उनका स्वागत गार्ड ऑफ ऑनर के साथ हुआ। मिस्त्र के प्रधानमंत्री मुस्तफा मैडबौली ने हवाई अड्डे पर उन्हें रिसीव किया है।

# बंगाल में बम ब्लास्ट में एक की मौत, तीन घायल

## मुर्शिदाबाद में तृणमूल-कांग्रेस समर्थक भिड़े, बीरभूम में सेंट्रल फोर्स का फ्लैग मार्च

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में शनिवार को क्रूड बम धमाके में एक व्यक्ति की मौत हो गयी, जबकि तीन लोग घायल हो गये। पुलिस ने बताया कि यह धमाका बेलदांगा के एक आम के बगीचे में हुआ। पुलिस के मुताबिक धमाके में अलीम शेख नाम का व्यक्ति जख्मी हुआ। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि शेख एक हिस्ट्रीशीटर था। इसके अलावा मुर्शिदाबाद के ही रानीनगर में टीएमसी और कांग्रेस समर्थकों के बीच हुई झड़प के बाद बम फेंके गये। इस घटना में तीन लोगों के घायल होने की खबर है। इधर, 8 जुलाई को राज्य में होनेवाले पंचायत चुनाव को देखते हुए बीरभूम में सेंट्रल फोर्सेस के जवानों ने फ्लैग मार्च निकाला। उधर भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप घोष ने कहा कि ऐसी घटनाओं से टीएमसी का बड़ा गेम प्लान सामने आ रहा है। वे दूसरे दलों के उम्मीदवारों को डराना चाहती है, ताकि उनके समर्थक वोट डालने न जायें।


# आर. पी. नर्सिंग कॉलेज, गढ़वा

INC (New Delhi) एवं JNRC (Ranchi) से मान्यता प्राप्त

मेन रोड, टण्डवा, गढ़वा

## आर. पी. कॉलेज ऑफ फार्मेसी

(फार्मेसी कौंसिल ऑफ इंडिया (PCI) एवं झारखंड सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)

हेलीपैड के बगल में मेन रोड, कल्याणपुर, गढ़वा | Website : www.rppharmacycollege.com admin@rppharmacycollege.com

**COURSES OFFERED**

- **A.N.M.** (2 Years) ए.एन. एम (आक्जिलरी नर्सिंग मिडवाइफरी)
- **G.N.M.** (3 Years) जी. एन. एम. (जेनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी)
- **B.Sc.** (N) (4 Years)
- **D. PHARMA** (2 Years) डी. फार्मा (डिप्लोमा इन फार्मेसी)



Dr. Patanjali Kesari
Director

**Eligibility Criteria**

**A.N.M.** 12th pass with Science/ Arts/ Commerce — Age Limit 17-35 Years

**G.N.M.** 12 th pass with Science/ Arts/ Commerce with English 40% Masks — Age Limit 17-35 Years

**Individually**

**B. Sc. (NURSING)** 12 th passed with Science (PCB) English Core/ English elective with aggregate of 45% marks — Age Limit 17-35 Years

**REQUIREMENTS**

Application are invited from eligible Candidates for the following Positions

| Department | Position | Eligibility |
|---|---|---|
| B. Sc. NURSING | Principal / Associate Professor / Assistant Professor | 5-10 Years of Experience after M.Sc. Nursing |
| A.N.M. | Nursing Tutor | B. Sc. Nursing |
| G.N.M. | Nursing Tutor | B. Sc. Nursing |
| D. Pharma | Tutor | B. Pharma / M. Pharma |

Excellent Remuneration as per Norms.
Interview Date : 08.07.2023 10 a.m. Onward
Place : R. P. College of Pharmacy, Behind Helipad Main Road, Kalyanpur.

प्रवेश प्रारम्भ
सत्र- 2023-24

इंटर पास लड़के एवं लड़कियों को सरकारी नौकरी पाने का सुनहरा अवसर

**विशेषताएं :-**

- प्रशिक्षित एवं अनुभवी शिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण
- छात्रवृति की सुविधा
- कम्प्यूटर वर्ग रूम
- प्रयोगशाला एवं पुस्तकालय
- छात्रों के ट्रेनिंग हेतु स्वयं का सुसज्जित अस्पताल
- स्पेशल क्लासेज की सुविधा
- स्पोकेन इंगलिस क्लासेज की सुविधा
- हॉस्टल एवं परिवहन सुविधा
- 99% प्लेसमेंट प्राइवेट व सकारी क्षेत्रों में
- 24x7 बिजली, पानी एवं सुरक्षा गार्ड






राधा पार्वती एजुकेशनल एण्ड वेलफेयर ट्रस्ट
मेन बाजार गढ़वा द्वारा संचालित

Mob. : 9304440499, 8603010444, 8603010555

website : www.rpewt.com | info@rpewt.com | admin@rpewt.com | Email : email2rpnursingschool@gmail.com

आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 25 जून, 2023
www.azadsipahi.in


# पटना के महाजुटान का फलाफल, दल तो मिले-दरार बरकरार

## ■ केजरीवाल, ममता, महबूबा और स्टालिन भी अलग नजर आये

## ■ बहुत असरदार नहीं रही लालू-नीतीश की राजनीतिक बाजीगरी

## ■ अब भी विपक्षी एकता का सपना देख रहे नेताओं का टूटेगा भ्रम

आजाद सिपाही विशेष

बिहार की राजधानी पटना में हुई विपक्षी नेताओं की बैठक कई मायनों में ऐतिहासिक थी। इस बैठक का कोई ठोस परिणाम तो सामने नहीं आया, लेकिन एक बड़ी बात यह रही कि इसमें बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भाजपा विरोधी 15 राजनीतिक दलों को एक मंच पर लाने में सफल रहे। विपक्षी दल करीब साढ़े तीन घंटे की बैठक में भाजपा के खिलाफ एक होकर चुनाव लड़ने पर सहमत हो गये, लेकिन इस मुद्दे पर अभी बहुत सारी बाधाओं को पार करना होगा। बैठक के बाद कहा गया कि जुलाई में अगली बैठक शिमला में होगी, जिसमें आगे की रणनीति तय की जायेगी। बैठक में कुछ ऐसे मुद्दे भी उठे, जिसकी तस्वीर बैठक के बाद मीडिया के सामने आये नेताओं के चेहरे पर भी दिखी। इसमें सबसे खास यह रहा कि अरविंद केजरीवाल को अध्यादेश के मामले में नीतीश समेत किसी और नेता ने खुल कर कोई जवाब नहीं दिया। वहीं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का विपक्षी दलों की बैठक पर दावा है कि इतिहास यहां से शुरू होता है। पर ममता बनर्जी जिस नये इतिहास की बात कर रही हैं, उसके पहले पन्ने पर ही आम आदमी पार्टी के अरविंद केजरीवाल ने स्याही छिड़क दी है। लिहाजा बैठक खत्म होने के बाद जब सारे नेता मीडिया से बातचीत के लिए आये, तो उनके चेहरे पर जीत का कोई भाव नहीं दिख रहा था। मीडिया केजरीवाल और भगवंत मान के साथ आप के संजय सिंह और राघव चड्ढा की अनुपस्थिति को नोट कर रही थी। दरअसल अध्यादेश के मुद्दे पर कांग्रेस की चुप्पी से केजरीवाल को करारा झटका लगा और मीडिया को संबोधित किये बिना ही वे निकल गये। कुल मिला कर पटना की बैठक में 15 दलों का मिलना तो जरूर हुआ, लेकिन दरारें अब भी बरकरार हैं। इन्हें पाटने में कितना समय लगेगा, यह तो भविष्य के गर्भ में है। पटना बैठक के फलाफल का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी को केंद्र की सत्ता से बेदखल करने के लिए 10 राज्यों के 15 दलों के बड़े कद के विपक्षी नेताओं ने शुक्रवार को पटना में करीब तीन घंटे तक मंथन किया। मंथन कक्ष का आंखों देखा हाल वहां बैठे नेताओं के सिवा किसी और को तो मालूम नहीं, लेकिन बाद में प्रेस कांफ्रेंस में बारी-बारी से सभी नेताओं की बातों से ऐसा लगा कि एक ही मुद्दे पर सैद्धांतिक सहमति बनी कि भाजपा मुक्त भारत के लिए सभी विपक्षी दल साथ रहेंगे। बैठक में कोई रणनीति नहीं बन पायी। उल्टे बैठक के बाद आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने पटना से लेकर दिल्ली तक यह संकेत दे दिया कि विपक्षी एकता की बात बेमानी है।

### केजरीवाल का अलग राग

केजरीवाल ने साफ-साफ कह दिया है कि दिल्ली सरकार को पंगु बनाने वाले केंद्र के अध्यादेश पर कांग्रेस का रुख साफ हुए बगैर उन्हें विपक्षी एकता से कोई मतलब नहीं होगा। दरअसल बैठक के भीतर की बातें जो छन कर आयी हैं, उस हिसाब से केजरीवाल ने इस मुद्दे पर चर्चा छेड़ी, तो सबने चुप्पी साध ली। केजरीवाल ने कांग्रेस का नाम लेकर कहा कि सभी विपक्षी दल साथ आने को तैयार हैं, लेकिन कांग्रेस कुछ बोल ही नहीं रही। मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी से मिलने का उन्होंने समय मांगा, तो अब तक कोई जवाब नहीं आया। केजरीवाल की इस बात पर ममता का कहना था कि बैठक का एजेंडा पहले से तय था। मल्लिाकार्जुन खड़गे का कहना था कि इस तरह के मामले संसद शुरू होने के पहले उठाये जाते हैं। उमर अब्दुल्ला ने अरविंद केजरीवाल के जम्मू कश्मीर के मामले में अपनाये गये पूर्व के रुख को ही सामने रख दिया। यानी कह सकते हैं कि अरविंद केजरीवाल अलग-थलग पड़ गये। आखिर में नीतीश ने कहा कि जब संसद में इसे पेश किया जायेगा, उस वक्त सभी दल इसका विरोध करें, तो बेहतर। कांग्रेस से भी उन्होंने अनुरोध किया कि वह इस पर विचार करे।

### ममता बनर्जी ने इशारों में कांग्रेस पर कटाक्ष किया

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी की कांग्रेस से कभी नहीं पटी। वह विपक्षी एकता की आग्रही तो रही हैं, लेकिन कांग्रेस को पसंद नहीं करतीं। तभी तो उन्होंने आरंभ में बिना कांग्रेस के विपक्षी एकता का अभियान छेड़ा था, जिसका किसी दल ने समर्थन नहीं किया। नीतीश कुमार की पहल पर जब विपक्षी एकता मिशन की शुरुआत हुई, तब से ममता बनर्जी कांग्रेस को उसकी औकात बताने की कोशिश करती रही हैं। उन्होंने सबसे पहले कोलकाता मिलने पहुंचे नीतीश कुमार को विपक्षी दलों की पहली बैठक पटना में बुलाने की सलाह दी थी। कांग्रेस की मठाधीशी तोड़ने की दिशा में ममता की यह सुचिंतित रणनीति थी। साथी दलों के साथ कांग्रेस किसी राजा की तरह व्यवहार करती है। शरद पवार और नीतीश कुमार जैसे बुजुर्ग नेताओं को मल्लिकार्जुन खड़गे ने बातचीत के लिए दिल्ली बुलाया। वह खुद उन नेताओं से मिलने पटना या मुंबई जाने की जहमत नहीं उठा सके। दूसरा कि प्रेस कांफ्रेंस के दौरान ममता ने कहा कि बिहार से शुरू होने वाला कोई भी आंदोलन सफल रहा है। आंदोलन चाहे आजादी के लिए हुआ हो या 1974 का, इनकी शुरुआत बिहार से हुई और कामयाबी भी मिली। उन्होंने 1974 के आंदोलन का जिक्र करते समय कांग्रेस का नाम नहीं लिया। इसीलिए उन्होंने पटना में बैठक आयोजित करने की सलाह नीतीश कुमार को दी थी। उन्होंने यह भी जोड़ा कि दिल्ली में अब तक होती रही बैठकें नाकाम साबित हुई हैं।

ममता तो कांग्रेस और वामपंथी दलों को बंगाल में कोई भाव ही देना नहीं चाहतीं। बंगाल में अभी चल रही पंचायत चुनाव की प्रक्रिया से जो तल्खी पैदा हुई है, उसे पाटना आसान नहीं। ममता ने प्रेस कांफ्रेंस में यह बात भी दोहरायी कि वाम दलों और कांग्रेस को लचीला रहना होगा। वहीं जब भाकपा के प्रतिनिधि प्रेस कांफ्रेंस में बोल रहे थे, तो ममता उठ कर बाहर चली गयीं।

### मीडिया के सामने नहीं आये अरविंद और स्टालिन

प्रेस कांफ्रेंस बैठक के बाद होना था। बैठक में आये सभी दलों के नेता प्रेस कांफ्रेंस में शामिल हुए, लेकिन दो नेताओं ने उसमें शामिल होना मुनासिब नहीं समझा। उनमें एक थे तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन और दूसरे दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल। स्टालिन ने तो कुछ नहीं कहा, लेकिन केजरीवाल ने दिल्ली पहुंचते ही अध्यादेश का राग अलापना शुरू कर दिया। दरअसल केजरीवाल ने घूम-घूम कर अध्यादेश के खिलाफ समर्थन मांगते वक्त यह फॉर्मूला सुझाया था कि राज्यसभा में विपक्षी सदस्यों की संख्या सत्ता पक्ष से अधिक है। अगर अध्यादेश का सम्मिलित तौर पर विपक्ष विरोध करता है, तो सरकार की हार हो सकती है। विपक्षी एकता की यह पहली जीत होगी, लेकिन कांग्रेस ने अभी तक अपना रुख स्पष्ट नहीं किया है।

### अध्यादेश पर आप का साथ क्यों नहीं दे रही कांग्रेस

अब सवाल उठता है कि जब कांग्रेस के साथ उससे मतभेद रखने वाले दलों के नेता बैठ सकते हैं, एक साथ भाजपा के मुकाबले का संकल्प ले सकते हैं, तो फिर कांग्रेस को आप का साथ देने में दिक्कत क्यों हो रही है। सच यह है कि दिल्ली और पंजाब की सत्ता आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस को धकेल कर ही हासिल की है। दोनों राज्यों के बड़े कांग्रेसी नेताओं को ऐसा लगता है कि आप से नजदीकी बढ़ी, तो इन दो राज्यों में कांग्रेस के लिए सत्ता में लौटने के सपने पर पानी फिर जायेगा। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी से मुलाकात में पंजाब और दिल्ली इकाइयों के नेता अपनी पीड़ा बता चुके हैं। कांग्रेस इसी वजह से चुप है।

### आप के शुरू से ही रहे हैं तल्ख तेवर

विपक्षी एकता अभियान की कमान जब से नीतीश कुमार ने संभाली है, आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली के सीएम नीतीश कुमार से पटना बैठक को लेकर उनकी तीसरी मुलाकात है। पहली मुलाकात के तुरंत बाद आप का बयान आया कि लोकसभा या विधानसभा चुनाव में पार्टी किसी दल या गठबंधन से तालमेल नहीं करेगी। विपक्षी बैठक के दो दिन पहले बयान आया कि दिल्ली और पंजाब को कांग्रेस भूल जाये, तो राजस्थान और मध्यप्रदेश के विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी अपना उम्मीदवार नहीं उतारेगी। अब खुद अरविंद केजरीवाल ने बयान दिया है कि अध्यादेश पर सभी साथ नहीं आये, तो विपक्षी एकता का कोई मतलब नहीं है। इधर अरविंद केजरीवाल के बयान पर कांग्रेस का रुख भी सामने आ गया है। कांग्रेस ने कहा है कि कनपटी पर बंदूक रख कर आप हां नही करवा सकते। यानी कह सकते हैं कि दोनों के बीच तल्खी बढ़ गयी है।

### एकता का क्या मतलब, जब कई दल किनारे खड़े

विपक्षी एकता के लिए हुई बैठक में 15 दलों के नेता तो आये, लेकिन कई दलों के नेता, जो सीएम भी हैं, ने बैठक से दूरी बना ली। ओड़िशा के सीएम नवीन पटनायक, तेलंगाना के सीएम के चंद्रशेखर राव, आंध्रप्रदेश के सीएम जगन मोहन रेड्डी, यूपी की पूर्व सीएम और बसपा नेता मायावती, एआइएमआइएम के असदुद्दीन ओवैसी जैसे नेता बैठक से दूर रहे। इनमें कुछ ने पहले ही मना कर दिया था, तो कुछ को न्यौता ही नहीं गया। कुल मिला कर पटना का यह महाजुटान एक किस्म का राजनीतिक पर्यटन ही साबित हुआ, हालांकि इसके अंतिम परिणाम पर कोई भविष्यवाणी करना अभी जल्दबाजी होगी। शिमला में होनेवाली बैठक के बाद यदि विपक्षी एकता की कोई तस्वीर उभरती है, तब इस बात की संभावना बनेगी कि 2024 का चुनावी मुकाबला सीधा होगा या फिर बहुकोणीय।

---

पीएम मोदी 27 जून को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से करेंगे उद्घाटन

## वंदे भारत एक्सप्रेस में पहले दिन मुफ्त सफर का लुत्फ उठायेंगे दस विद्यार्थी और दो शिक्षक

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** पटना-रांची के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का उद्घाटन 27 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पूर्वाह्न 10:30 बजे करेंगे। यह ट्रेन पटना से हटिया तक चलेगी। इस रूट पर दो बार ट्रायल रन सफल रहा है। पहले दिन 10 स्कूली बच्चों को निःशुल्क रांची से पटना तक का सफर कराया जायेगा। यह विद्यार्थी उद्घाटन के दौरान हरी झंडी दिखाने के समय भी मौजूद रहेंगे। बच्चों का चयन निबंध, पेंटिंग और कविता प्रतियोगिता के आधार पर किया जायेगा। इनमें सातवीं, आठवीं, नौवीं और 10वीं के बच्चे शामिल हो सकेंगे। उद्घाटन के बच्चों की पेंटिंग को भी प्रदर्शित किया जायेगा। दक्षिण पूर्व रेलवे रांची के वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी माणिक शंकर ने स्कूलों को चिट्ठी भेजी है। इसमें कहा गया है कि प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित कर बच्चों का चयन किया जाये। विद्यार्थियों के साथ दो शिक्षक भी इस यात्रा के लिए मनोनीत किये जायेंगे। ये शिक्षक बच्चों के साथ पटना तक जायेंगे। सुरक्षा के मद्देनजर टाटीसिलवे, नामकुम, आरा गेट, चुटिया, रांची स्टेशन और अरगोड़ा स्टेशन पर आरपीएफ के 100 से अधिक जवानों को तैनात किया गया है। उद्घाटन कार्यक्रम के लिए रांची स्टेशन पर इंतजाम शुरू हो गये हैं। फिलहाल टेंट लगाये जा रहे हैं। उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए राज्यपाल, मुख्यमंत्री, सांसद, विधायक सहित गणमान्य लोगों को रांची रेल मंडल आमंत्रण पत्र भेजेगा। वंदे भारत ट्रेन हटिया स्टेशन से अपराह्न बाद 3:55 बजे खुलेगी और शाम 4:10 बजे रांची स्टेशन पहुंचेगी। पांच मिनट के स्टॉपेज के बाद शाम 4:15 बजे पटना के लिए रवाना होगी। यह रात 10:10 बजे पटना पहुंचेगी। ट्रेन 6:15 घंटे में 385 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। इसकी औसतन गति 61 किलोमीटर होगी। समय-सारिणी स्वीकृति होते ही ट्रेन का परिचालन शुरू हो जायेगा।

## मनी लॉड्रिंग में सीए नीरज मित्तल को भेजा गया जेल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने टेंडर मैनेज करने के लिए कमीशन लेने और करोड़ों रुपये की मनी लॉड्रिंग के मामले में नीरज मित्तल को गिरफ्तार किया है। इडी ने गिरफ्तार करने के बाद शनिवार को मित्तल को रांची के इडी के विशेष न्यायालय में पेश किया, जहां से अदालत ने नीरज को 14 दिनों के न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार (जेल) भेज दिया। नीरज की पेशी इडी के इंचार्ज कोर्ट में विशेष न्यायाधीश प्रकाश झा की अदालत में हुई। बता दें कि नीरज मित्तल चार्टर्ड एकाउंटेंट है। उस पर जेल में बंद निलंबित अभियंता वीरेंद्र राम के पैसों के निवेश में सहायता करने का आरोप है। साथ ही कमीशन एजेंट के रूप में काम करने का भी आरोप है। इडी ने उसे दिल्ली से शुक्रवार को गिरफ्तार किया था।

## नगर विकास विभाग के चार टाउन मैनेजर का हुआ तबादला

**रांची (आजाद सिपाही)।** नगर विकास विभाग ने संविदा पर कार्यरत चार नगर प्रबंधकों का तबादला किया है। चिरकुंडा नगर परिषद में पदस्थापित विजय कुमार को रांची नगर निगम नगर प्रबंधक के पद पर पदस्थापित किया गया है। वहीं राजमहल में पदस्थापित सतीश कुमार को स्थानांतरित करते हुए रांची नगर निगम में नगर प्रबंधक के पद पर पदस्थापित किया गया है। रांची नगर निगम से निशाल जोशी तिर्की को स्थानांतरित करते हुए नगर प्रबंधक सिमडेगा के पद स्थापित किया गया है। गिरिडीह में पदस्थापित प्रमेय मंदिललवार को स्थानांतरित करते हुए नगर प्रबंधक बंशीधर नगर निकाय में पदस्थापित किया गया है। इस संबंध में विभाग द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गयी है।

## देवघर श्रावणी मेले की सुरक्षा में मुस्तैद रहेंगे 8640 जवान

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** देवघर श्रावणी मेला की तैयारियां जोरों पर हैं। करीब दो माह तक चलने वाले इस मेले में हाइटेक तकनीक के साथ 8640 हजार जवानों को सुरक्षा के लिए तैनात किया जायेगा। 4 जुलाई से शुरू हो रहे मेले में 50 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के देवघर पहुंचने का अनुमान है। मेले में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के लिए प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी और जवानों को दो महीने तक के लिए तैनात किया गया है।

इनमें इंस्पेक्टर 120, एसआइ और एएसआइ 726, सशस्त्र हवलदार और आरक्षी 1080, लाठी हवलदार आरक्षी 6200, महिला लाठी बल 514, एसाल्ट ग्रुप दो, बम निरोधक दस्ता दो, आंशु गैस दस्ता दो, एटीएस हिट टीम दो और श्वान दस्ता की दो टीम रहेगी। साथ ही सीआइडी और विशेष शाखा के जवान भी तैनात रहेंगे। पुलिस मुख्यालय श्रावणी मेले को लेकर तैयारियां युद्ध स्तर कर रहा है। मेले में इस बार 8640 हजार सुरक्षाबलों की तैनाती होगी।

राज्य के विभिन्न जिलों में तैनात जवानों के अलावा जैप और प्रशिक्षण केंद्र में तैनात जवानों को प्रतिनियुक्त किया जायेगा। यह प्रतिनियुक्ति 30 जून से एक सितंबर तक के लिए होगी। शहर के विभिन्न स्थानों में अस्थाई कंट्रोल रूम भी बनाये जा रहे हैं, जहां से पूरे शहर में लगे सीसीटीवी की मॉनिटरिंग की जायेगी। अधिक भीड़ वाली जगहों पर ड्रोन कैमरे से निगरानी की जायेगी। पुलिस के जवानों के अलावा रैफ, एनडीआरएफ के साथ-साथ झारखंड जगुआर के बीडीएस टीम को भी तैनात किया जायेगा।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel


**वेदर**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 34.8 °c | 25.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.38 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.05 बजे |



## सीपी राधाकृष्णन ने गोड्डा के सुंदर पहाड़ी प्रखंड में किया लोक संवाद

# स्वयं सहायता समूह से महिलाओं का सशक्तिकरण हो रहा: राज्यपाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**गोड्डा।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन शनिवार को गोड्डा जिले के सुंदर पहाड़ी प्रखंड पहुंचे तथा यहां फुटबॉल मैदान में लोक संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि उन्हें यह जान कर अत्यंत प्रसन्नता हुई कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 50 हजार से अधिक घरों का निर्माण किया जा चुका है। एक महिला ने बताया कि पक्का मकान मिल जाने से बहुत खुशी हो रही है और अब मौसम की मार नहीं झेलनी पड़ती है। इस पर राज्यपाल ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि प्रत्येक बेघर का अपना घर हो। सिर्फ घर ही नहीं, घर के साथ उन्हें पेयजल भी उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि एक सम्मानजनक जिंदगी के लिए लोगों की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति होनी



चाहिए। लोक संवाद में स्वयं सहायता समूह की दीदियों ने भी अनुभव साझा किये। राज्यपाल ने जिले में एक लाख से अधिक महिलाओं के स्वयं सहायता समूह से जुड़ने पर प्रसन्नता व्यक्त की। साथ ही कहा कि स्वयं सहायता समूह से जुड़ कर महिलाओं का सशक्तिकरण हो रहा है और उनके परिवार का जीवन स्तर भी बेहतर हो रहा है। कार्यक्रम में कस्तूरबा गांधी विद्यालय, स्कूल ऑफ एक्सीलेंस का दर्जा प्राप्त विद्यालय की छात्राओं ने बताया कि इस विद्यालय में बड़ी संख्या में गरीब परिवार के बच्चे पढ़ते हैं। वह सभी भी भविष्य में वह शिक्षक बन कर बच्चियों को शिक्षा प्रदान करने का काम करेंगी। राज्यपाल ने संवाद में मौजूद लोगों की समस्याओं के निराकरण की बात भी कही। उन्होंने जिले के विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टाल का अवलोकन किया। साथ ही उपस्थित लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण भी किया।

## सोमवार से बदल जायेगा सिविल कोर्ट में कामकाज का समय

**रांची (आजाद सिपाही)।** सोमवार से राज्य भर के जिला अदालतों में सुनवाई का समय बदल जायेगा। फिलहाल झारखंड की निचली अदालतों में मॉर्निंग कोर्ट में सुनवाई हो रही है, लेकिन यह व्यवस्था सोमवार से बदल जायेगी। रांची सिविल कोर्ट समेत झारखंड के सभी जिला न्यायालयों में 5 अप्रैल से मॉर्निंग कोर्ट में मुकदमों की सुनवाई हो रही थी। लेकिन अब झारखंड हाइकोर्ट ने पत्र जारी कर डे कोर्ट में सुनवाई शुरू करने की सूचना जारी कर दी है। डे कोर्ट में अदालत के कामकाज का समय सुबह 10:30 से लेकर शाम के 5 बजे तक निर्धारित किया गया है। करीब दो महीने से ज्यादा समय से मॉर्निंग कोर्ट में सुनवाई चल रही थी।

## आइसीएसएसआर के सेमिनार का उद्घाटन करेंगे डॉ एसपी सिंह

**रांची (आजाद सिपाही)।** तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली स्थित स्वायत्त सेंट जोसेफ कॉलेज के वाणिज्य पीजी और रिसर्च विभाग द्वारा सेल प्रेक्षागृह में 27 और 28 जून को 'डिजिटल इंडिया : प्रोग्रेस टुवार्ड्स इनक्लूसिव फुलफिलमेंट फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट इन द डिजिटल इकोनॉमी' विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया है। इस सेमिनार को इंडियन काउंसिल ऑफ सोशल साइंस रिसर्च (आइसीएसएसआर) ने प्रायोजित किया है। इस सेमिनार का उद्घाटन हिमालयन विश्वविद्यालय, अरुणाचल प्रदेश और वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा के पूर्व कुलपति डॉ सुरेश प्रसाद सिंह करेंगे।






## राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

- **मेष** — रोजी-रोजगार में लाभकारी वातावरण रहेगा, भागीदारों में व्याप्त मनमुटाव का निराकरण होगा।
- **वृष** — कारोबार में उन्नति होने की संभावना, नवीन कार्य की योजना सफल होगी।
- **मिथुन** — कहीं से शुभ फल प्राप्त होगा, आर्थिक पक्ष सुदृढ़ बनेगा, मित्रों से सहायता मिलेगी।
- **कर्क** — शत्रु प्रबल होकर हावी होंगे, खर्च पर नियंत्रण रखें अन्यथा कर्ज लेने की नौबत आ सकती है।
- **सिंह** — राजकीय कार्यों में सफलता मिलेगी, पद-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी, यात्रा में धन लाभ का योग बन रहा है।
- **कन्या** — प्रयास से सभी कार्य पूरे होंगे, मेहमानों का आगमन होगा व आप उनकी आवाभगत में व्यस्त रहेंगे।
- **तुला** — संपति संबंधी मामलों का निपटारा आपके पक्ष में होगा, कहीं से शुभ समाचार मिलेगा।
- **वृश्चिक** — नये-नये लोगों से संपर्क बनेगा, यश, कीर्ति व मान-सम्मान में बढ़ोत्तरी होगी।
- **धनु** — आमदनी के स्रोत बढ़ेंगे, नौकर-चाकर, वाहन व भौतिक ऐश्वर्य के साधनों में वृद्धि होगी।
- **मकर** — अकस्मात धन लाभ होने की संभावना, आशानुसार कार्यों में सफलता मिलेगी।
- **कुंभ** — सरकारी नौकरी करने वालों के पद-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी, गृह-भूमि-वाहन का सुख।
- **मीन** — लंबित कार्य निपटाने में व्यस्तता रहेगी, नौकरी में पदोन्नति के अवसर भी मिल सकते हैं।

## भाजपा प्रदेश का विशिष्ट जन सम्मान कार्यक्रम हुआ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** महा जनसंपर्क अभियान के तहत विशिष्ट जन सम्मान कार्यक्रम में शनिवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने शिव शिष्य परिवार, रांची के मुख्य सलाहकार, झारखंड तलवारबाजी संघ के अध्यक्ष अर्चित आनंद को उनके आवास पर अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

श्री प्रकाश के साथ प्रदेश मंत्री सुबोध सिंह गुड्डू भी उपस्थित रहे। श्री प्रकाश ने मोदी सरकार के 9



साल की उपलब्धियों, लोक कल्याणकारी कार्यों की चर्चा की उपलब्धियों से संबंधित पत्रक दिये साथ ही टॉल फ्री नंबर पर तीसरी बार मोदी सरकार के लिए समर्थन मांगा।

## 25 से 28 जून तक राज्य में प्रवास करेंगे महाराष्ट्र के विधान पार्षद प्रो राम शिंदे

**पलामू ,गढ़वा और रांची जिला के विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा महाराष्ट्र के विधान पार्षद प्रो राम शिंदे अपने चार दिवसीय सांगठनिक प्रवास पर 25 जून को सेवा विमान द्वारा सुबह 8.30बजे रांची आयेंगे। प्रो शिंदे 10 बजे पूर्वाह्न गढ़वा के लिए



प्रस्थान करेंगे। शाम 5 बजे वे भवनाथपुर में प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित करेंगे। 26 जून को प्रो शिंदे बाबा बंशीधर के दर्शन पूजन के बाद पलामू पहुंचेंगे। मेदनीनगर में वे रात्रि 8 बजे तक संपर्क से समर्थन, विशिष्ट जन सम्मान कार्यक्रम में शामिल होंगे। 27 जून को प्रो शिंदे रांची पहुंचेंगे और शाम को कांके विधानसभा क्षेत्र में आयोजित संपर्क से समर्थन कार्यक्रम में भाग लेंगे। 28 जून को प्रो शिंदे हटिया विधानसभा क्षेत्र एवं रांची ग्रामीण जिला अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के बाद शाम को मुंबई के लिए प्रस्थान करेंगे।


देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com


## रांची समेत चार जिलों में खुलेंगे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

**स्वास्थ्य विभाग करेगा देखभाल, एक साल में पूरा होगा निर्माण**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर झारखंड में स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त करने को लेकर विभाग पूरी तरह से जुट गया है। स्वास्थ्य विभाग अब लोगों को उनके घरों के आसपास ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने की योजना बना रहा है।

विभाग राज्य के चार जिलों में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण करेगा, ताकि लोगों को डॉक्टर से दिखाने को किसी और शहर न जाना पड़े। साथ ही सामान्य के अलावा बड़ी बीमारियों का भी इलाज एक ही छत के नीचे मिलेगा। स्वास्थ्य विभाग ने चार केंद्रों के निर्माण के लिए समय भी तय कर दिया है। इसके तहत टेंडर



के एक साल के भीतर भवन निर्माण का काम पूरा कर लिया जाना है। प्रति हेल्थ सेंटर के लिए विभाग की ओर से 10.72 करोड़ रुपये दिये गये हैं। इसके बाद वहां पर मरीजों का इलाज शुरू कर दिया जायेगा। इन सेंटरों पर इलाज के साथ दवाएं भी उपलब्ध करायी जायेंगी। मरीजों को टेस्ट की भी सुविधा मिलेगी। ये केंद्र पश्चिमी सिंहभूम के मझगांव, लातेहार के गारू, रांची के मांडर और पलामू के सतबरवा में खोले जायेंगे।




## बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** बिरसा सांस्कृतिक भवन में शनिवार को अनुमंडल पदाधिकारी संदीप कुमार मीणा की अध्यक्षता में ईद –उल– जुहा (बकरीद) पर्व को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक की गयी। इस दौरान क्रमवार सभी क्षेत्रों के थाना प्रभारियों और बीडीओ, सीओ से उनके प्रखंड के संवेदनशील क्षेत्रों की समीक्षा की। प्रखंड थाना स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई या नहीं पूछा। जिस पर सभी संबंधित पदाधिकारियों ने शांति समिति की बैठक समाज के सभी वर्गों, पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में करने की बात कहीं। अनुमंडल पदाधिकारी ने जनसंख्या की जानकारी क्रमवार ली तथा पूर्व में हुए विवाद आदि के संबंध में पूछा। साथ ही उन स्थानों पर विशेष चौकसी बरतने को कहा। वाट्स एप और सोशल मीडिया के अन्य प्लेटफार्म पर सक्रिय रहने, उनकी निगरानी का निर्देश दिया। कहा कि सोशल मीडिया से बहुत जल्दी बड़े पैमाने पर अफवाह फैल सकता है तथा समुदायों के बीच आपसी सौहार्द बिगड़ सकता है। इसलिए ऐसे लोगों को चिन्हित करें और कार्रवाई करें। मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रवीण पुष्कर, सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, सभी थाना प्रभारी और अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## आंगनबाड़ी केंद्र और स्वावलंबी गांव लक्ष्मीपुर पहुंचे एसडीओ



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** शनिवार को अनुमंडल पदाधिकारी खूंटी अनिकेत सचान द्वारा डोमचांच प्रखंड का दौरा कर विभिन्न विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों का भ्रमण किया गया। इस क्रम में उन्होंने विद्यालय में प्रोजेक्ट रेल व प्रोजेक्ट इंपैक्ट की गतिविधियां और आंगनबाड़ी केंद्र में प्रोजेक्ट किलकारी की गतिविधियों को देख काफी खुश हुए। वे सबसे पहले डुमरडीहा विद्यालय गये और वहां अंसेबली में भाग लिये। अंसेबली के दौरान प्रोजेक्ट इंपैक्ट के तहत बच्चों द्वारा किये जा रहे कार्यों को देखा और काफी सराहना की। अंसेबली में बच्चों के द्वारा सुविचार, आज का समाचार, हिंदी इंग्लिश मीनिंग व अन्य गतिविधि को देखें और उन्हें भविष्य में इसी तरह आगे करने को कहां गया। इसके साथ ही उन्होंने मध्य विद्यालय घरबरियार गये और उन्होंने बच्चों से प्रोजेक्ट रेल और प्रोजेक्ट इंपैक्ट से संबंधित गतिविधियों का अवलोकन किया। अनुमंडल पदाधिकारी श्री सचान ने डोमचांच प्रखंड अंतर्गत सिंगलोडीह और सलईडीह आंगनवाड़ी केन्द्र का भ्रमण किया। वहां बच्चों के विकास हेतु प्रदत्त सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। अनिकेत सचान डोमचांच प्रखंड अंतर्गत स्वावलंबन गांव लक्ष्मीपुर पहुंचे और वहां ग्रामीणों के साथ आम सभा की। उन्होंने कहा कि एक प्रेरणा के साथ कार्य करें ताकि लोगों के लिए प्रेरणा बन सके। ग्रामीणों को गांव को विकास को ओर ले जाने के लिए प्रेरित किये। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी खुंटी, पीएमयू सदस्य विशाल सिंह, सौरभ व अन्य मौजूद रहे।

## पीड़ित परिवार को सहयोग करने की अपील

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** तमिलनाडु वेल्लोर से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सीपीआइ जिला मंत्री प्रकाश रजक ने बताया कि अपना इलाज कराने के दौरान कोडरमा जिले के मरकच्चो प्रखंड ग्राम बिचरिया पोस्ट पडरीया थाना मरकच्चो निवासी सुरेंद्र पंडित का लड़का नीरज कुमार पंडित (17 वर्ष) से मुलाकात हुई जिसे सहायता की जरूरत है। गत 25 दिसंबर 2022 को बिचरिया सड़क पर 4 लड़कों को हाइवा ट्रक ने अपने चपेट में ले लिया था जिसके कारण अंशु यादव, शशिकांत दास की मृत्यु हो गयी थी और नरेश यादव, नीरज कुमार पंडित गंभीर रूप से घायल हो गया था। नीरज कुमार पंडित का इलाज जगन्नाथ हॉस्पिटल और रिसर्च सेंटर रांची में किया गया था जिसमें लगभग 5 लाख रुपया खर्च हो गया था। पीड़िता के परिजनों ने कर्जा कर इलाज करवाया था। बेहतर इलाज के लिए सीएमसी वेल्लोर आया हुआ है यहां भी डॉक्टर ने फिर से ऑपरेशन करने का सलाह दिया जो लगभग तीन लाख रुपया खर्च का अनुमान लगाया है। पीड़ित परिवार बहुत ही गरीब परिवार है और सुरेंद्र पंडित का दो बेटा है प्रथम बेटा भी विकलांग और अपंग है। दूसरा बेटा का भी स्थिति डॉक्टर के सलाह के अनुसार गंभीर है। गरीब परिवार का कहना है कि कर्जा कर लगभग 5 लाख खर्च कर चुका हूं अब हमारे पास इलाज कराने का पैसा जुगाड़ नहीं हो पा रहा है। पीड़ित परिवार आयुष्मान कार्ड भी लेकर आया है लेकिन आयुष्मान कार्ड को सीएमसी वेल्लोर में मान्यता नहीं दिया जा रहा है। सीपीआइ जिला मंत्री प्रकाश रजक ने सांसद, विधायक एवं अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं से पीड़ित परिवार को सहयोग करने की अपीलता की है। सुरेंद्र पंडित का कांटेक्ट नंबर 9730835884 और यह नंबर गूगल पे पर भी चलता है।

## जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता आयोजित



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** शिव वाटिका के प्रांगण में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता आयोजित किया गया। विदित हो कि यह क्विज प्रतियोगिता विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से प्रतिभाओं को तलाशने के क्रम में प्रखंड से आगे बढ़ते हुए जिला स्तर तक इसका सफर पहुंचा है। विभिन्न स्कूलों से चयनित अभ्यर्थियों के लिए यह एक सुनहरा अवसर था। कोडरमा जिला के कुल छह प्रखंडों के स्कूलों से दो दो अभ्यर्थियों ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में खुशी कुमारी और पामेली कुमारी ने प्रथम, सोनू कुमार राणा और धीरज कुमार ने द्वितीय और सागर कुमार और डॉली कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, रांची के प्रबंधक राजन पांडा ने पुरस्कार दे कर सम्मानित किया। साथ ही वित्तीय साक्षरता के सलाहकार सुधीर शर्मा ने सभी अभ्यर्थियों को वित्तीय साक्षरता की महत्ता के बारे में भी जानकारी दी। मंच संचालन करते हुए अग्रणी जिला प्रबंधक विमल कांत झा ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों से प्रतिभाओं को तलाशने का यह रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया का अभियान बहुत ही अच्छा व अनूठा कदम है। उन्होंने बताया कि यहां के विजेता अब राज्य स्तर पर आयोजित होने वाली क्विज प्रतियोगिता में शामिल होंगे।

## शिप्रा में 17 अक्टूबर से जुड़ेंगे दो थर्ड एसी इकोनॉमी कोच

**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** नई दिल्ली हावडा ग्रैंड कॉर्ड सेक्सन के धनबाद कोडरमा गया के रास्ते होकर चलने वाली एवं मध्य प्रदेश जाने वाली शिप्रा एक्सप्रेस में थर्ड एसी इकोनामी कोच की सुविधा मिलने लगेगी। रेलवे ने 22911 इंदौर–हावड़ा शिप्रा एक्सप्रेस में 17 अक्टूबर व 22912 हावड़ा–इंदौर शिप्रा एक्सप्रेस में 19 अक्टूबर से 2 थर्ड एसी इकोनामी कोच जोड़ने की घोषणा की है। इससे थर्ड एसी के यात्रियों को 100 रुपये कम चुकाकर एसी की यात्रा का मौका मिलेगा। कोडरमा होकर हावड़ा से आगरा कैंट जाने वाली साप्ताहिक ट्रेन में 20 जुलाई से थर्ड एसी इकोनामी कोच जुड़ेगा। 20976 आगरा कैंट–हावड़ा चंबल एक्सप्रेस में 20 जुलाई और 20975 हावड़ा–आगरा कैंट एक्सप्रेस में 25 जुलाई से यह सुविधा शुरू हो जायेगी। दोनों ओर से इकोनामी कोच में टिकटों की बुकिंग भी शुरू हो गई है। वैष्णोदेवी से मैहर के लिए टिकटों की बुकिंग जोरो पर दुगार्पूजा में घुमने जाना है तो इसके लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस वर्ष 15 अक्टूबर से नवरात्रि शुरू होगी। ऐसे में जम्मू जाने वाली ट्रेन में अभी से ही टिकटों की बुकिंग ने रफ्तार पकड़ ली है। कोडरमा होकर चलने वाली कोलकता जम्मूतवी एक्सप्रेस में स्लीपर से लेकर एसी तक की टिकटें की बुकिंग तेजी पर है और वैष्णो देवी का दर्शन करना है तो शीघ्र ही टिकट की बुकिंग करानी होगी। यही हाल विंध्याचल, मैहर समेत दूसरे तीर्थ स्थलों तक जाने वाली ट्रेनों का भी है। 15 अक्टूबर से पहले की सीटें तेजी से भर रही हैं। कंफर्म सीट के साथ चैन से यात्रा के लिए अभी ही बुकिंग कराना बेहतर होगा।

# इचाक में दो ड्रग पैडलर गिरफ्तार, ब्राउन शुगर, अफीम और कोरेक्स बरामद



आजाद सिपाही संवाददाता

**इचाक।** थाना क्षेत्र में नशा पदार्थों का कारोबार करने वाले कारोबारियों की अब खैर नहीं। प्रशिक्षु आइपीएस कुमार शिवाशीष के नेतृत्व में इचाक थाना पुलिस ने तिलरा से दो ड्रग पैडलर को धर दबोचा है। दोनो के पास से। इचाक पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी की दो ड्रग पैडलर तिलरा गांव के पास है और बड़े पैमाने पर नशा पदार्थ की बिक्री करने वाले हैं। पुलिस ने त्वरित करवाई करते हुए दोनो ड्रग पैडलर को धर दबोचा। विधिवत तलाशी लेने पर दोनो के पास से 19 ग्राम ब्राउन शुगर, 190 ग्राम अफीम, 23 बोतल कोरेक्स, 3 मोबाइल और दो बाइक को बरामद किया। प्रशिक्षु आईपीएस सह थाना प्रभारी कुमार शिवाशीष ने बताया की यह इचाक पुलिस की बड़ी सफलता है। दोनो कारोबारी ना सिर्फ इचाक बल्कि हजारीबाग के भी बड़े नशा कारोबारी है। प्रशिक्षु आईपीएस ने युवाओं को संदेश देते हुए कहा की ड्रग्स और नशीली पदार्थ से युवा दूर रहें। ये जिंदगी बर्बाद करने के साथ परिवार को भी तोड़ती है साथ ही क्राइम को बढ़ाती है। कहा की नशा कारोबारियों के खिलाफ पुलिस तो अपना काम करती है और करेगी, मगर अगर युवा वर्ग ठान ले की ऐसे नशा कारोबारियों से बात नही करनी या उनसे किसी प्रकार का लेन देन नही करना है तो पुलिस का काम और भी आसान हो जायेगा। पुलिस चाहती है की समाज को बिगाड़ने वाले जेल में ही रहे ताकि ये लोग सभ्य समाज के निर्माण में बाधा न बने। साथ ही कहा की जब तक मैं यहां हूं नशा के कारोबार को चलने नही दूंगा।

**गिरफ्तारी:** प्रदीप यादव पे-दोदी यादव, ग्राम रोहमर थाना गिद्धौर जिला-चतरा और सुमन कुमार पे-अशोक मेहता सा- सिझुआ, थाना ईचाक जिला-हजारीबाग, जप्ती - ब्राउन शुगर - 19 ग्राम, अफीम - 190 ग्राम, कफ सिरफ -23 पीस, तौलन यंत्र -1 पीस, 3 एन्ड्राइड मोबाईल, 2 बाईक।

# पांच लाख से अधिक के ब्लू स्टोन लदा ट्रैक्टर जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** गुप्त सूचना के आधार पर कोडरमा थाना पुलिस ने लराबाद के समीप कीमती ब्लू स्टोन लदा ट्रैक्टर जब्त किया, वहीं इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार एसपी कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि ट्रैक्टर में अवैध स्टोन लोड कर ले जाया जा रहा है। कोडरमा थाना प्रभारी द्वारिका राम के नेतृत्व में लाराबाद के समीप उक्त वाहन को रोक कर तलाशी ली गयी, तो उक्त वाहन में कीमती पत्थर ब्लू स्टोन लदा था। जिसके बाद उक्त वाहन को कोडरमा थाना लाया गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उक्त वाहन में कीमती पत्थर 50 से 60 बोरा, वजन लगभग 100 टन ब्लू स्टोन पत्थर लोड है, जिसकी कीमत 5 लाख रुपए से अधिक है। बहरहाल कोडरमा पुलिस के द्वारा उक्त वाहन को जप्त कर चालक विरेंद्र यादव, बसघारवा निवासी को गिरफ्तार किया गया। ज्ञात हो कि कोडरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत इंदरवा के समीप जंगल क्षेत्र में ब्लू स्टोन कीमती पत्थर के दर्जनों अवैध माइंस संचालित है। जहां के पत्थर जयपुर (राजस्थान) भेजे जाते हैं। वहीं कोडरमा पुलिस के द्वारा जप्त ब्लू स्टोन मामले में मामला दर्ज कर गिरफ्तार व्यक्ति को जेल भेजने की कार्यवाही की जा रही है।

# मेरू कैंप में ड्रग एब्यूज विषय पर व्याख्यान का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** बीएसएफ मेरू कैंप में इंद्रजीत सिंह राणा महानिरीक्षक, प्रशिक्षण केंद्र और विद्यालय के तत्वावधान में निर्धारित श्रृखंलाबद्ध कड़ी के तहत नशीली दवाओं के दुरूपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ विश्व ड्रग दिवस के प्रायोजित कार्यक्रम के तहत संस्थान के द्वारा जगह-जगह पर पोस्टर और बैनर लगाकर लोगों को नशीले पदार्थो और नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी जा रही है। इसी कड़ी के तहत शनिवार को नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो रांची के द्वारा प्रशिक्षण केंद्र और विद्यालय, मेरू कैंप हजारीबाग में पदस्थापित कार्मिकों के लिए नशीली दवाओं के दुरूपयोग, इससे होने वाले दुष्प्रभाव और नशीली दवाओं की तस्करी की रोकथाम के लिए परिसर स्थित न्यू टेक बिल्डिंग में व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान के दौरान बताया गया कि नशीली दवाओं के उपयोग से मानव शरीर पर होने वाले प्रतिकूल प्रभाव और ड्रग्स से कई तरह की बीमारियां हो जाती है, जिससे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ता है। नशीली दवाओं के ओवरडोज से यह ब्रेनस्टेम, लिम्बिक सिस्टम और सेरेब्रल कॉर्टेक्स सिस्टम को प्रभावित करता है। इसलिए सभी को नशीली दवाओं के प्रयोग से बचना चाहिए। इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्मिकों को नशा से दूर रहने की शपथ दिलायी गयी।

# अडाणी फाउंडेशन के रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को मिला सम्मान

**अडाणी समूह के चेयरमैन गौतम अडाणी के 61 वें जन्मदिन पर कर्मियों ने उत्साहपूर्वक लिया हिस्सा**

**शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज के चिकित्साकर्मियों की देखरेख में 36 अधिकारियों ने किया रक्तदान**




आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव/हजारीबाग।** अडाणी समूह के चेयरमैन गौतम अडाणी के 61वें जन्मदिन के अवसर पर शनिवार को मटवारी स्थित शिवांस क्लीनिक में कंपनी द्वारा आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में अधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्साह से भाग लिया और 36 लोगों ने रक्तदान किया।

इस रक्तदान शिविर के दौरान रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने का भी अभियान चलाया गया। शिविर का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना था। इस मौके पर रक्तदान को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर किया गया। इस अवसर पर सदर अस्पताल से जुड़े चिकित्सा कर्मियों ने बताया कि कई लोग रक्तदान करने से कतराते हैं, जबकि इससे कोई हानि नहीं होती बल्कि कई प्रकार के लाभ होते हैं। एक स्वस्थ व्यक्ति को हमेशा रक्तदान करते रहना चाहिए। रक्त के अभाव में जीवन और मृत्यु के बीच संघर्ष कर रहे मरीज को समय रहते रक्त मिल जाने से उसकी जान बच जाती है। इससे बड़ा जीवन में पुण्य का कोई दूसरा कार्य नहीं हो सकता। इसके साथ ही रक्तदान करने से ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल भी नियंत्रित रहता है।

रक्तदान के बाद सभी रक्त दाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। रक्तदान शिविर को सफल बनाने में शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक प्रभारी डॉक्टर नीरज कुमार, टेक्नीशियन आर खैरी और वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन आदि का विशेष सहयोग रहा।

इस अवसर पर गोंदलपुरा खनन परियोजना के प्रमुख धर्मेंद्र दूबे, जीएम आलोक कुमार, डीजीएम संजय कुमार, कुमार विवेक, वरीय प्रबंधन भीखम सिंह, आशीष कुमार, राहुल राज समेत बड़ी संख्या में अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

# झरपो के बबलू और नीरज को मिला नियुक्ति पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता





**टाटीझरिया।** प्रखंड अंतर्गत झरपो गांव के दो युवक बबलू कुमार पिता उमेश प्रसाद और इसी गांव के नीरज कुमार पिता स्वर्गीय छेदी महतो का मेहनत रंग लायी। एक कहावत कई गई है की मंजिले उन्हीं को मिलती है जिनके सपनों में जान होती है पंख से कुछ नहीं होता हौसले से उड़ान होती है। इस कहावत को सच कल दिखाया है, झरपो के बबलू कुमार और नीरज कुमार ने बताते चलें की बबलू कुमार का चयन पंचायत सचिव के पद पर जबकी नीरज कुमार का चयन खाद्य आपूर्ति विभाग में हुआ है। दोनो को सरकारी नौकरी मिलने पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त हैं। झरपो मुखिया शिबू प्रसाद सोनी ने घर पहुंचकर दोनों को बधाई और उज्जवल भविष्य की कामना की दोनों युवकों ने इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता व झरपो मुखिया शिबु प्रसाद सोनी के पूत्र वर्तमान थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी को दिया उन्होने कहा की अमित कुमार सोनी के प्रेरणा और सहयोग के आश्वासन के बाद हमने पुनः पढ़ाई में जी जान जुटा पाया। बबलू कुमार की मां का देहांत कुछ महीने पहले हो चुकी है, और वह मुंबई में रोजी रोटी के लिए चला गया था घर की स्थिति भी ठीक नहीं थी झरपो निवासी अमित कुमार सोनी पिता शिबू प्रसाद सोनी का बेटा जो सतबरवा में थाना प्रभारी पद पर पदस्थापित है उन्होंने मुंबई छोड़ कर पुनः पढ़ाई में तैयारी करने को कहा बताया कि जहां तक होगा मदद करेंगे और बात मानकर संघर्ष किया और पहले ही प्रयास में सफलता पायी। बबलू को रहने के लिए एक अच्छा घर भी नहीं है, झोपड़ी नुमा एक कच्चे मकान में गुजर बसर करता है। नीरज कुमार के पिता का भी देहांत हो चुका है, नीरज कुमार ने अल्प संसाधन में अपने संघर्ष के बदौलत सफलता पायी। दोनो ने ठान लिया की गरीबी को मात देना है। बबलू और नीरज ने गरीबी को काफी नजदीक से देखा है, तमाम झंझावातों को झेलते हुए दोनो ने कामयाबी का परचम लहराया। बताया की पूरी इमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करूंगा और गरीबों की सेवा करूंगा।

## झारखंड महिला उत्थान ने मनाया स्थापना दिवस



**चरही (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चुरचू पंचायत के लारा गांव के कुसूमडीह टोला में शनिवार को झारखंड महिला उत्थान के संयुक्त तत्वावधान में इक्कीस वां स्थापना दिवस पहलीबार मनाने का काम किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन द्वीप प्रज्वलित कर मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए संस्था सचिव नीलम बेसरा ने कहा की आज झारखंड महिला उत्थान इस पायदान पर है इसका श्रेय प्रखंड के आमजन, यहां के लोगों को जाता है। यहां की महिला व पुरुषों का काफी सहयोग रहा है। इस अवसर पर मुख्य रूप से समाजसेवी चंद्रदेव कुमार शर्मा, रैयत विस्थापित – प्रभावित संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष राम किशोर मुर्मू, सचिव मन्नू टुडू, समाजसेवी प्राण फिलिप बेसरा, स्थानीय पत्रकार सह समाज सेवी विजय दास, चरही पंचायत पूर्व उप मुखिया सुनीता देवी, पास्टर संजीत कुमार, संजय रविदास, प्रकाश बेसरा, भगिया देवी, बिन्देश्वरी महतो, सरफराज आलम, मांझी हड़ाम शिबराम बेसरा, जुगल बेसरा, संतोष राम, चिंता तिग्गा, फूलकुमारी तिग्गा, उषा देवी, कविता कुमारी, मालती कुमारी, मीणा देवी, शुषमा मुर्मू, नमिशा मरांडी सहित कई महिला– पुरुष व बच्चे आदि शामिल थे।

## संत रॉबर्ट विद्यालय में स्कूल रुआर कार्यशाला की बैठक



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** सदर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के द्वारा शुक्रवार को संत रोबट बालिका मध्य विद्यालय में स्कूल रुआर कार्यशाला बैठक हुई मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड विकास पदाधिकारी गुंजन कुमारी सिन्हा और 20 सूत्री अध्यक्ष राजीव कुमार मेहता के द्वारा दीप प्रज्वलित कर बैठक की शुभ आरंभ किया गया। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी नागेश्वर सिंह ने बताया कि सभी बच्चों को विद्यालय से जोड़ने का कार्यक्रम है, जिसमें 6 से 18 आयु वर्ग के सभी बच्चों को शिक्षा से जोड़ा जाना है मौके पर उपस्थित विधायक प्रतिनिधि विजय कुमार, सदर पूर्वी जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि महेंद्र राम बिहारी, सीडीपीओ शैलबाला, मोरंगी पंचायत के मुखिया दयामणि टोप्पो, नयाखाप पंचायत के मुखिया पुष्पा देवी, आमनारी पंचायत के मुखिया कृष्णा प्रसाद, मांडई खुर्द पंचायत के मुखिया उषा देवी, गुरहेत पंचायत के मुखिया महेश तिग्गा, बेहरी पंचायत के मुखिया पवन यादव एवं सिंदूर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि कृष्णा प्रसाद (पंडित जी) हरहद पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि विनोद कुमार और पंचायत समिति सदस्य और प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रश्मि सिंह, सभी सरकारी और अल्पसंख्यक विद्यालयों के प्रधानाध्यापक और प्रखंड के सी आर पी और सभी बी आर पी रिसोर्स मंच संचालन सीआरपी अजय नारायण दास के द्वारा किया गया शिक्षक दर्जनों की संख्या में उपस्थित थे।

## प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन



**पदमा (आजाद सिपाही)।** शनिवार को पदमा प्रखंड सरैया बस स्टैंड स्थित बेबी पॉलीक्लिनिक फर्स्ट फ्लोर में बुद्धा फाउंडेशन ट्रस्ट के द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन शनिवार को किया गया। यहां बतौर मुख्य अतिथि बरही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नाजिर अख्तर और विशिष्ट अतिथि पदमा अंचलाधिकारी मोजाहिद अंसारी उपस्थित रहे। संत कोलंबस कॉलेज के प्रोफेसर डॉक्टर जयप्रकाश रविदास छात्र–छात्राओं की हौसला अफजाई करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। बुद्धा फाउंडेशन ट्रस्ट ने प्रखंड के 9 उच्च विद्यालय और दो टेन प्लस टू के 100 प्रतिभाशाली छात्र–छात्राओं को मेडल और भारतीय संविधान की पुस्तक देकर सम्मानित किया। यह सम्मान मैट्रिक परीक्षा में प्रत्येक उच्च विद्यालय के टॉप टेन छात्र–छात्राओं को दिया गया। मौके पर बुद्धा फाउंडेशन ट्रस्ट के संस्थापक और मंच का संचालन कर रहे राजकुमार दास ने छात्र–छात्राओं को बाबा साहब से प्रेरणा लेने की बात पर जोर दिया। ट्रस्ट के सचिव एडवोकेट उमेश कुमार और कोषाध्यक्ष मिथिलेश कुमार दास ने कहा कि आगामी स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर प्रखंड के प्रत्येक विद्यालय में पौधा वितरण किया जायेगा। ट्रस्ट के राष्ट्रीय सलाहकार कैलाश शर्मा ने बताया कि गरीब छात्र छात्राओं को जरूरत पड़ने पर ट्रस्ट की ओर से हर संभव सहायता की जायेगी। ट्रस्ट के प्रदेश अध्यक्ष अनिल साहू, जिला सचिव राजेश कुमार मेहता, सेवानिवृत्त शिक्षक जय किशोर मेहता और इंद्रदेव रविदास, शिक्षक संतोष कुमार मेहता और अशोक कुमार दास, सुनील कुमार राणा, शंभू रविदास सहित कई अन्य वक्ताओं ने इस अवसर पर छात्र–छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## प्रधानमंत्री आदर्श गांव बना जलौंध



**इचाक (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पुराना इचाक पंचायत के जलौंध गांव को प्रधानमंत्री आदर्श गांव घोषित किया गया। प्रधानमंत्री आदर्श गांव घोषित करने हजारीबाग जिला के आदर्श पंचायत प्रोजेक्ट सचिव अमित कुमार सिंह पहुंचे। मुखिया किरण देवी की अध्यक्षता में जलौंध गांव में एक बैठक कर गांव को आदर्श गांव घोषित किया गया। संचालन पंचायत सचिव सत्यनारायण उरांव ने किया। डीपीएम अमित कुमार सिंह ने बैठक में शामिल लोगों से आदर्श पंचायत की भूमिका को बारी बारी से बताया। कहा कि आदर्श गांव सेंट्रल के द्वारा चुना जाता है जिसमें एसटीएससी की संख्या 70 प्रतिशत से अधिक होती है और वहां पर मूलभूत सुविधाएं की कमी रहती है। ऐसे गांव को सरकार गोद लेती है और उसे आदर्श गांव बनाती है। जहां पर हर आम आदमी को मूलभूत सुविधा दिया जाता है। जैसे कि सरकार के हर एक योजना को धरातल पर उतारना, लोगों को पानी की सुविधा देना, गरीबों को आवास देना, बुजुर्ग, विकलांग और विधवा को पेंशन से जोड़ना, स्वास्थ्य समस्या को दूर करना, रोड नली गली की समस्या को दूर करना आदि अनेकों समस्या को दूर करना है। मुखिया किरण देवी ने आदर्श गांव घोषित करने पर सबों को बधायी दी। रंजीत कुमार ने कहा की इस गांव की समस्या को समाधान हेतु सबों को मिल कर काम करने की जरूरत है। एक कमेटी का भी गठन किया गया जिसमें मुखिया किरण देवी को अध्यक्ष और पंचायत सेवक सत्यनारायण उरांव को सचिव बनाया गया। सदस्य के लिए 30 लोगों का नाम नामित किया गया, जिसमें पंचायत समिति सदस्य सरस्वती देवी, पंचायत के वार्ड सदस्य, स्वास्थ्य सहिया, जलसहिया, टीचर्स सामाजिक कार्यकर्ता, सक्रिय समाजसेवी, जनप्रतिनिधि आदि को इस कमेटी का मेंबर बनाया गया। मौके पर मुखिया किरण देवी, उप मुखिया रविना खातुन, मुखिया प्रतिनिधी रविशंकर कुमार उर्फ भोला, आशीष सोनी, प्रितम सिंह, दीपक मेहता समेत कई लोग उपस्थित थे।

## विभागवार विधायक प्रतिनिधि हुए मनोनीत



**पदमा (आजाद सिपाही)।** पदमा प्रखंड के विकास कार्यों को सुचारू रूप से संपन्न कराने, विभाग के पदाधिकारियों से संपर्क कर जनता की समस्याओं का समाधान करने, विधायक की अनुपस्थिति में विभागों की बैठक में भाग लेने के लिए बरही विधायक सह निवेदन समिति सभापति के निर्देश में विभागवार विधायक प्रतिनिधि मनोनित किया गया। जिसमे प्रखंड कार्यालय, अंचल कार्यालय व वन और पर्यावरण विभाग के प्रतिनिधि विजय रविदास, पेयजल, स्वच्छता व कृषि और पशुपालन विभाग के प्रतिनिधि संतोष कुमार, थाना व मनरेगा विभाग के प्रतिनिधि राजकुमार दास, खाद्य आपूर्ति विभाग के प्रतिनिधि रामचंद्र प्रसाद, स्वास्थ विभाग के प्रतिनिधि परमेश्वर प्रसाद मेहता,अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के प्रतिनिधि मो. याकूब, शिक्षा और बाल विकास विभाग के प्रतिनिधि अशोक कुमार राणा व विद्युत विभाग के प्रतिनिधि अशोक केशरी हुये मनोनित। प्रतिनिधि मनोनित होने पर प्रतिनिधियों द्वारा अपने दिये गए दायित्वों को पूरा करने और किये गए विश्वाश पर खरा उतरने की बात की।

# भुरकुंडा में पुलिस जवान की हत्या, पत्नी गिरफ्तार

## दो अन्य आरोपी भी गिरफ्त में, रामगढ़ पुलिस ने बाइक और हथियार जब्त किये



### पत्नी के कहने पर प्रेमी ने दिया घटना को अंजाम

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** भुरकुंडा ओपी क्षेत्र में झारखंड पुलिस के जवान की गोली मार कर हत्या कर दी गयी। शुक्रवार को हुई इस हत्या के मामले में पुलिस ने मृत जवान की पत्नी और दो अन्य लोगों को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। एसपी पीयूष पांडेय के अनुसार जवान की पत्नी के कहने पर उसके प्रेमी ने जवान की हत्या की है।

### क्या है मामला

भुरकुंडा ओपी क्षेत्र में 10 नंबर खदान के पास शुक्रवार को अज्ञात अपराधियों ने उरीमारी ओपी में पदस्थापित कांस्टेबल पंकज कुमार दास की गोली मार कर हत्या कर दी।

इसके बाद रामगढ़ एसपी ने पतरातू एसडीपीओ के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया। उस टीम ने मृतक की पत्नी नैना कुमारी को थाना बुलाया।

पूछताछ के दौरान महिला ने पहले तो कुछ नहीं बताया, लेकिन जल्दी ही वह सवालों के जाल में उलझ गयी। उसने बताया कि उसने अपनी प्रेमी मोनू पासवान उर्फ मनोहर कुमार के हाथों अपने पति की हत्या करायी है। उसने बताया कि उसके पिता का नाम सुरेंद्र राम है और वह बादम की रहनेवाली है। दो माह पूर्व ही उसकी शादी पंकज से हुई थी। शादी से पहले से उसका अफेयर मोनू से चल रहा था, जिसका पता चलने पर पति-पत्नी के बीच लड़ाई होती रहती थी। इससे तंग आकर नैना ने मोनू को पंकज को रास्ते से हटाने को कहा।

### मोनू और एक सहयोगी गिरफ्तार

नैना द्वारा दी गयी जानकारी के बाद पुलिस टीम ने मोनू और उसके साथी ओमप्रकाश सिन्हा को गिरफ्तार कर लिया। उनकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त हथियार भी बरामद हो गया। इसमें दो देसी पिस्तौल, एक देसी रिवॉल्वर, पांच खोखा, पांच जिंदा कारतूस शामिल हैं। उनके पास से एक पल्सर बाइक और तीन मोबाइल भी बरामद किये गये हैं। मोनू पुराना दोतल्ला सयाल निवासी बृजनंदन पासवान का पुत्र है, जबकि ओम प्रकाश सिन्हा सयाल का है और उसके पिता का नाम स्व रामचंद्र सिन्हा है।

### पुलिस टीम में ये थे शामिल

इस हत्याकांड का उद्भेदन करनेवाली टीम में पतरातू एसडीपीओ डॉ वीरेंद्र कुमार चौधरी, पतरातू पुलिस निरीक्षक सुशील कुमार, भुरकुंडा ओपी प्रभारी अमित कुमार, बासल थाना प्रभारी अमर शुक्ला, भदानीनगर ओपी प्रभारी राजदीप कुमार, सब इंस्पेक्टर मयंक प्रसाद, अक्षय कुमार सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### आक्रोशित ग्रामीणों ने भुरकुंडा ओपी का किया घेराव





भुरकुंडा(आजाद सिपाही संवाददाता)। कांस्टेबल पंकज कुमार दास की हत्या के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने शनिवार की सुबह भुरकुंडा ओपी का घेराव कर दिया। इस दौरान ग्रामीणों और मृतक के परिजनों ने आरोपियों को कड़ी सजा देने की मांग रखी। पुलिस के समझाने-बुझाने और आरोपियों की गिरफ्तारी होने की सूचना मिलने के बाद ग्रामीण शांत हुए। प्रदर्शन और घेराव का नेतृत्व झामुमो के केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया ने किया। उन्होंने पतरातू एसडीपीओ से पूरे मामले की जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। मौके पर भुरकुंडा ओपी में पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम सहित सैकड़ों लोगों की भीड़ जमी रही।

इधर घटना के बाद पुलिस मेंस एसोसिएशन हजारीबाग के अध्यक्ष अनिरुद्ध कुमार, मंत्री उपेंद्र मिश्रा, संयुक्त मंत्री राणा प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष पारसनाथ महतो और सदस्य तेज नारायण महतो आदि परिजनों से मिले और उन्हें सांत्वना दी।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में प्रांतीय मेधावी छात्र सम्मान समारोह आज

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** विद्या विकास समिति के तत्वावधान में रविवार को रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। जिसमें, पूरे झारखंड प्रांत से सीबीएसई से मान्यता प्राप्त विद्यालयों के 32 छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। समारोह में मुख्य रूप से विद्या विकास समिति झारखंड के प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी, विभाग निरीक्षक, प्रधानाचार्य, अभिभावक उपस्थित होंगे।

## राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर खोजी अभियान



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत दिनांक 15 से 28 जून तक कुष्ठ रोग खोजी अभियान चलाया जाना है। जिसके लिए जिले के 1215 टोला को चिन्हित कर 201 सुपरवाइजर एवं 1157 सहियाओं के साथ 1157 टीम बनाये गए हैं। इसी क्रम में शनिवार को जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ सविता वर्मा और उनकी टीम द्वारा चितरपुर, कोठार एवं मुर्रामकला में कुष्ठ रोगी खोजो अभियान चलाया गया। मौके पर डॉ वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज मे कुष्ठ रोग को लेकर फैले भ्रांतियों को दूर करना एवं प्रत्येक प्रखंड के माइक्रोप्लान के अनुसार साहिया के माध्यम से घर-घर खोज अभियान किया जाना है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में कुष्ठ रोग कोई अभिशाप नहीं है, बल्कि समुचित उपचार से ठीक होने वाला बीमारी है। साथ ही उन्होने सभी से अपील करते हुए कहा कि यदि किसी व्यक्ति को अपने शरीर या किसी अन्य के शरीर पर लाल रंग का दाग दिखे तो उसकी जांच आवश्य कराये। जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में इसका मुफ्त जांच, मुफ्त इलाज, मुफ्त दवाओं के साथ प्रोत्साहन राशि व अन्य सामग्रियां भी दी जाती हैं। 14 लोगों के कुष्ठ से पीड़ित होने की हुई पहचान ज्ञात हो कि इस अभियान के तहत अब तक कुल 411 संदिग्ध लोगो मे 14 लोगो के कुष्ठ से पीड़ित होने की पहचान की गयी और वे सभी इलाजरत्त है। मौके पर काय चिकित्सक डॉ सावन कुमार, साहिया, सुपरवाइजर सहित अन्य उपस्थित थे।

## महिला की मौत पर परिजनों ने किया हंगामा

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू ब्लॉक मोड़ स्थित एक निजी डेंटल अस्पताल में पतरातू प्रखंड के टेरपा गांव निवासी प्रमुख सिंह की पत्नी शर्मिला देवी अपने दांत के इलाज के लिए आयी थी। मिली जानकारी के अनुसार इलाज के दौरान डॉक्टर के द्वारा दांत को सुन्न करने के लिए इंजेक्शन दिया। इसके बाद महिला की तबीयत बिगड़ने लगी। साथ आये परिजनों ने उसी तत्काल सीएचसी पतरातू ले जाया गया। वह डॉक्टर ने जांच के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद मृत महिला के परिजनों और ग्रामीणों ने सीएससी के बाहर जमकर नारेबाजी की और डेंटल क्लीनिक के डॉक्टर को ढूंढने लगे। सूचना मिलते ही पुलिस द्वारा डेंटल क्लीनिक के डॉक्टर को पुलिस अभिरक्षा में तत्काल थाने ले जाया गया। इससे ग्रामीण और उग्र हो गए। बाद में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा बहुत समझाने बुझाने पर मामले को शांत करने के लिए पंचायत प्रतिनिधियों के साथ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की पतरातू थाने में बैठक हुई। बैठक में पतरातू सीओ शिव शंकर पांडे, बीडीओ हरी नाथ महतो, पतरातू थाना प्रभारी रघुनाथ सिंह सहित पंचायत प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में मामले को शांत करने के लिए मृतक के परिवार को डेंटल क्लीनिक के द्वारा 5 लाखों रुपए बतौर मुआवजा देने की बात कही गयी। इसके बाद मामला शांत हुआ। इसके बाद शव को परिजनों ने अंतिम संस्कार के लिए सीएचसी से अपने आवास ले गए।

## संपूरक परीक्षा के लिए फॉर्म जमा करने का निर्देश

**कुजू (आजाद सिपाही)।** झारखंड अधिविध परिषद रांची द्वारा इंटरमीडिएट कला, विज्ञान और वाणिज्य संकाय में अनुत्तीर्ण होने वाले छात्रों के संपूरक परीक्षा के लिए परीक्षा प्रपत्र जमा करने का निर्देश जारी किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए छोटानागपुर महाविद्यालय रामानगर मरार के प्रभारी प्राचार्य डॉ शशिकांत बाजपेइ ने बताया कि आगामी 27 जून से लेकर 5 जुलाई तक विलंब शुल्क रहित तीनों संकाय में अनुत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों का परीक्षा प्रपत्र कार्यालय में जमा किया जायेगा। उन्होंने अनुत्तीर्ण वाले विद्यार्थियों से इस संबंध में और अधिक जानकारी के लिए कार्यालय से संपर्क करने की बात कही।

## पांच दिवसीय हनुमान प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता



**कुजू।** कुंदरिया बांध कुजू स्थित नवनिर्मित हनुमान मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा सह पांच दिवसीय महायज्ञ को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। यज्ञाचार्य विकास कुमार पांडेय की अगुवाई में सहयोगी शत्रुघ्न तिवारी, प्रवीण पांडेय, प्रकाश पांडेय, अंजय पांडेय, गौतम पांडेय, नवीन पाण्डेय प्रकाश पांडेय, गौतम पाण्डेय, अमित तिवारी ने यजमान बने महेंद्र प्रसाद मेहता, चिंतामणि महतो, लखन प्रसाद, मनोज साव, बबलू गुप्ता सपत्नीक को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजार्चना कराया गया। तत्पश्चात भव्य कलश यात्रा मे शामिल पांच सौ एक कलशयात्री सर पर कलश रखकर टूटी झरना मंदिर प्रांगण से गाजे बाजे के साथ विभिन्न देवी-देवताओं के जयघोष बीच मंदिर प्रांगण पहुंचे। वही, यज्ञ मंडप के समीप सभी कलशों को स्थापित किया गया। साथ ही, मंडप पूजन व प्रवेश कराया गया। तत्पश्चात भंडारा का आयोजन किया गया। इससे पूर्व, कलश यात्रा में शामिल आजसू पार्टी के मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो, जिला परिषद सदस्य दयामन्ति देवी, जदयू जिलाध्यक्ष ज्योतिन्द्र प्रसाद साहू, कांग्रेसी नेता धर्मराज राम समेत कई आगत अतिथियों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुखिया सह संरक्षक जयकुमार ओझा, कामेश्वर साव अध्यक्ष विनोद कुमार मेहता, सचिव आशीष मुखर्जी, कोषाध्यक्ष पप्पू गुप्ता, शिवा प्रसाद मेहता, संतोष मेहता, अरविंद साहू, राकेश कुमार उर्फ रॉक, अशोक कुमार, तेजनाथ महतो, गोपाल ठाकुर, संजय सिंह, सुनील साहू, विकास प्रसाद, सुभाष प्रसाद, अजीत अग्रवाल, रवि साहू, नितेश गुप्ता, मनोज केसरी, अमित केसरी, संदीपा केशरी, बिहारीलाल, दीपक सिंह, छवि भुइयां, कामेश्वर पांडेय, राजेश पांडेय समेत काफी संख्या में धर्म प्रेमी शामिल रहे।

## चेंबर ऑफ कॉमर्स की 30वीं वार्षिक आमसभा की तैयारी पूरी

आजाद सिपाही संवाददाता




**रामगढ़।** चेंबर अध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल ने शनिवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की 30 वीं वार्षिक आमसभा की तैयारी पूरी हो चुकी है। सभी सदस्यों को और व्यापारियों को चेंबर के दोनों सत्र व्यवसायिक व उद्घाटन सत्र की विस्तृत जानकारी प्रेषित की जा चुकी है। व्यवसाय सत्र 2021-23 के अध्यक्ष पंकज प्रसाद तिवारी द्वारा अपने कार्यकाल के जानकारी सदन को दी जायेगी और ऑडिट रिपोर्ट को कराया जायेगा। साथ ही संविधान के आये संशोधनों पर चर्चा होगी। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद और अति विशिष्ट अतिथि के रुप में फेडरेशन के अध्यक्ष किशोर और रमेश कुमार अजमेरिया प्लांट हेड जिंदल पावर प्लांट पतरातू होंगे। उद्घाटन सत्र में चेंबर द्वारा विधायक और अति विशिष्ट अतिथियों के समक्ष व्यापारियों की समस्याओं के विषय में ज्ञापन दिया जायेगा और विशेषकर भुरकुंडा पतरातू क्षेत्र के व्यापारियों की समस्याओं को उनके समक्ष रखते हुए जो समाधान का प्रयास किया जायेगा। चेंबर अध्यक्ष ने यह भी बताया कि उद्घाटन सत्र में चेंबर के सभी पूर्व अध्यक्षों को प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया जायेगा। इस अवसर पर चेंबर के उपाध्यक्ष मनजीत साहनी, मानद सचिव मनोज चतुर्वेदी, कोषाध्यक्ष इंद्रपाल सिंह सैनी, पूर्व अध्यक्ष आनंद अग्रवाल, सदस्य गोपाल साहू उपस्थित थे।

## जिले में सैकडों चापानल खराब, मरम्मत के प्रति विभाग लापरवाह

आजाद सिपाही संवाददाता

**हंटरगंज/चतरा।** प्रखंड का एकलौता कौलेश्वरी स्टेडियम में पेयजल की घोर किल्लत है। स्टेडियम में महीनों से चापानल खराब है। जिसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। एक दिन पहले अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के मौके पर एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला खेल पदाधिकारी और जिला परिषद अध्यक्ष मौजूद थे। इनके सामने ही प्रतियोगिता में शामिल होने वाले खिलाड़ी पीने का पानी के लिए परेशान थे। इसकी षिकायत छात्र-छात्राओं ने जिप अध्यक्ष और जिला खेल पदाधिकारी से भी की। इसके बावजूद चापानल की मरम्मत नहीं होना जिले के लिए शर्मनाक घटना है। छात्र-छात्राओं का अब यही कहना है कि अब केवल उपायुक्त पर ही भरोसा बचा है। उन्होंने उपायुक्त से स्टेडियम में अवस्थित चापानल की मरम्मति कराने तथा दोशी पीएचइडी पदाधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ज्ञात हो कि जिले में सैकडों चापानल खराब है, लेकिन पीएचइडी विभाग द्वारा इस भीषण गर्मी में भी अबतक चापानल की मरम्मति नहीं कराया गया है। मरम्मति के नाम पर कई चापानल के पाट्र्स पूर्जे और पाइप विभागीय कर्मचारियों द्वारा निकालकर ले जाया गया। लेकिन महीनों तक चापानल को मरम्मत नहीं किया गया। जबकि उपायुक्त द्वारा बैठक में 15 वें वित आयोग मद से जिले के खराब पड़े चापानल की मरम्मति युद्धस्तर पर कराने का स्पष्ट निर्देश पीएचइडी विभाग को दिया गया था, इसके बावजूद चापानल की मरम्मति नहीं किया जाना, विभागीय लापरवाही और वरीय पदाधिकारियों के आदेश की अवलेहना कहा जा सकता है।

### जिला पदाधिकारी ने सुनी आमजनों की समस्या



चतरा। समाहरणालय के सभा कक्ष में उपायुक्त के निर्देश पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी सलमान जफर खिजरी द्वारा जनता दरबार के माध्यम से जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये हुए आमजनों की समस्यायें सुनी गयी। इस मौके पर लोगों ने प्रधानमंत्री आवास योजना, भूमि संबंधित मामलें, राशन कार्ड से संबंधित समस्यायें, पेजयल संबंधित मामले समेत अन्य मामलों में होने वाले समस्याओं से अवगत कराया। ज्ञात हो कि प्रत्येक सप्ताह प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को अपराहन साढे ग्यारह बजे से एक बजे दोपहर तक जनता दरबार के माध्यम से उपायुक्त द्वारा आमजनों की समस्या सुनी जाती है और उसका निराकरण किया जाता है। उपायुक्त के अनुपस्थिति में उनके निर्देश पर जिले के अन्य पदाधिकारी द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्या सुनी जाती है।

## विद्या मंदिर में पर्यावरण की सुरक्षा पर चित्रांकन प्रतियोगिता



**कुजू (आजाद सिपाही)।** बाल विद्या मंदिर, आरा में पर्यावरण की सुरक्षा के विषय पर चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में वर्ग चौथा से लेकर वर्ग दशम तक के दो सौ विद्यार्थी शामिल रहे। मौजूद प्रतिभागियों ने पर्यावरण की महता को अपनी प्रतिभा के माध्यम से दशार्ते हुए रंगों का अभूतपूर्व प्रयोग किया। मौके पर प्राचार्य रंजीत कुमार सिंह ने बच्चों को पर्यावरण से जुड़ने के लिए विशेष संदेश देते हुए कहा कि पर्यावरण बचेगा तो हम बचेंगे। प्रकृति के लिए एक कदम आगे बढ़कर ज्यादा से ज्यादा पौधों को लगाने की अपील की। वही, वरिष्ठ शिक्षिका गुरमीत धीमान ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि पर्यावरण की रक्षा ही हमारी सुरक्षा है। इसलिए धरती की एक ही पुकार मिलजुलकर करो पर्यावरण को साकार। मौके पर प्रतिभागियों द्वारा अपनी प्रतिभा में एक से बढ़कर एक चित्रांकन की प्रस्तुति कर सबका मन मोह लिया। मौके पर सभी शिक्षक शिक्षिकाएं और विद्यार्थियों मौजूद रहे।

## बरकाकाना में स्वच्छता पखवाड़ा की शुरुआत




**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** कोयला मंत्रालय के निदेर्शानुसार केंद्रीय कर्मशाला बरकाकाना में स्वच्छता पखवाड़ा की सुरुवात की गयी। पखवाड़ा के सुरुवात में केंद्रीय कर्मशाला बरकाकाना महाप्रबंधक रमेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत सभी को शपथ दिलाया गया। मौके पर उपस्थित महाप्रबंधक ने उपस्थित लोगों को स्वच्छता के प्रति सचेत रहते हुए अपने आसपास साफ सफाई के प्रति अन्य लोगों को जागरूक करने का संदेश दिया, बहुत जल्द स्वच्छता रथ का रवाना किया जायेगा जिससे आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाया जा सके। मौके पर वर्क्स मैनेजर, दिनेश प्रसाद, प्लांट सेल इंचार्ज जनार्दन प्रसाद, एसओपी संजीव कुमार, एसओसी संजय सिंह, एसओइ सह एसओएम जयंत विश्वास, शशि पंकज, रणविजय विश्वकर्मा सहित क्षेत्र के विभिन्न विभाध्यक्ष, अधिकारी व दर्जनों कर्मचारी उपस्थित रहे।

## भाकपा माले की बैठक में पार्टी की मजबूती पर हुई चर्चा



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भाकपा माले कुरसे गांव के पार्टी सदस्यों की बैठक शनिवार को कुरसे में हुई। बैठक में मुख्य रूप से जिला कमेटी सदस्य कॉ. देवानंद गोप उपस्थित थें। बैठक में पार्टी को और मजबूत बनाने के लिये सदस्यों को शिक्षित-प्रशिक्षित करने, पार्टी साहित्य लोक युद्ध का नियमित अध्ययन करने, सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष करने, साम्प्रदायिक ताकतों को शिकस्त देने, झारखंड में स्थानीय व खतियान के आधार पर नियोजन नीति बनाने आदि की मांग की गयी। साथ ही पहलवान बेटी व बहनों के साथ अभद्र व्यवहार करने वाले भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह को गिरफ्तार करने की मांग मोदी सरकार से की गयी। मौके पर पतरातू प्रखंड सचिव नरेश बड़ाईक, सुलेन्दर मुण्डा, लक्ष्मण मुण्डा, मनोहर मुण्डा, चौकीदार मुण्डा, दिनेश मुण्डा, गौतम मुण्डा, मटु मुण्डा, फुलवा मुण्डा, बासुदेव, विक्रम, कार्तिक, बिशुन, सुरेश, मनुवां, अजय, नरेश, बहादुर, विजय मुण्डा सहित दर्जनों लोग मौजूद थें। बैठक के अंत में सर्वसम्मति से बिहारी मुण्डा को ब्रांच सचिव चुना गया।

## श्री श्री राधा कृष्ण मंदिर में कलश यात्रा



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** नगर परिषद के क्षेत्र के छत्तरमांडू में श्री श्री राधा कृष्णा मंदिर जीणोंद्धार मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा सह पांच दिवसीय महायज्ञ को लेकर शनिवार को कलश यात्रा निकाली गयी। जिसके मुख्य अतिथि विधायक सुनीता चौधरी, विशिष्ट अतिथि नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज महतो थे। मौके पर विधायक सुनीता चौधरी ने क्षेत्रवासियों के सफल सुखद और स्वास्थ्य जीवन सुख समृद्धि की कामना की। इस तरह के आयोजन से भक्तिमय का वातावरण बनता है। मौके पर धनेश्वर महतो, किशुन राम मुंडा कमिटी के अध्यक्ष भवानी महतो, सचिव सच्चीनंद महतो, उपाध्यक्ष ईश्वर प्रसाद, कोषाध्यक्ष प्रदीप कुशवाहा, संरक्षक रामनरेश महतो, सुनील कुमार, सुभाष महतो, शंकर प्रसाद महतो, नरेश साहू, बासुदेव महतो, दिनेश कुमार, संजय कुमार, कृष्णा प्रसाद, दिनेश कुमार, पवन कुमार, संतोष कुमार, कजरू महतो, विवेक प्रसाद कुशवाहा दीपक कुमार रुपेश कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## पल्स पोलियो अभियान को लेकर विद्यार्थियों को किया जागरूक

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** जिला अंतर्गत 5 साल तक के शत प्रतिशत बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने को लेकर डीसी माधवी मिश्रा द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में जिला शिक्षा अधीक्षक संजीत कुमार के निर्देश पर शनिवार को विभिन्न सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों द्वारा बच्चों को पल्स पोलियो अभियान के प्रति जागरूक किया गया। मौके पर सभी को 2 से 4 जुलाई तक चलने वाले पल्स पोलियो अभियान के संबंध में जानकारी देने के क्रम में बच्चों से अपने अभिभावकों और आसपास के अन्य लोगों को पल्स पोलियो अभियान के प्रति जानकारी देने की अपील की गयी। गौरतलब हो कि पल्स पोलियो अभियान 2 से 4 जुलाई तक चलेगा। इस दौरान 2 जुलाई को अभिभावक बूथ पर जाकर अपने बच्चों को पोलियो की खुराक पिला सकते हैं। वही, 3 एवं 4 जुलाई को सहिया एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का कार्य किया जायेगा।

# पीएम के यूएस दौरे में दिखी भारत की चमक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अमेरिका दौरा जिस भव्य और आत्मीय स्वागत-सत्कार के बीच संपन्न हुआ, वह कोई सामान्य बात नहीं है। इस राजकीय यात्रा की कामयाबी के पीछे वे अहम समझौते तो हैं ही, जो रक्षा और अन्य क्षेत्रों में आपसी सहयोग बढ़ाते हुए दोनों देशों को और करीब लाने वाले हैं, प्यार और सम्मान का वह माहौल भी है, जिसने इसे संभव बनाया और जो इस यात्रा के दौरान पीएम मोदी के हर कार्यक्रम में हर मौके पर दिखा, चाहे वह राष्ट्रपति जो बाइडन और फर्स्ट लेडी जिल बाइडन के दिये डिनर की बात हो या अमेरिकी कांग्रेस में मोदी के भाषण की। इस सम्मान के पीछे भारत की अपनी ताकत, उसकी बढ़ती इकॉनमी तो है ही, लेकिन खास तौर पर इसका श्रेय जाता है, उन भारतवंशियों को जो वहां रहते हुए, न केवल खुद तरक्की कर रहे हैं, बल्कि अमेरिका को भी आगे बढ़ा रहे हैं और इस क्रम में वहां अपने लिए एक प्रतिष्ठापूर्ण स्थान बना चुके हैं। अमेरिका में भारतवंशी समुदाय का ऊंचा स्थान अलग-अलग तरीकों से और अलग-अलग रूपों में झलकता है। कमला हैरिस, सत्या नडेला, सुंदर पिचाई जैसे चमकते हुए नाम इसका एक आकर्षक रूप जरूर हैं, लेकिन इसके साथ यह तथ्य भी है कि ये महज अपवाद नहीं। एक समुदाय के रूप में भी भारतीय समुदाय की उपलब्धियां असाधारण और गौरवपूर्ण हैं। यह जाहिर होता है ठोस आंकड़ों से। सबसे पहले बात की जाये अमेरिका की ओर से जारी किये जाने वाले एच-1बी वीजा की। यह उन लोगों को ही जारी किया जाता है, जिनके बारे में अमेरिका मानता है कि ये बेहतरीन दिमाग वाले लोग हैं और अमेरिकी इकॉनमी को रफ्तार दे सकते हैं। 2022 का आंकड़ा है कि अमेरिका ने जितने एच-1बी वीजा जारी किये उनमें से 73 फीसदी भारत में जन्म लेने वाले लोगों को मिले। अभी जो 33 लाख भारतीय अमेरिका में रह रहे हैं, उनमें से 10 लाख इंजीनियर और साइंटिस्ट हैं। चाहे बात पढ़ाई की हो या कमाई की, दोनों मामलों में अमेरिका के इंडियंस बाकी सबसे आगे हैं। वहां 80 फीसदी भारतवंशियों के पास अंडरग्रेजुएट डिग्री है और महज 22 फीसदी ही ऐसे हैं, जिन्हें अंग्रेजी समझने में दिक्कत होती है। इस मुकाबले चीनी समुदाय की बात करें तो उनमें 57 फीसदी को अंग्रेजी समझ में नहीं आती। कमाई की जहां तक बात है, तो भारतवंशियों की औसत पारिवारिक आमदनी डेढ़ लाख डॉलर सालाना है, जो अमेरिका में फैमिली इनकम के नैशनल ऐवरेज से दोगुना है। इसके मुकाबले चीनी मूल के अमेरिकियों की औसत पारिवारिक आमदनी 95 हजार डॉलर सालाना ही है। जाहिर है, संख्याबल के साथ-साथ अपनी योग्यता और कर्मठता के दम पर भारतवंशियों ने वहां ऐसी जगह बनायी है कि कोई भी उनकी उपलब्धियों को अनदेखा नहीं कर सकता। इसका फायदा खुद उन्हें तो मिल ही रहा है, उनके मूल देश भारत को भी मिल रहा है और यह आगे भी मिलता रहने वाला है।

**2022 का आंकड़ा है कि अमेरिका ने जितने एच-1बी वीजा जारी किये उनमें से 73 फीसदी भारत में जन्म लेने वाले लोगों को मिले। अभी जो 33 लाख भारतीय अमेरिका में रह रहे हैं, उनमें से 10 लाख इंजीनियर और साइंटिस्ट हैं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 25 जून की रात, राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद से अनुरोध कर आपातकाल की घोषणा की। लोकतंत्र के चारों स्तंभ को लकवाग्रस्त कर दिया गया था। आपातकाल लागू होते ही कई विपक्षी नेताओं को हिरासत में ले लिया गया। इनमें राजनारायण, विजयराजे सिंधिया, जयप्रकाश नारायण, चौधरी चरण सिंह, मोरारजी देसाई, जीवनराम कृपलानी, अटल बिहारी वाजपेयी व लाल कृष्ण आडवाणी इत्यादि शामिल थे।**

# आपातकाल का विरोध और आरएसएस



सुखदेव वशिष्ठ





भारत वह देश है, जिसमें दुनिया का सबसे पुराना लोकतंत्र अस्तित्व में आया, चाहे द्वारिका में श्री कृष्ण द्वारा किया गया हो या वैशाली का गणतंत्र हो। भारत का लोकतंत्र विश्व में सबसे बड़ा लोकतंत्र है। इसमें सत्ता का विकेंद्रीकरण, संघवाद, हमारी संसद, न्यायपालिका इत्यादि सभी गर्व करने लायक हैं। मगर इन गौरवशाली संस्थाओं और लोकतंत्र पर इतिहास में एक कलंक भी लगा है जिसे काले कालखंड के रूप में याद किया जाता है। यही वह कालखंड है, जब नये नवेले लोकतंत्र को पारिवारिक तानाशाही की सियासत ने कलंकित किया था। यह कालाखंड आपातकाल के नाम से जाना जाता है। इस आपातकाल को काले अध्याय से नीचे की संज्ञा देना उस समय के संघर्षरत हुतात्माओं, महात्माओं के संघर्ष को विस्मृत करने के समान होगा। वैसे तो इससे पहले दो बार देश में आपातकाल लगाया जा चुका था। एक, भारत-चीन युद्ध के समय 1962-1968 तक तथा दूसरी बार, भारत-पाक युद्ध के समय 1971 के दौरान भी इमरजेंसी लगायी गयी थी। इन दोनों ही परिस्थितियों में बाहरी विपदाओं के कारण आपातकाल लगाया गया था, मगर इंदिरा गांधी ने 25 जून 1975 को लगाये गये आपातकाल पर आंतरिक सुरक्षा का हवाला दिया था, जो कि असल में मात्र इंदिरा गांधी के तानाशाही रवैये का विरोध था। इंदिरा द्वारा लगाये गये आपातकाल का उद्देश्य निश्चित ही देश में शांति और सुरक्षा के लिए नहीं था और न ही संविधान का शासन करने के लिए था।

**हमें आपातकाल के कटु अनुभवों से सीख लेने की आवश्यकता है, ताकि नये भारत के सपने को साकार कर सकें।**

**आपातकाल और प्रताड़ना :** तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 25 जून की रात, राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद से अनुरोध कर आपातकाल की घोषणा की। लोकतंत्र के चारों स्तंभ को लकवाग्रस्त कर दिया गया था। आपातकाल लागू होते ही कई विपक्षी नेताओं को हिरासत में ले लिया गया। इनमें राजनारायण, विजयराजे सिंधिया, जयप्रकाश नारायण, चौधरी चरण सिंह, मोरारजी देसाई, जीवनराम कृपलानी, अटल बिहारी वाजपेयी व लाल कृष्ण आडवाणी इत्यादि शामिल थे। खुद कांग्रेस सरकार में मंत्री मोहन धारिया और चंद्रशेखर ने इस्तीफा दे दिया। तमिलनाडु में एम करुणानिधि की सरकार को बर्खास्त कर दिया गया व उनके बेटे स्टालिन को मीसा के तहत गिरफ्तार कर लिया गया। जेल में बंद नेताओं का थर्ड डिग्री का उत्पीड़न किया जाता था। कई नेताओं को पुलिस ने डंडे से पीटा, कई नेताओं के नाखून उखड़वा दिये। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जैसे संगठनों पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। ऐसे नेता व संगठन अपनी गिरफ़्तारी व संगठन को निरस्त किये जाने का न तो विरोध कर सकते थे, न ही उसे न्यायालय में चुनौती दे सकते थे। तानाशाही का रवैया ऐसा था कि सरकार के विरोध में उठने वाले हर प्रयास को नाकाम कर, उन व्यक्तियों को जेल भेज दिया जाता था अथवा यदि वे किसी संगठन से जुड़े हैं, तो उसे प्रतिबंधित किया जाता था। सरकार ने अनेक विरोध व हड़तालों को रोक दिया। कई सारे राजनेता, सरकार द्वारा गिरफ्तारी से बचने और अपना विरोध जारी रखने के लिए भूमिगत हो गये। सरकार के विरुद्ध लिखी जाने वाली हर खबर को सेंसर अर्थात निंदा मान छापने से रोक दिया जाता था और छापने पर गिरफ़्तार किया जाता था। अखबारों ने विरोध के तौर पर अपने संपादकीय पृष्ठ को खाली छोड़ना शुरू किया। इसी बीच आपातकाल का विरोध करने के लिए कई पत्रकारों को भी गिरफ्तार कर लिया गया। तानाशाह होने का सबसे बड़ा रूप इंदिरा गांधी ने अपने एक फैसले में दिखाया, जिसे वह संविधान में संशोधन के रूप में लेकर आयीं। इस फैसले के द्वारा राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के कार्यालय के फैसलों को न्यायलय में चुनौती दिया जाना असंभव कर दिया गया। संविधान में 42वें संशोधन द्वारा अनैतिक व काले कानून जोड़े गये। 42वां संशोधन लोकतांत्रिक मांग या समकालिक जरूरत को लेकर नहीं डाला गया, बल्कि यह एक तनाशाह नेतृत्व की राजनीतिक साजिश थी। 1 मार्च 1976 को केरल में पुलिस ने राजन नाम के एक व्यक्ति को बिना कारण गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस हिरासत में उसे पीटा गया व उसकी मौत हो गयी। ऐसे ही अनेक मामले कभी जनता के सामने नहीं आ सके। इंदिरा एवं उनके बेटे संजय गांधी के नेतृत्व में देशभर में जबरन नसबंदी के कार्यक्रम चलाये गये। संजय गांधी अपने सपने, कम जनसंख्या वाले भारत को देखने के लिए जबरन नसबंदी कराने पर उतारू हो गये थे। इसके कारण देशभर के अनेक लोग उत्पीड़ित किये गये, जिनमें से कई ने अपनी जान तक गंवायी।

उत्पीड़न की सीमा यहीं नहीं समाप्त हो जाती, प्रसिद्ध गायक किशोर कुमार को जब सरकार के लिए एक कार्यक्रम में गाने को कहा गया तो उन्होंने मना कर दिया, जिसके बाद से गैर आधिकारिक रूप से रेडियो पर उनके गाने चलाने बंद कर दिये गये। दूरदर्शन और रेडियो का प्रयोग सरकार के एजेंडे को चलाने के लिए किया गया। कई फिल्मों पर प्रतिबंध लगा दिया व उन्हें रिलीज होने से रोक दिया। भाकपा ने आपातकाल को एक अवसर के रूप में देखा और इसका स्वागत किया। पुस्तक गठबंधन रणनीतियां और भारतीय साम्यवाद रणनीति, पृष्ठ 224 के अनुसार भाकपा के नेताओं का मानना था कि वे आपातकाल को कम्युनिस्ट क्रांति में बदल सकते हैं। भाकपा ने 11वीं बठिंडा कांग्रेस के दौरान इंदिरा गांधी के आपातकाल का समर्थन किया था।

**विरोध, संघर्ष एवं विजय :** आपातकाल का सबसे पहला विरोध समाचार पत्रों एवं पत्रिकाओं ने लेख लिख कर, संपादकीय खाली छोड़ कर, सेंसरशिप के सामने झुकने के बजाये बंद हो जाने के रास्ते को चुन कर किया। पत्रिकाओं ने आपातकाल का सबसे पहला विरोध किया। हिंदी के साहित्यकार फणीश्वरनाथ रेणु ने अपना पद्मश्री सम्मान व कर्नाटक से कन्नड़ साहित्यकार शिवर्म करनाथ ने अपना पद्म भूषण लौटा दिया था। देश के 9 उच्च न्यायालयों ने सर्वोच्च न्यायालय में गुहार लगायी कि आपातकाल होने के बावजूद देश की जनता को अपनी गिरफ्तारी के खिलाफ न्यायालय जाकर उसे चुनौती देने का अधिकार मिलना ही चाहिए, जिसे इंदिरा गांधी द्वारा नियुक्त किये गये न्यायाधीश एएन राय ने खारिज कर दिया। आरएसएस के तत्कालीन सर संघचालक पूजनीय बाला साहब देवरस ने स्वयं घोषणा करते हुए कहा कि संघर्ष का समय आ गया है। थोड़े दिन के लिए सामाजिक कार्यों में कमी भी आ गयी तो कोई चिंता की बात नहीं, लोकतंत्र जिंदा रहना चाहिए। समाचार पत्रों और पत्रिकाओं, मंचों, डाक सेवा और निर्वाचित विधायिकाओं सहित संचार के सभी रूपों को रोक दिया गया था। ऐसे में सवाल यह था कि जन आंदोलन का आयोजन कौन करे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पास पूरे देश में शाखाओं का अपना नेटवर्क था और वह केवल इस क्षमता में सेवा कर सकता था। लोगों के बीच सीधे संपर्क के माध्यम से संघ जमीन से जुड़ा हुआ है। अखिल भारतीय स्तर पर इसके केंद्रीय निर्णय प्रांत, विभाग, जिला और तहसील स्तरों के माध्यम से गांव तक पहुंचते हैं। आपातकाल की घोषणा के समय और आपातकाल की समाप्ति के बीच संघ की इस संचार प्रणाली ने साहसपूर्ण काम किया। संघ कार्यकर्ताओं के घर भूमिगत आंदोलन के ताने-बाने के लिए सबसे बड़ा वरदान साबित हुए। अपनी गिरफ्तारी से पहले जयप्रकाश नारायण ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्णकालिक कार्यकर्ता नानाजी देशमुख को लोक संघर्ष समिति आंदोलन सौंपा था। जब नानाजी देशमुख को गिरफ्तार किया गया, तो नेतृत्व सर्वसम्मति से सुंदर सिंह भंडारी को दिया गया। अच्युत पटवर्धन ने लिखा मुझे यह जानकर प्रसन्नता हो रही है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक, साथ ही साथ राजनीतिक प्रतिरोध के किसी भी अन्य समूह, खुलेआम सहयोग और समर्थन करने के लिए तैयार थे, जो आपातकाल का विरोध करते थे और जोश और ईमानदारी के साथ शैतानी शासन के खिलाफ काम करने में सक्षम थे, जो शासन घोर दमन और झूठ का सहारा लेता है। पुलिस के अत्याचारों और बर्बरता के बीच आंदोलन का नेतृत्व करने में स्वयंसेवकों की वीरता और साहस को देखकर मार्क्सवादी सांसद एके गोपालन भी भावुक हो गये। उन्होंने कहा था, इस तरह के वीरतापूर्ण कृत्य और बलिदान के लिए उन्हें अदम्य साहस देने वाला कोई उच्च आदर्श होना चाहिए। एमसी सुब्रमण्यम ने लिखा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ उन वर्गों में विशेष रूप से उल्लेखनीय है, जिन्होंने निडर समर्पण के साथ यह काम किया है। जेल में अन्य पार्टियों के साथी कैदियों और यहां तक कि विभिन्न विचारधाराओं के कैदियों की भी मदद की। इस तरह आरएसएस ने प्रदर्शित किया कि वह स्वामी विवेकानंद के देशहित के कार्यों के लिए एक संन्यासी सेना के आह्वान का सबसे करीबी चरित्र है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 कार्यकर्ता अधिकांश बंदी गृह और कुछ बाहर आपातकाल के दौरान बलिदान हो गये। उनमे संघ के अखिल भारतीय व्यवस्था प्रमुख श्री पांडुरंग क्षीरसागर भी थे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व उसके आनुषंगिक संगठनों ने इस आपातकाल के दौरान अहिंसा व सत्याग्रह जैसे रास्तों का सहारा लेकर इंदिरा गांधी को महात्मा गांधी का वह मार्ग दिखाया, जिससे वह भटक चुकी थीं। इस आंदोलन में हिस्सा लेते हुए सिख बंधुओं ने भी आपातकाल का विरोध किया था। अकाली दल के माध्यम से लोकतंत्र बचाओ अभियान चलाया गया। शिरोमणि अकाली दल, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी के सदस्यों को भी हिरासत में लिया गया था। तकरीबन 19 महीने आपातकाल चलने के बाद इंदिरा गांधी को यह एहसास हुआ कि अब शायद देश में उनका विरोध समाप्त हो गया है और फिर उन्होंने चुनाव कराने का फैसला किया। जनवरी 1977 में चुनावों की घोषणा हुई, हालांकि आपातकाल मार्च 1977 में चुनावों के साथ समाप्त हुआ। इस तरह 21 महीने इंदिरा गांधी के तानाशाही शासन में भारतीय लोकतंत्र को बंदी बन कर रहना पड़ा। चुनाव के दौरान अधिकांश विपक्षी दल लोकतंत्र को जीवित रखने के लिए एकजुट होकर जनता पार्टी के रूप में आए और 1977 में तानाशाही की हार हुई और मोरारजी देसाई देश के पहले गैर कांग्रेसी प्रधानमंत्री बने। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा था, जब भी मैं निराशा होता हूं, तब इतिहास के पन्नों को पलट कर सत्य और प्रेम की जीत को दोहराने वाले तथ्यों का स्मरण करता हूं। इतिहास के पन्नों पर आतातायी और हत्यारे भी रहे हैं और कुछ पल के लिए वो अजेय भी दिखे, लेकिन यह खास ख़्याल रखें कि अंत में उनका खात्मा हुआ है। जीत हमेशा सत्य की हुई है। हमें आपातकाल के कटु अनुभवों से सीख लेने की आवश्यकता है, ताकि नये भारत के सपने को साकार कर सकें।

# महान राजनीतिज्ञ, प्रख्यात बैरिस्टर और श्रेष्ठ शिक्षाविद थे डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी

प्रो तपन कुमार शांडिल्य

डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई, 1901 को एक संभ्रांत परिवार में हुआ था। महानता के सभी गुण उन्हें विरासत में मिले थे। उनके पिता आशुतोष बाबू अपने जमाने के ख्यात शिक्षाविद् थे। श्यामा प्रसाद मुखर्जी का संबंध एक बंगाली परिवार से था और इनका जन्म कलकत्ता में हुआ था। इनके परिवार में काफी विद्वान लोग हुआ करते थे और इनके पिता बंगाल के उच्च न्यायालय में बतौर एक न्यायाधीश के रुप में कार्य किया करते थे और साथ में ही वो कलकत्ता विश्वविद्यालय के कुलगुरु भी हुआ करते थे. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के परिवार में इनके कुल तीन भाई और तीन बहने थी और इनके एक भाई राम प्रसाद थे, जो कलकत्ता के उच्च न्यायालय में न्यायाधीश हुआ करते थे। श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पत्नी का नाम सुधा देवी था और इन दोनों का विवाह 16 अप्रैल, सन 1922 में हुआ था। इन दोनों के कुल पांच बच्चे थे, जिनमें से इनके एक बच्चे की मृत्यु डिप्थीरिया के कारण हो गई थी, जिसके बाद इनके कुल चार बच्चे रहे गये थे जिनमें से इनके दो बेटे और दो बेटियां थी। वे 24 वर्ष की आयु में कोलकाता विश्वविद्यालय सीनेट के सदस्य बने। उनका ध्यान गणित की ओर विशेष था। इसके अध्ययन के लिए वे विदेश गये तथा वहां पर लंदन मैथेमेटिकल सोसायटी ने उनको सम्मानित सदस्य बनाया। वहां से लौटने के बाद डॉ मुखर्जी वकालत तथा विश्वविद्यालय की सेवा में कार्यरत हो गये। कुलपति के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, रवींद्रनाथ टैगोर ने विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को पहली बार बंगाली भाषा में संबोधित किया और भारतीय भाषा को सर्वोच्च परीक्षा के लिए एक विषय के रूप में प्रस्तुत किया गया। वर्ष 1946 में उन्होंने बंगाल के विभाजन की मांग की ताकि इसके हिंदू-बहुल क्षेत्रों को मुस्लिम बहुल पूर्वी पाकिस्तान में शामिल करने से रोका जा सके। 33 वर्ष की आयु में श्यामा प्रसाद मुखर्जी कलकत्ता विश्वविद्यालय के सबसे कम उम्र के कुलपति बने।

सन 1929 में इनका राजनीतिक करियर शुरू हुआ था और इन्होंने इस साल बंगाल विधान परिषद में कलकत्ता विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व कांग्रेस की ओर से किया था. हालांकि एक साल बाद ही इन्होंने इस परिषद से इस्तीफा दे दिया था, लेकिन इन्हें एक स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में फिर से निर्वाचित किया गया था। सन 1939 में ये हिंदू महासभा से जुड़ गये थे और इसी साल इन्हें इस महासभा का कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया गया था।

कांग्रेस पार्टी से अलग होने के बाद श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने आरएसएस से जुड़े गोलवलकर गुरुजी से परामर्श करने के बाद 21 अक्टूबर 1951 में भारतीय जनसंघ (बीजेएस) पार्टी का गठन किया था. इस पार्टी को बनाने के साथ ही ये इसके प्रथम अध्यक्ष बन गये थे और साल 1952 में इनकी पार्टी ने लोकसभा के चुनावों में भाग लिया था। इस चुनाव में इनकी पार्टी को 3 सीटों पर जीत प्राप्त हुई थी। अगस्त 1947 को स्वतंत्र भारत के प्रथम मंत्रिमंडल में एक गैर-कांग्रेसी मंत्री के रूप में उन्होंने वित्त मंत्रालय का काम संभाला। 1950 में भारत की दशा दयनीय थी। इससे डॉ मुखर्जी के मन को गहरा आघात लगा। उनसे यह देखा न गया और भारत सरकार की अहिंसावादी नीति के फलस्वरूप मंत्रिमंडल से त्यागपत्र देकर संसद में विरोधी पक्ष की भूमिका का निर्वाह करने लगे। एक ही देश में दो झंडे और दो निशान भी उनको स्वीकार नहीं थे। अतः कश्मीर का भारत में विलय के लिए डॉ मुखर्जी ने प्रयत्न प्रारंभ कर दिये। इसके लिए उन्होंने जम्मू की प्रजा परिषद पार्टी के साथ मिलकर आंदोलन छेड़ दिया। जम्मू-कश्मीर राज्य का अलग संविधान बनाने के विरुद्ध श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपनी आवाज उठायी थी। वो इस राज्य के लिए अलग संविधान बनाने के पक्ष में नहीं थे और इसी दौरान इन्होंने इस राज्य का दौरा भी किया था. अटलबिहारी वाजपेयी (तत्कालीन विदेश मंत्री), वैद्य गुरुदत्त, डॉ बर्मन और टेकचंद आदि को लेकर उन्होंने 8 मई 1953 को जम्मू के लिए कूच किया। सीमा प्रवेश के बाद उनको जम्मू-कश्मीर सरकार द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। 40 दिन तक डॉ. मुखर्जी जेल में बंद रहे और 23 जून 1953 को जेल में उनकी रहस्यमय ढंग से मृत्यु हो गयी।

बंगाल ने कितने ही क्रांतिकारियों को जन्म दिया है, उनमें से एक महान क्रांतिकारी डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी थे। बंगभूमि से पैदा डॉ मुखर्जी ने अपनी प्रतिभा से समाज को चमत्कृत कर दिया था। वर्तमान सरकार ने 05 अगस्त 2019 को इनका स्वप्न साकार किया। अनुच्छेद 370 समाप्त हुआ साथ ही धारा 35 भी।

**(लेखक : डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति हैं।)**

## ट्रांसफॉर्मर का स्थान बदलने के लिए सौंपा ज्ञापन

**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधानसभा स्थित जमशेदपुर प्रखंड अंतर्गत बयांगबिल पंचायत के कदमडीह गांव में 2 जर्जर पोल व हितकु पंचायत के कोचा टोला मे ट्रांसफार्मर का स्थान बदलने की मांग लंबे समय से ग्रामीण कर रहे थे। ग्रामीणों ने समाजिक सेवा संघ के अध्यक्ष राजेश सामंत से संपर्क कर समस्या का समाधान के लिए गुहार लगाई। शनिवार को समाजिक सेवा संघ के एक प्रतिनिधि मंडल राजेश सामंत के नेतृत में बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता से मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा। मौके पर राजेश सामंत ने कहा कदमडीह गांव में दो जर्जर पोल मुख्य सड़क पर है। कभी भी दुर्घटनाग्रस्त होने की संभावना बनी रहती है। पूर्व में एक पोल दुर्घटना हो चुकी है। जिसमें एक महिला की मृत्यु हो गई। उन्होंने कहा समाजिक सेवा संघ मांग करती है उक्त बिजली पोल को जल्द से जल्द हटाया जाय ताकि भविष्य में किसी प्रकार की कोई दुर्घटना ना घटे। वही हितकु गांव के कोचा टोला में बस्ती के बीच ट्रांसफार्मर होने से पेड़, डाली और बांस गिरकर बिजली की समस्या उत्पन्य होती है। मौके पर उन्होंने ट्रांसफार्मर को दूसरे जगह शिफ्ट करने की मांग की। जरूरत पड़ने पर ग्रामीण अपना जमीन भी देने को तैयार है। ेवा संघ के अध्यक्ष राजेश सामंत,बहादुर शर्मा, छोटे सरदार, अमित दास, सोनू श्रीवास्तव,राजेश मुंडा शामिल रहे।

## जमशेदपुर की खबरें

### डीडीसी ने जिले के सहकारी समिति सदस्यों, मत्स्य मित्रों और पालकों के साथ की बैठक

# मत्स्य पालन के क्षेत्र में नये आयाम जुड़ेंगे : मनीष कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के डीसी विजया जाघव के निर्देश पर उप विकास आयुक्त मनीष कुमार ने जिला सभागार में मत्स्य पालकों, सहकारी समिति सदस्यों और मत्स्य मित्रों के साथ बैठक कर जरूरी दिशा-निर्देश दिए। शनिवार को बैठक में जिला मत्स्य पदाधिकारी अल्का पन्ना, मत्स्य प्रसार पदाधिकारी अमरेन्द्र कुमार वर्मा उपस्थित रहे। मौके पर उप विकास आयुक्त मनीष कुमार ने कहा अगले एक साल में पूर्वी सिंहभूम को मछली उत्पादन का हब बनाना है। इसके लिए वर्तमान में जितना मछली उत्पादन हो रहा उसमें 5 गुणा बढ़ोत्तरी करें। उन्होंने कहा सहकारी समिति जो शिथिल पड़े हैं उन्हें कोई सरकारी लाभ नहीं दिया जायेगा। उप विकास आयुक्त ने कहा कि किसानों मत्स्यपालकों को सशक्त बनाने और उनकी आय में वृद्धि के लिए झारखंड सरकार कयी योजना चला रहीं है। उन्होंने कहा कि सभी जागरुक होकर योजनाओं का लाभ उठायें साथ ही दूसरों को भी प्रेरित करें। उप विकास आयुक्त ने कहा विज्ञान व तकनीक के आधार पर कार्य करे। मत्स्य पालक आधुनिकतम तकनीक को अपनाने पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने मत्स्य पदाधिकारी को अगले शनिवार जिला स्तरीय कार्यशाला कराने का निर्देश दिया। साथ ही बैठक में उपस्थित सदस्यों को ग्राम व पंचायत से कम से कम दो लोगों को कार्यशाला में लेकर पहुचने का निर्देश दिया। जिनके पास तालाब है उन्हें पहली प्राथमिकता दी जाएगी। वर्तमान में जो मत्स्य पालन से जुड़े हैं उन्हीं में से 3 लोगों को मास्टर ट्रेनर चुनने का सुझाव भी दिया। उप विकास आयुक्त ने कहा आने वाले दिनों में इन्ही लोगों के बीच मास्टर ट्रेनर की संख्या बढ़ाया जाएगा। प्रखंड स्तरीय कार्यशाला आयोजित कर मत्स्य पालन को गांव-गांव तक पहुंचाया जाएगा। मौके पर उप विकास आयुक्त ने जिले में मछली उत्पादन को लेकर पूर्व से गठित सहकारी समितियों के कार्यों की समीक्षा की। उन्होने मत्स्य पदाधिकारी से सहकारी समितियों के बीच अब तक हुए सरकारी परिसंपत्तियों के वितरण का ब्यौरा मांगते हुए कहा वैसे लोग जो मत्स्य पालन में इच्छुक नहीं हैं वे दूसरों को जगह दें। जिला प्रशासन नए मत्स्य पालकों को भी अपने साथ जोड़ने की दिशा में उचित कदम उठायेगी।उन्होंने जिला मत्स्य पदाधिकारी एवं मत्स्य प्रसार पदाधिकारी को नियमित फील्ड में जाने का निर्देश दिया। ताकि मत्स्य पालन की योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार हो सके।रविवार को सभी समितियों को प्रत्येक ग्राम पंचायत में बैठक कर मत्स्यपालकों को जोड़ने का निर्देश दिया। बैठक में कुछ सरकारी तालाबों के अतिक्रमित होने का भी मामला संज्ञान में लाया गया।उप विकास आयुक्त ने समिति को कार्यकारिणी की बैठक कर अतिक्रमित तालाबों की सूची देने की बात कही। उन्होंने कहा राज्य सरकार के द्वारा भूमि संरक्षण विभाग के माध्यम से 1 एकड़ से 5 एकड़ तक तालाब का जीर्णोद्धार के लिए प्रावधान है। कुछ मत्स्य पालकों ने तालाब छोटा होने की बात भी बताई। उन्होंने कहा 1 एकड़ से कम के निजी व सरकारी तालाबों को मनरेगा के अंतर्गत जीर्णोद्धार कराने के लिए आश्वस्त किया। वहीं मत्स्यपालकों को स्वयं से भी निजी तालाबों के जीर्णोद्धार कराने के लिए प्रेरित किया। जिन तालाबों का जीर्णोद्धार किया जाएगा उनमें कन्वर्जेंस से तालाब के बांध पर फलदार पौधोंरोपण, बत्तख पालन, मचान खेती तथा किसानों- मत्स्यपालकों के बीच उद्यान विभागीय योजना के तहत हर्बल गार्डन, मेडिसिनल गार्डन की योजना का लाभ पहुंचाने का भी निर्देश दिया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### सांसद ने एनएचएआइ के चेयरमैन से मुलाकात कर गढ़वा बाइपास का कार्य पूर्ण कराने की मांग की



**गढ़वा (आजाद सिपाही)**। दिनांक 23 जून को सांसद विष्णु दयाल राम ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के चेयरमैन संतोष कुमार यादव एवं पथ निर्माण विभाग झारखंड सरकार के सचिव सुनील कुमार से रांची में मुलाकात कर गढ़वा बाईपास फोरलेन सड़क के अधूरे फ्लाईओवर का कार्य शीघ्र पूर्ण कराने की मांग की। उपरोक्त दोनों पदाधिकारियों ने इस मांग पर अपनी सहमति व्यक्त की है। शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ होगा।

### एएसआइ ने उत्क्रमित प्रावि के बच्चों के बीच किया सामग्रियों का वितरण



**गढ़वा (आजाद सिपाही)**। झारखंड पुलिस सेवा ही लक्ष्य के तहत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, कोरटा, गढ़वा जिला के डंडा थाना में पदस्थापित एएसआई शैलेंद्र सिंह के द्वारा बच्चों के बीच हैंडबॉल, बॉल, स्किपिंग रोप और टॉफी का वितरण किया गया तथा शारीरिक व्यायाम के साथ पढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए पढ़ाया भी गया। बच्चे इस कार्य से बहुत खुश थे, पुनः स्कूल आने के लिए कहा।

### बिजली समस्या को लेकर कनीय अभियंता को मारुतिनंदन सोनी ने सौंपा मांग पत्र



**मझिआंव (आजाद सिपाही)**। नगर पंचायत क्षेत्र के सभी वार्डों में बिजली विभाग के पदाधिकारियों के मनमाना रवैया के कारण उपभोक्ताओं को हो रही परेशानी के संबंध में कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मारुति नंदन सोनी के नेतृत्व में उपभोक्ताओं ने विद्युत सबस्टेशन में जाकर कनीय अभियंता कमल कुमार को मांग पत्र सौंपा। इस दौरान श्री सोनी ने कनीय अभियंता को बिजली की अनियमित आपूर्ति एवं पोल तार के अभाव में बांस बल्ली पर बिजली जला रहे उपभोक्ताओं की परेशानियों से अवगत कराया। साथ ही कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र के ज्यादातर वार्डों में बिजली का तार, पोल, ट्रांसफॉर्मर, जर्जर तार की बहुत बड़ी समस्या है। इतना ही नहीं, पूर्व से बने घरों के ऊपर से गुजर रहे 11,000 वोल्ट बिजली के तार से लोगों को हमेशा जान का खतरा बना रहता है। इसको अविलंब हटाया जाए। साथ ही उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि उपरोक्त समस्याओं का तत्काल निष्पादन नहीं किया गया तो बिजली विभाग के खिलाफ मझिआंव विद्युत सबस्टेशन के साथ ही जिला ऑफिस में भी ताला बंद किया जाएगा। मांग पत्र सौंपने वालों में मारुति नंदन सोनी के अलावा मुकेश मेहता, गोरख राम, विनय जायसवाल, धर्मेंद्र पांडे, सुखारी मियां, अशमेर चौबे, मंटू तिवारी एवं ददन पाठक सहित लगभग पांच दर्जन की संख्या में बिजली उपभोक्ता शामिल थे।

### सेवा से बर्खास्त चौकीदारों की पुनः नियुक्ति को लेकर मंत्री को सौंपा मांग पत्र



**गढ़वा (आजाद सिपाही)**। झारखंड में सेवानिवृत चौकीदारों के नामित आश्रितों को गृह विभाग, बिहार पटना, गृह विभाग झारखंड रांची का और सरकार के प्रधान सचिव गृह विभाग का पत्रांक 4504 तिथि-21/7/2010 के आलोक में झारखण्ड में सेवानिवृत्त चौकीदारों के नामित आश्रितों की नियुक्ति हुयी थी। और सभी नियुक्त चौकीदार कर्तव्यों का पालन करते हुए अपने परिवारों का भरण-पोषण कर रहे थे। इस दौरान चौकीदार संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष नकु पासवान व विधायक प्रतिनिधि चंदन पासवान ने मंत्री मिथिलेश ठाकुर को जानकारी देते हुए बताया कि फरवरी 2016 में तत्कालीन रघुवर सरकार ने न्यायालय का हवाला देते हुए सेवारत चौकीदारों को सेवा विमुक्त कर दिया। इस संबंध में विद्वान वकीलों से न्यायलय के आदेश की जानकारी ली गयी तो बताया गया कि न्यायालय द्वारा किसी को हटाने का आदेश नहीं दिया गया है। और कार्यरत चौकीदारों के संबंध में विमुक्ति का कोई आदेश नहीं दिया गया है। लेकिन तत्कालीन पूर्व की सरकार ने बिना सोचे समझे करीब 600 परिवारों का रोजगार छीन लिया। उक्त सभी परिवार आज आर्थिक तंगी की मार झेल रहे हैं। मौके पर रामचंद्र पासवान, वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति, गढ़वा एवं रमुना सदर पंचायत के मुखिया पति बिरंची पासवान, लातेहार जिला के मनीका से सुरेन्द्र पासवान भी उपस्थित थे।

**जनता के द्वार :** मंत्री ने गांव-गांव पहुंचकर जनसमस्या सुन किया ऑन द स्पॉट निष्पादन

# क्षेत्र में कोई भी कार्य नहीं रहेगा अधूरा वादे को कर रहा हूं पूरा : मंत्री मिथिलेश

**चेचरिया पंचायत के ग्रामीणों की शिकायत पर कर्मचारी रमेश पांडेय को हटाने का दिया निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर जनता के द्वार पर पहुंचे। मंत्री ने शनिवार को मेराल प्रखंड के चेचरिया पंचायत के विभिन्न गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। साथ ही जन समस्याओं का ऑन द स्पॉट निष्पादन भी कराया। ग्रामीणों ने राजस्व कर्मचारी रमेश पांडेय के विरुद्ध जमकर शिकायत की। मंत्री ने अविलंब कर्मचारी को हटाने का निर्देश दिया।

मंत्री श्री ठाकुर मेराल प्रखंड अंतर्गत चेचरिया पंचायत के प्राथमिक विद्यालय बाजूडीह, ग्राम बोकेया में लगन ठाकुर के घर के समीप, उमवि खोलरा, शिव मंदिर परिसर, अटौला, पंचायत भवन चेचरिया तथा ग्राम छपरवार खुर्द में दुर्गा मंडप के समीप कार्यक्रम आयोजित कर जनता से रूबरू हुए। मंत्री ने जनसमस्याओं को सुना एवं ऑन द स्पॉट निष्पादन भी कराया। इस दौरान लोगों ने सड़क, पेयजल की समस्या सुनाई। मंत्री श्री ठाकुर ने तत्काल खराब पड़े चापाकल व जल मीनार दुरूस्त कराते हुए चार दिनों के अंदर जलापूर्ति प्रारंभ कराने का निर्देश दिया। इस दौरान ग्रामीणों ने कई स्थानों पर छठ घाट, चबूतरा, नाली, अनाथ पेंशन, प्रजापति टोला पर मिट्टी-मोरम पथ निर्माण, राप्रावि बाजुडीह में शौचालय, मंदिर के समीप नाली निर्माण, प्रावि बोकेया में पेयजल की समस्या आदि से ग्रामीणों ने मंत्री को रु-ब-रू कराया। चेचरिया में अर्चना देवी ने अपने पति के हत्यारों के खिलाफ ढाई साल बीत जाने के बाद भी कार्रवाई नहीं होने की शिकायत की। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी समस्याओं को सूचीबद्ध कराते हुए संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को तत्काल इन सभी समस्याओं के निदान का निर्देश दिया।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि अब क्षेत्र में कोई भी कार्य अधूरा नहीं रहेगा। मैंने जो वादा किया था उसे एक-एक कर पूरा कर रहा हूं। क्षेत्र में बड़े-छोटे सभी विकास कार्यों को किया जा रहा है। कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति राशन, पेंशन से वंचित नहीं रहेगा। मंत्री ने कहा कि हर घर में नल के माध्यम से स्वच्छ पेयजल पहुंचाने की योजना पर तेजी से कार्य हो रहा है। बहुत जल्द सभी घरों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा। फिलहाल पेयजल की जो समस्या है उसे अविलंब दूर किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि यदि दृढ़ संकल्प और मजबूत इच्छाशक्ति हो तो कोई भी समस्या बड़ी नहीं है। सभी गांव की हर समस्या का निदान होगा। मौके पर पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता प्रदीप सिंह, जेई सिकंदर कुमार, बीडीओ रामप्रवेश साव, सीओ निकिता बाला, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, हरीलाल चौधरी, संतोष चौधरी, शंभू चौधरी, रविंद्र चौधरी, देव कलिया देवी, मंजू देवी, प्रभा देवी, गीता देवी, मीना देवी, गंगा राम, राजेश्वर चौधरी, अमित कुमार ठाकुर, मुनेश्वर ठाकुर, अशोक विश्वकर्मा, धर्मेंद्र पाल, ऋषि पाल, अयोध्या पाल धनवंत पाल, सत्यदेव सिंह, लाल बिहारी प्रजापति, अशोक प्रजापति, मोहन राम, मंगर राम, दिलीप सिंह, गुना प्रजापति सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## सामूहिक रास्ते पर हो रहे घर निर्माण कार्य को मझिआंव पुलिस ने रोका

**आक्रोशित ग्रामीणों की शिकायत के आलोक में की गयी है कार्रवाई : सीओ**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मझिआंव।** मझिआंव नगर पंचायत के वार्ड नंबर 3 के ब्लॉक रोड स्थित बिंद टोला में भवन निर्माण कार्य को सीओ के निर्देश पर पुलिस ने रोक दिया। इस संबंध में जानकारी देते हुए सीओ रामजी प्रसाद गुप्ता ने बताया कि उक्त स्थल पर ललित राम के द्वारा खाता संख्या 220 प्लॉट नंबर 91, 92, 93, एवं 94 में रकबा 8 डीसमिल में घर बनाया जा रहा था। जिसे बिंद टोला के लोगों की शिकायत पर रोका गया। सीओ ने बताया कि उक्त घर के पीछे बसे हुए बिंद समुदाय के लोगों के द्वारा कहा गया कि लगभग 60 साल पहले से ही लगभग 3 फीट रास्ता से होकर हम सभी मुख्य पथ पर आते जाते रहे हैं, जिसे ललित राम के द्वारा सामूहिक रास्ता बंद करते हुए घर बनाया जा रहा है। हमलोगों को बाहर निकलने के लिए वही एकमात्र रास्ता है, उसे भी ललित राम के द्वारा घर बनाकर बंद किया जा रहा है। इसकी लिखित शिकायत देकर न्याय की गुहार लगाई गई थी। बताया कि शनिवार को भी घर बनाते समय इसकी सूचना मिली।

बताया जाता है कि शिकायत के आलोक में सीओ श्री गुप्ता के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों को नोटिस देकर तत्काल घर निर्माण कार्य पर रोक लगाने का निर्देश दिया गया। सीओ ने कहा कि 03 जुलाई को उक्त भूमि का सीमांकन किया जायेगा। ललित राम को सख्त हिदायत देते हुए कहा गया कि घर निर्माण कार्य सीमांकन होने तक पूर्ण रूप से बंद रहेगा।

इधर इस संबंध में घर बना रहे ललित राम का कहना है कि वे अपनी रैयती जमीन पर घर बना रहे हैं, जबकि बगल में स्थित राम बिलाश प्रसाद का कहना है कि वे पूर्व से ही डेढ़ फीट जमीन रास्ता के लिए छोड़े थे तथा लगभग तीन फीट रास्ता पूर्व से ही चला आ रहा है, सब मिलाकर लगभग साढ़े चार फीट रास्ता था, जिसे ललित राम के द्वारा बंद किया जा रहा है।

## पिरामल फाउंडेशन ने राजकीय मवि की बच्चियों को सावित्री बाई फुले योजना की दी जानकारी

**इस योजना में छात्रवृत्ति के तहत पूरे 40,000 की सहायता का प्रावधान है : सत्यम कुमार**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** प्रखंड स्थित राजकीय मध्य विद्यालय, लगमा में नए सत्र में आए कक्षा 8वीं की बच्चियों के बीच पिरामल फाउन्डेशन के गांधी फेलो सत्यम प्रकाश द्वारा सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की जानकारी विस्तृत रूप में दी गई। सत्यम प्रकाश ने बताया कि सावित्री बाई फुले छात्रवृत्ति बालिका शिक्षा, बाल विवाह पर अंकुश, किशोरियों के स्वास्थ्य एवं व्यक्तिगत स्वच्छता हेतु सहायता तथा उच्चतर कक्षाओं की बालिकाओं को शैक्षिक व्यय से सहयोग कर उनके विद्यालय परित्याग की प्रवृत्ति को कम करना तथा उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहन इत्यादि करना है। उन्होंने बताया कि इस छात्रवृत्ति के तहत पूरे 40,000 की सहायता का प्रावधान है, जिसमें कक्षा आठवीं में 2,500, कक्षा 9वीं में 2,500, 10वीं, 11वीं, 12वीं में 5000 - 5000 राशि समेत 18-19 वर्ष की आयु की किशोरियों को एकमुश्त 20,000 रुपये का अनुदान शामिल है।

साथ ही साथ सत्यम प्रकाश ने बताया कि यह योजना के अंतर्गत ड्रॉप आउट किशोरियों को स्कूल/कॉलेज से जोड़ने की विशेष पहल है। शिक्षिका प्रीति सिंह ने कहा कि हमारे स्कूल के द्वारा छात्राओं को समय-समय फॉर्म भरवाया जाता है और बच्चियां इस छात्रवृत्ति का लाभ लेती हैं। मौके पर स्कूल के प्राचार्य रश्मि कुमारी और वर्ग शिक्षिका प्रीति सिंह मौजूद थे।

## सगमा प्रखंड विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल कमेटी का गठन



आजाद सिपाही संवाददाता

**सगमा।** प्रखंड अंतर्गत पुतुर गांव स्थित हनुमान मंदिर के परिसर में विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष राजेश प्रताप देव की अध्यक्षता में बैठक बुलाई गई एवं प्रखंड स्थरीय विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल की समिति का पूर्ण विस्तार किया गया। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष ओमप्रकाश बैठा, मंत्री सुभाष यादव, प्रबोध यादव, राम विनय यादव, गोरक्षा प्रमुख, दीनानाथ यादव, सेवा प्रमुख सुरेंद्र बैठा, प्रचार प्रसार प्रमुख, प्रेमन यादव, सत्संग प्रमुख प्रसाद यादव को नियुक्त किया गया। जबकि बजरंग दल के प्रखंड संयोजक अवनीश कुमार यादव (विक्की), सह संयोजक मनोरंजन यादव, धनंजय गुप्ता, विद्यार्थी प्रमुख अमित कुमार रजक, बलोपासन प्रमुख रामदेव यादव, बाल संस्कार केंद्र प्रमुख, मुकेश बैठा, सुरक्षा प्रमुख श्यामबच्चन यादव, संरक्षक राहुल यादव, अश्वनी कुमार यादव, मनोज कुमार, अमरेश गुप्ता, नित्यान्द यादव, परदेसी चंद्रवंशी सहित कई लोगों के नाम शामिल हैं। बैठक में विश्व हिंदू परिषद के जिला से आये हुए पदाधिकारियों ने संगठन का कैसे विस्तार करना है, उस विषय पर चर्चा की और संगठन में कैसे कार्य करना है और संगठन को आगे बढ़ाने पर चर्चा की गई।

बैठक में मुख्य रूप से जिला मंत्री सोनू सिंह, जिला संयोजक शुभम चौबे, जिला संगठन मंत्री रविंद्र यादव, बंशीधर नगर के प्रखंड अध्यक्ष गौरव पांडे, संयोजक उत्कर्ष जयसवाल, ललित कुमार एवं सैकड़ों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में सभी ने संकल्प लिया कि सत्संग व बलोपासना केंद्र एवं सेवा कार्यों को हमें करना है।

### केतार मुखिया प्रमोद कुमार ने डीडीसी से आधा दर्जन योजनाओं को स्वीकृत करने की मांग की



**केतार (आजाद सिपाही)**। केतार पंचायत के मुखिया प्रमोद कुमार ने उपविकास आयुक्त राजेश कुमार राय को आवेदन देकर केतार पंचायत के विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया है। आवेदन में उल्लेख किया है कि केतार बाजार में जलजमाव होने से लोगों को कठिनाइयां का सामना करना पड़ रहा है। राहगीरों को पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। इसको लेकर कर्पूरी गेट से राजकीय मध्य विद्यालय एवं रामबिलास विश्वकर्मा के घर से पण्डा नदी तक नाला निमार्ण कराने की मांग की है। साथ ही पंचायत में पेयजल के लिए चापाकल का अधिष्ठापन, नावाडीह में पण्डा नदी किनारे गार्डवाल का निर्माण, केतार बाजार एवं कर्पूरी गेट के समीप हाई मास्क लाइट का अधिष्ठापन, पण्डा नदी में जल स्तर को बनाये रखने के लिए बियर स्किम का निर्माण, पंचायत सचिवालय के समीप निर्मित गोदाम का जीर्णोद्धार, सामुदायिक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में डॉक्टर की पदस्थापना, पंचायत सचिव की पदस्थापना, किसानों के द्वारा 2018-19-20 का फसल बीमा का भुगतान, पशुपालकों को पशु निर्माण हेतु स्वीकृति दिलाने की मांग की है।

### जंगली भालू के हमले से ग्रामीण घायल

**भंडरिया (आजाद सिपाही)**। भंडरिया थाना क्षेत्र के हेसातु गांव में शनिवार को लगभग 11 बजे दिन में एक जंगली भालू ने हेसातु गांव के ही चमरु कोरवा पिता स्व. लहरु कोरवा ( 59) को हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल चमरु कोरवा को तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भंडरिया लाया गया। जहां चिकित्सा कमीर्यों के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया है। घायल चमरु कोरवा के सिर का पिछले हिस्से का आधा भाग को भालू ने नोंच कर जख्मी कर दिया है। जिससे घायल की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

### 10+2 उच्च विद्यालय में इंटर का नामांकन शुरू

**केतार (आजाद सिपाही)**। प्रखंड क्षेत्र के परसोडीह ग्राम स्थित +2 उच्च विद्यालय परसोडीह में इंटरमीडिएट में छात्र-छात्राओं का नामांकन प्रारंभ हो गया है। इसकी जानकारी देते हुये प्राचार्य दीपक कुमार सिंह ने बताया कि 10+2 उच्च विद्यालय परसोडीह में फिलहाल आर्ट्स एवं साइंस के छात्र-छात्राओं का नामांकन लिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 11वीं कक्षा में नामांकन के लिए विद्यार्थियों को मैट्रिक की पूरी कागजात, आधार एवं पासबुक लाना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि 10+2 उच्च विद्यालय परसोडीह से इस बार इंटरमीडिएट की परीक्षा में आर्ट्स के 138 तथा साइंस के 8 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुये।

**प्रतियोगिता :** कुश्ती प्रशिक्षण केंद्र रामा साहू इनडोर स्टेडियम में कुश्ती प्रतियोगिता का उपायुक्त ने किया उद्घाटन, कहा

# गढ़वा के पहलवानों को यथाशीघ्र जिम्नेजियम की सुविधा करायेंगे उपलब्ध

**गढ़वा जिला ओलंपिक संघ एवं जिला कुश्ती संघ गढ़वा ने संयुक्त रूप से किया प्रतियोगिता का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** 23 जून को अंतराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस 2023 के अवसर पर कुश्ती प्रशिक्षण केन्द्र रामा साहू इनडोर स्टेडियम में गढ़वा जिला ओलंपिक संघ एवं जिला कुश्ती संघ गढ़वा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता का उद्घाटन उपायुक्त गढ़वा शेखर जमुआर ने पहलवानों से हाथ मिलाकर कराया। विभिन्न भार वर्ग में पहलवानों के परिणाम इस प्रकार से रहे- **बालक कुश्ती खिलाड़ी :** 41 केजी भार वर्ग में राजा यादव प्रथम स्थान, प्रिंस कुमार द्वितीय स्थान, 52 केजी भार वर्ग में अभय कुमार प्रथम स्थान, आयुष कुमार सिंह द्वितीय स्थान, 57 केजी भार वर्ग में प्रदीप उरांव प्रथम स्थान, सूरज उरांव द्वितीय स्थान, 62 केजी भार वर्ग में पवन कुमार प्रथम स्थान, धीरज कुमार द्वितीय स्थान, अभिजित कुमार सिंह तृतीय स्थान।

**बालिका कुश्ती खिलाड़ी :** 36 केजी भार वर्ग में सोनम कुमारी प्रथम स्थान, खुशी कुमारी द्वितीय स्थान, 39 केजी भार वर्ग में अनिता कुमारी प्रथम स्थान, सुप्रिया कुमारी द्वितीय स्थान, 46 केजी भार वर्ग में सोनाली कुमारी प्रथम स्थान, मानसी कुमारी द्वितीय स्थान, 73 केजी भार वर्ग में अनुराधा कुमारी प्रथम स्थान, नेहा कुमारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

आयोजन से पूर्व उद्घाटन करते हुए गढ़वा जिला उपायुक्त ने कहा कि कुश्ती खेल गढ़वा जिले का एक महत्वपूर्ण खेल है और यहां के पहलवान राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जाकर गढ़वा की ब्रांडिंग करते हैं। हमारी कोशिश होगी कि गढ़वा के पहलवानों को जिम्नेजियम की सुविधा यथाशीघ्र उपलब्ध कराएं। जिससे कि इनको आगे की तैयारी करने में और सुविधा प्राप्त होगी।

इस अवसर पर जिला खेल पदाधिकारी गढ़वा उमेश लोहरा, उपायुक्त गढ़वा के विशेष कार्य पदाधिकारी विकास सिंह, ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक, डॉ उमेश सहाय, विजय कुमार केसरी, लल्लन पहलवान, वॉलीबॉल संघ के सचिव ओमप्रकाश तिवारी, कुश्ती संघ के सचिव चंद्र बहादुर सिंह, कोषाध्यक्ष किशोर कुणाल, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी और विधायक प्रतिनिधि ओम प्रकाश गुप्ता, दिलीप गुप्ता, अंतरराष्ट्रीय मेड लिस्ट खिलाड़ी प्रियंका कुमारी, विवेक सिन्हा, कुश कुमार, शिकन्दर कुमार इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## जविप्र दुकानदार पर राशन गबन करने का ग्रामीणों ने लगाया आरोप

**ग्रामीणों ने बीडीओ सह एमओ से मिलकर की कार्रवाई की मांग**

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बनसानी के भंवरिया में संचालित राधा महिला स्वयं सहायता समूह के जविप्र दुकानदार पर मई माह का राशन गबन करने तथा दिसंबर 2022 का राशन सभी लाभुकों को नहीं दिये जाने का आरोप लगाते हुए लाभुकों ने शनिवार को बीडीओ सह एमओ जयपाल महतो से मिलकर इसकी शिकायत की। लाभुक अतेंद्र राम, नन्हकू सिंह, गणेश, उमाशंकर राम, अनिल विश्वकर्मा, कतवारू राम, चिंता देवी, रीता देवी, मुन्ना भुंइया, संजय राम, जितेंद्र पाठक, चंपा देवी, कुसुमर देवी, सरही देवी, जयनाथ पासवान आदि ने एमओ को बताया कि राधा महिला समूह के डीलर द्वारा पिछले दिसंबर माह 2022 का राशन उठाव किये जाने के बाद मात्र 37 लाभुकों को ही राशन देने की बात कही जा रही है। आरोप लगाते हुए कहा कि मई माह का राशन नहीं देकर गबन करने का प्रयास किया जा रहा है, इस पर एमओ ने जांच कर कहा कि उक्त डीलर का मई माह में राशन का आवंटन जीरो होने के चलते डीलर राशन का उठाव करने से वंचित है।

लाभुकों ने यह भी बताया कि माप तौल मशीन पर डीलर द्वारा बालू चढ़ाकर राशन की पर्ची निकलवा लेता है, और अलग मशीन से राशन देते समय प्रति लाभुकों से एक से दो किलो राशन काट कर देता है।

जिस पर एमओ ने मामले की जांच कर डीलर पर कार्रवाई करने की बात कही। वहीं डीलर द्वारा कम राशन दिये जाने के सवाल पर बीडीओ सह एमओ ने कहा कि लाभुकों से राशन काटता है तो संबंधित डीलर पर कार्रवाई की जायेगी। प्रखंड के डीलरों को 30 रुपए प्रति क्विंटल की दर से किराया का भुगतान किया जायेगा। इसके लिए अप्रैल तथा मई माह का किराया का बिल वाउचर डीएसओ कार्यालय भेजा गया है।

## बरवाडीह के निजी स्कूलों में फीस की जांच का निर्देश



बरवाडीह (आजाद सिपाही)। लातेहार के डीडीसी ने डीएसई और डीईओ को बरवाडीह में संचालित निजी स्कूलों में छात्रों से लिए जा रहे फीस की जांच करने का निर्देश दिया है। बरवाडीह पश्चिमी जिला परिषद सदस्य संतोषी कुमारी की शिकायत पर डीडीसी ने यह आदेश निर्गत किया है। जिला परिषद सदस्य संतोषी कुमारी ने डीडीसी से शिकायत की है कि बरवाडीह में संचालित निजी स्कूलों में मनमाने ढंग से फीस की वसूली की जा रही है। निजी स्कूल संचालक के द्वारा मनमाने ढंग से टर्म और अन्य फीस में बढ़ोतरी भी की जा रही है। इससे अभिभावक काफी परेशान हैं। प्रति वर्ष 5 से 8 प्रतिशत ही फीस की बढ़ोतरी होनी चाहिए। डीडीसी ने उन शिक्षा पदाधिकारियों को जांच कर नियमानुसार पत्र में वर्णित तथ्यों पर आवश्यक कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया है।

# छात्राओं ने प्रबंधन के खिलाफ बड़ा आरोप लगाया, डीसी ने दिये जांच के निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा :** लोहरदगा जिले के सेन्हा में संचालित निष्ठा कौशल केंद्र में प्रशिक्षण ले रही छात्राओं ने केंद्र के प्रबंधन के खिलाफ लोहरदगा उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण से मुलाकात कर अपनी व्यथा व समस्या बताया। प्रशिक्षु छात्राओं ने लिखित आवेदन में बताया है कि निष्ठा कौशल केन्द्र सेन्हा के प्रबंधक मनीष कुमार सिंह की कथित मनमानी, तानाशाही एवं प्रताडना से सभी छात्राओं का भविष्य खराब होने की स्थिति आ गयी है। प्रबंधक और उनके सहयोगियों के गलत कार्यों का विरोध करने पर नौकरी से निकाल देने और छात्राओं को घर भेजने की धमकी



दिया जाता है। जिससे सभी छात्रायें मानसिक तनाव में जीवन जी रहे है। सिलाई का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पर, कम्प्युटर की शिक्षा एक दिन भी नहीं दिया गया। छात्राओं और स्टाफ के प्रति प्रबंधक मनीष सिंह का नजरिया खराब रहता है। मनीष सिंह के व्यवहार से छात्राएं इतना भयभीत और सहमे हुए है कि वास्तविक ढंग से ना तो प्रशिक्षण प्राप्त कर पा रहे है और ना ही चैन से स्वाभाविक ढंग से हॉस्टल में रह पा रही है। डर से रातों को नींद नहीं आती है। उपायुक्त से छात्राओं ने निष्ठा कौशल केन्द्र सेन्हा के प्रबंधक मनीष कुमार सिंह और उनके कुछ सहयोगियों से बचाने और कौशल केन्द्र सुचारू ढंग से चलाकर लोहरदगा की स्थानीय लड़कियों को सिखने और रोजगार का अवसर प्रदान करने की कृपा करने की मांग की है। कहा गया कि प्रबंधक के कार्यकाल में छात्राओं का शोषण होना सामान्य बात हो गयी है। कहा प्रबंधक नाजायज करने के लिए छात्राओं पर दबाव बनाते रहते हैं। प्रबंधक से मुक्ति दिलाने की कृपा की जाय। छात्राओं की शिकायत पर उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने डीडीसी के नेतृत्व में टीम गठित कर जांच का निर्देश दिया है। वहीं जरूरत पड़ने पर महिला थाना का सहयोग लेने का निर्देश दिया गया है।

## बरवाडीह में अंडरपास का निर्माण अधर में लटका

बरवाडीह(आजाद सिपाही)। बरवाडीह के 17 सीईं रेलवे गेट के पास दूसरे छोर में अंडरपास का निर्माण अधर में लटक गया है। अभी तक इस छोर में निर्माण कार्य शुरू नही हो पाया है। अंडरपास निर्माण पूरा होने में विलंब हो रहा है। रेलवे लाइन के एक तरफ अंडरपास का निर्माण हुए करीब एक महीने से अधिक गुजर गये हैं। उसे लाइन के नीचे मशीन द्वारा डाल भी दिया गया है, लेकिन लाइन की दूसरी तरफ अंडरपास निर्माण का कोई अता-पता नही है। लोगो का कहना है कि पूर्व में ठिकेदार को लाइन के दोनो तरफ अंडरपास निर्माण करने के लिए नियुक्त किया गया था। एक तरफ जब कार्य पूरा हुआ, तो रेलवे लाइन बिछाने का कार्य कर रहे कम्पनी को लाइन के दूसरी तरफ अंडरपास निर्माण के लिए नियुक्त कर दिया गया। रेलवे विभाग द्वारा कंपनी को शीघ्र अंडरपास का निर्माण पूरा कराने के लिए हमेशा आदेश दिया जा रहा है। रेलवे विभाग के वरीय कार्य अनुभाग अभियंता बी बसु ने कहा कि कंपनी के लोगो को शीघ्र अंडर पास का निर्माण पूरा कराने के लिए कहा गया है।

## आइटीडीए अंतर्गत साइकिल वितरण योजना की बैठक



लोहरदगा(आजाद सिपाही)। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में शनिवार को समेकित जनजाति विकास अभिकरण अंतर्गत साईकिल वितरण योजना की बैठक हुई और सर्वसम्मति से साईकिल वितरण हेतु नामांकित छात्रों की संख्या को स्वीकृति प्रदान की गयी। इसमें वित्तीय वर्ष 2021-22 में सभी सरकारी विद्यालयों के वर्ग-08 में अध्ययनरत कुल 5379 और वर्ष 2022-23 में सभी सरकारी विद्यालयों में वर्ग-10 में नामांकित कुल 5714 छात्र-छात्रायें शामिल हैं। बैठक में सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर अग्रवाल, उप विकास आयुक्त समीरा एस, आईटीडीए परियोजना निदेशक अरविंद कुमार लाल, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी समेत अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

## ईद-उल-अजहा और घुरती रथयात्रा को लेकर थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक



कैरो (लोहरदगा): थाना क्षेत्र कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 24 जुन शनिवार को कैरो थाना परिसर मे ईद-उल-अजहा (बकरीद) और घुरती रथयात्रा को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो अंचलअधिकारी कमलेश उराँव, थाना प्रभारी शंखनाथ उराँव, प्रखंड उप-प्रमुख मधुलिका रानी, 20 सुत्रीं उपाध्यक्ष बुधुवा उराँव और गणमान्य सदस्यो की उपस्थिति मे शांति समिति की बैठक संपन्न। बैठक में जिला शांति समिति सद्स्य नजीर आलम खान ने अपने समुदाय के लोगो से कहा कि प्रतिबंधित पशुओं की कुबार्नी आप सभी कतई न करे, जो प्रतिबंधित नही वैसे जीवो की कुबार्नी भी करे तो उसके अवशेष को कुत्ते या अन्य पक्षियो के हाथ लगने से पुर्व उसे जमीन मे गड्ढ़े खोदकर गाड़ दे। मौके पर उपरोक्त के अलावा विशेश्वर प्रसाद दीन, सुरज मोहन साहू, अनिल कुमार पांडेय, जीतबहान महतो, विपिन सिंह, प्रवीण साहू, विवेक प्रजापति, समीरुद्दिन अंसारी इत्यादि थाना परिसर शांति समिति बैठक में उपस्थित थे।

## युवा सद्भावना मंच के तहत कई कार्यक्रम आयोजित




लोहरदगा(आजाद सिपाही)। युवा सद्भावना मंच अंतर्गत प्रखंडों में शनिवार को कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। कुडू प्रखंड के राजकीयकृत गांधी मेमोरियल प्लस टू उच्च विद्यालय माराडीह में बुक क्लब एक्टिविटी के तहत शिक्षा के महत्व विषय पर नाट्य मंचन किया गया। प्रखंड के उडूमुडू पंचायत के बारीडीह ग्राम के मदरसा में छात्रों के बीच सद्भावना का संदेश दिया गया। कैरो प्रखंड के गजनी पंचायत में वॉलीबॉल मैच का आयोजन किया गया।

## लूटपाट करने वाले 3 अपराधी गिरफ्तार लूट के पैसे और देशी कट्टा बरामद

### वारदात के बाद घर में आराम फरमा रहे लुटेरों को पुलिस ने दबोचा

आजाद सिपाही संवाददाता

**कुडू-लोहरदगा :** आदिवासी छात्र संघ कुडू के अध्यक्ष अवधेश उरांव के साथ लूटपाट करने वाले तीन लुटेरों को कुडू पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इनके पास से लुटे गये पर्स और पांच हजार रु नकद, एक देसी कट्टा और ग्लैमर बाइक बरामद कर लिया है। फिलहाल पुलिस तीनो से पूछताछ कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार लुटेरों ने वारदात में अपनी संलिप्ता स्वीकारी है। मामले में कल संभवतः पुलिस प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सकती है। इस संबंध में अवधेश उरांव ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार की रात करीब 7:30 बजे अपने दोस्त जतरू उरांव के साथ जोजरो नामनगर गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। तभी जोजरो पतरा के समीप ग्लैमर बाइक में सवार हथियार से लैस तीन लोग पहुंचे और खुद को उग्रवादी बताते हुए गाड़ी का लाइट बंद करने बोला और कनपट्टी पर बंदूक रखकर गोली मारने की धमकी देते हुए पैकेट में रखे पर्स जिसमे 5 हजार रु थे लूट लिया और जाते जाते धमकी दी कि किसी को बताया तो सभी का घर जला देंगे। मिली जानकारी के अनुसार अवधेश को रास्ता दिखाने पहुंचे युवक ने एक लुटेरे की पहचान कैरो हाई स्कूल के अपने सहपाठी के रूप में की थी। इसी आधार पर वारदात में शामिल सभी लुटेरे पुलिस की गिरफ़्त में आये।

## जहरीले सांप के दंश से शिक्षक घायल

**भंडरा / लोहरदगा ।** भंडरा के तिलसिरी स्कूल में कार्यरत शिक्षक मंगरा उरांव शनिवार को सुबह एक जहरीले सांप के दंश से घायल हो गये। गंभीर अवस्था में उन्हें सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने उनकी स्थिति सामान्य बताया है। जानकारी के मुताबिक सुबह में वे लोहरदगा स्थित घर के बाहर बाथरुम जा रहे थे। स्कूल जाने की जल्दबाजी में उन्हें सांप दिखाई नहीं दिया और न ही सर्पदंश का एहसास हुआ। सर्पदंश के करीब दस मिनट बाद पैर में झनझनाहट महसूस हुआ। पैर में सांप काटे जाने का निशान देखे जाने के बाद उन्हें सर्पदंश का पता चला। इसके तत्काल बाद उन्हें सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## बीडीओ ने अपूर्ण योजनाओं को पूर्ण करने का दिया निर्देश

सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में पंचायत सचिव और रोजगार सेवकों के साथ बीडीओ की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित हुआ। आयोजित समीक्षा बैठक में प्रखंड क्षेत्र में संचालित विकास योजनाओं का निष्पादन हेतु अपूर्ण योजनाओं का समीक्षा किया गया। वह 8 प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा द्वारा मनरेगा, दीदीबाड़ी, पीएम आवास सहित अन्य योजना का पंचायतवार समीक्षा करते हुए अपूर्ण योजनाओं को 15 दिन के अन्दर पूर्ण कर अभिलेख बन्द करने का निर्देश दिया गया। साथ ही बिरसा हरित ग्राम योजना के अन्तर्गत 192 एकड़ जमीन में आमभगवानी का लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। मौके पर बीपीओ निलेन्द्र कुमार, जेई संजीत कुमार, तनु कुमारी, पंचायत सचिव महिपाल उराँव, आनन्द सिंह, भैया भगत, कृष्णा राम, योगेन्द्र कुमार, अंजू कुमारी सहित सभी प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

## बनहरदी, दुग्ध संग्रहण और शीतलव केंद्र का डीसी ने लिया जायजा, दिया आवश्यक निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**बालूमाथ/लातेहार।** उपायुक्त भोर सिंह यादव द्वारा चंदवा प्रखंड अंतर्गत स्थित बनहरदी दुग्ध उत्पादक प्राथमिक सहयोग समिति लिमिटेड में दुग्ध संग्रहण और शीतलक केंद्र का निरीक्षण कर वहा हो रहे कार्यों का जायजा लिया गया। उपायुक्त को दुग्ध की खरीद बिक्री में जेएमएफ प्रबंधन की भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया गया कि बनहरदी दूध संग्रह केंद्र में जेएमएफ किसान द्वारा दूध की खरीददारी करती है और महीने में 3 बार दूध का भुगतान किसान खाते में करती है। 1 से 10 तक का कुल दूध का भुगतान 15 तारीख तक। 11 से 20 तक का भुगतान 25 तारीख तक और 21 से 30 तक का भुगतान 5 तारीख तक किसानों के खाते में जाती है।

उपायुक्त ने जिला पशुपालन पदाधिकारी सह जिला गव्य विकास पदाधिकारी को पशुओं का नियमित टीकाकरण कराने और पशुओं का इन्शुरेन्स कराने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि सहकारी समिति से जुड़े दुग्ध उत्पादकों को 75 % अनुदान पर 5 गाय और 10 गाय देने की योजना है। इसके अलावा पशुपालकों के लिए डीप बोरिंग की भी योजना है। इस दौरान जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, सहायक निबंधक सहयोग समिति श्री सुजीत सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, डीपीएम जेएसएलपीएस व संबंधित पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

## 58वीं जगदंबा सरस्वती मां का स्मृति दिवस मनाया गया



लातेहार(आजाद सिपाही)। प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरी विश्व विद्यालय धर्मपुर (पंपूकल) में 58 वां जगदंबा सरस्वती मां की पुण्य स्मृति दिवस मनायी गयी। सेवा केंद्र संचालित बी के अमरमणी बहन ने अपने मामा की जीवनी पर प्रकाश डाली। उन्होंने कहा कि मम्मा बहुत ही निरहंकारी थी। उनका मानना था कि जो कर्म हम करेंगे, हमें देख सभी करेंगे और वह हर घड़ी को अंतिम घड़ी समझने के लिए कहती थी। उनका कहना था कि हमारे कर्मों का प्रतिफल हमारे जीवन के दौरान प्राप्त होता हैं । इसलिए हमें अच्छे कर्म और दूसरों की सेवा करनी चाहिए। मौके पर पूर्व नगर उपाध्यक्ष नवीन कुमार सिन्हा, अध्यक्ष नारायण सर, बद्री भाई, कृष्णा, जगु,जगरनाथ, प्रीति बहन, रानी बहन, अनीता, रंजू, रामशिला, सुनीता, रेखा, कविता माता समेत काफी संख्या में भाई बहन और अन्य लोग उपस्थित थे।

## डीएवी लोहरदगा की छात्रा बोकारो में सम्मानित



लोहरदगा(आजाद सिपाही)। बीआईडी निवासी शिक्षक बिरेंद्र कुमार सिंह की सुपुत्री स्मृति सिंह एमबीडीएवी पब्लिक स्कूल लोहरदगा से कक्षा दसवीं में स्कूल की जिला टॉपर रही है और स्टेट में रैंक थर्ड रहा। इस सफलता पर डॉ रामकृष्ण मिशन पब्लिक कंपलेक्स बोकारो के द्वारा इन्हें सम्मानित किया गया है। उनकी अनुपस्थिति में विद्यालय की शिक्षिका ज्योति पाण्डेय ने प्रमाण पत्र और मोमेंटो ग्रहण किया। स्मृति सिंह वर्तमान में राजस्थान के कोटा में रहकर मेडिकल की तैयारी कर रही है। संस्था द्वारा सम्मानित किये जाने पर शिक्षक नेता शैलेन्द्र सुमन, प्रदीप कुमार हिंद, राम कुमार वर्मा, सुदामा साहू, अशोक सिंह, सुदामा सिंह आदि ने प्रसन्नता व्यक्ति करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किया।

## प्रधानमंत्री 15 सूत्री कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रस्तावों पर हुई चर्चा

कुडू की चार और किस्को की तीन योजनाओं को पारित किया गया

आजाद सिपाही संवाददामा

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री 15 सूत्री कार्यक्रम के तहत शनिवार को प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम में प्रखंड किस्को और कुडू की ओर प्राप्त प्रस्तावों के पारित कराने हेतु एक आवश्यक बैठक आयोजित हुई। बैठक में सर्वप्रथम किस्को प्रखंड की ओर तीन योजनाओं के प्रस्ताव पर विचारोपरांत सर्वसम्मति से पारित किया गया। इनमें किस्को प्रखंड मुख्यालय में अल्पसंख्यक छात्राओं के लिए 50 बेड का छात्रावास निर्माण, किस्को प्रखंड के ग्राम नवाडीह स्थित मदरसा में अतिरिक्त कमरा और चहारदिवारी का निर्माण और प्रखंड मुख्यालय में कम्प्यूटर ट्रेनिंग सेंटर अधिष्ठापन की योजनायें शामिल हैं। कुडू प्रखंड की ओर से प्रस्तावित चार योजनाओं को सर्वसम्मति से पारित किया गया। इनमें प्रखंड मुख्यालय में हैण्डलूम उत्पादन ईकाई और प्रशिक्षण केंद्र का अधिष्ठापन, कबाड़ का कारखाना और अगरबत्ती, साबुन, सर्फ, मोमबत्ती का कुटीर उद्योग और दो सौ बेड का आवासीय मदरसा निर्माण कार्य की योजना शामिल है। बैठक में सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर प्रसाद, उप विकास आयुक्त समीरा एस, आईटीडीए परियोजना निदेशक अरविंद कुमार लाल, जिला कल्याण पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी किस्को और कुडू समेत अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

## 2024 के चुनाव में जुटी भाजपा का जनसंपर्क अभियान तेज




लोहरदगा(आजाद सिपाही)। जिले में भारतीय जनता पार्टी की लोहरदगा लोकसभा महा जनसंपर्क अभियान हुई तेज मुख्यालय से लेकर बूथ स्तर पर बीजेपी के नेता सांसद और कार्यकर्ता लोगो से मिल 9 वर्षो में किये गये केंद्र सरकार के कार्यों की उपलब्धि गांव टोलों तक पहुंचा रहे है। महाजनसंपर्क अभियान के माध्यम से झारखंड बीजेपी के कई बड़े नेताओं का जमावड़ा लगा। जिसमें सांसद सुदर्शन भगत, राज्यसभा सांसद सह एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव, बीजेपी संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह, बीजेपी प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष दिनेश उरांव जो 2024 में केंद्र में फिर एक बार बीजेपी सरकार बनाने की लोगो से अपील कर रहे हैं।

## नेतरहाट में स्काउट गाइड का द्वितीय सोपान के प्रशिक्षण का हुआ समापन



लातेहार(आजाद सिपाही)। नेतरहाट आवासीय विद्यालय में स्काउट और गाइड का द्वितीय संबंध प्रशिक्षण का आज समापन किया गया। जिसमें स्काउट को बच्चों को प्रार्थना अंडा त्वरित, इतिहास रस्सी गांठ, टेंट पिचिंग, गजट लास्टिंग, कंपास, ट्रैकिंग, फर्स्ट एड, सिग्नलिंग, इत्यादि के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आवसीय विद्यालय नेतरहाट के प्राचार्य डॉ प्रसाद पासवान उपस्थित थे। उनके द्वारा बताया गया कि मोहम्मद शाकिर अंसारी, जिला संगठन आयुक्त खुंटी जिला सहयोगी हरेन्दर कुमार प्रजापति, जिला संगठन आयुक्त सरायकेला खरसावां जिला के द्वारा जो प्रशिक्षण दिया जा रहा है उससे बच्चों में स्वर्णिम विकास होगा। स्काउटिंग बच्चों के आदर्श नागरिक, देश शक्ति, अनुशासन, सेवा की भावन सिखलाता है। मौके पर उपस्थित रविरंजन अभिषेक मिश्रा, रवि प्रकाश सिंह, स्काउट प्रभारी ओम प्रकाश, स्काउट मास्टर शिशुपाल महतो, राधा कुमारी, गाइड कैप्टन सुमेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## मनिका प्रखंड में सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल



मनिका(लातेहार)(आजाद सिपाही): प्रखंड क्षेत्र के सिंजो निवासी मनोज प्रसाद गुप्ता अज्ञात बाइक के धक्के से शुक्रवार की रात्रि लगभग 11:00 बजे गंभीर रूप से घायल हो गये थे। घटना की सूचना मिलते ही अमर पूजा समिति के सदस्य ईश्वरी प्रसाद, श्याम प्रसाद, विकास कुमार, मनोज यादव,गोलू सरदार, अखिलेश गिरी, समाजसेवी रमेश पासवान समेत अन्य लोगों ने घटनास्थल पर पहुंचे और घायल व्यक्ति को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनिका लाये जहां पर चिकित्सक डॉ उमेश कुमार और सत्येंद्र कुमार के द्वारा घायल युवक को इलाज की गयी वही बेहतर इलाज के लिए घायल युवक को लातेहार सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया, अमर पूजा समिति के सदस्यों और समाजसेवी रमेश पासवान ने आपस में चंदा कर घायल मनोज प्रसाद गुप्ता को इलाज के लिए पैसा दिये आपको बताते चलें कि घायल व्यक्ति का पैर फैक्चर हो गया है।

फोटोः दुर्घटना में घायल हुआ व्यक्ति।

## शराब के नशे में धुत होकर दूसरी बाइक में मारी टक्कर, चार लोग घायल



सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही): बक्सीडीपा के समीप जंगल मे एन एच 143 ए पथ पर दो बाइक के टक्कर में चार लोग घायल हो गये। इलाज के लिये अस्पताल में कराया गया भर्ती। सेन्हा थाना क्षेत्र के बक्सीडीपा जंगल के समीप देर शाम दो बाइक के टक्कर में चार लोग घायल हो गये सभी घायल को इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के उपरांत बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर किया। घायल की पहचान घाघरा थाना क्षेत्र के गम्हरिया निवासी राजेन्द्र साहू के पुत्र निकेश साहू, बुधमन उराँव के पुत्र छटू उराँव किस्को थाना क्षेत्र के जोरी सहेदा निवासी नीरज साहू तथा सेन्हा निवासी अहद अंसारी के पुत्र जाउल अंसारी के रूप में किया गया। जानकारी के अनुसार बता दें कि निकेश साहू तथा छटू उराँव का प्राथमिक उपचार सेन्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में होने के उपरांत बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर किया गया। जबकि जाउल अंसारी और नीरज साहू को निजी अस्पताल में इलाज कराया गया।

# लाभुकों ने मनरेगा का पैसा गबन करने का आरोप आवास मित्र पर लगाया, ज्ञापन सौंपा

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** जिले में प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत लाभुकों के नाम पर 2021-22 में जीतने भी आवास स्वीकृत किया गया है। उसमें कुछ वैसे भी लाभुक है। जिनके जानकारी के बिना ही मनरेगा का पैसा उनको ना मिलकर बिचौलियों के द्वारा अपने निजी लोगों के नाम पर डिमांड लगाकर पैसे निकासी कर लेने का मामला प्रकाश में आया है एक ऐसा ही मामला लातेहार सदर प्रखंड के इचाक पंचायत के दोगिला और ऊपर लोटो ग्राम निवासी गुलाम रसूल और अनिता देवी का है जिनके नाम पर 2021-22 प्रधानमंत्री आवास योजना स्वीकृत



की गयी थी। लाभुकों को जो मनरेगा का पैसा 20000 मिलना था वह पैसा लाभूक के बिना जानकारी के ही आवास मित्र के द्वारा अपने निजी लोगों के नाम पर डिमांड लगाकर पैसा निकाल लिया गया है। यह बात तब सामने आई जब लाभुक सीएसपी जाकर पैसे की जांच कराते हैं तो उन्हें पता चलता है कि उनके ही गांव के आवास मित्र विनोद राम सुधीर प्रजापति के द्वारा उनके जानकारी के बिना ही पैसे की निकासी कर ली गयी है। तब लाभुकों के द्वारा इसकी जानकारी इचाक पंचायत के पंचायत समिति कौशल रवि को दी गयी। जानकारी मिलते ही कौशल रवि ने जांच पड़ताल किया तो यह बात सामने आया कि आवास मित्र के द्वारा पैसा निकासी किया गया है। वही पंचायत समिति ने लाभुक को साथ ले जाकर इसकी जानकारी प्रमुख परशुराम लोहारा को लिखित आवेदन दिया। लिखित आवेदन में कहा गया कि मेरे नाम से 21-22 में आवास स्वीकृत किया गया था। आवास मित्र विनोद राम सुधीर प्रजापति के द्वारा हम लोगो को बिना बतायें ही उनके अपने निजी लोगों के नाम से डिमांड लगाकर पैसा निकाल लिया गया है। जिसके बाद परशुराम लोहारा ने भुक्तभोगी की बातों को सुनने बाद उन्हे आश्वासन दिया कि ऐसे लोगों पर जांच कर कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

**क्या कहते हैं प्रमुख**

परशुराम लोहारा ने बताया कि यह मामला बहुत ही गंभीर है अगर आवास मित्र ही ऐसी हरकत करेंगे तो और लोगों का क्या होगा। इसकी जांच होनी चाहिए और ऐसे लोगों पर कानूनी कार्रवाई जल्द से जल्द होनी चाहिए। और मैं धरातल में स्वय जा कर इसकी जांच करूंगा फिलहाल इस विषय को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी को सूचना दे दिये हैं ताकि ऐसे लोगों पर कानूनी कार्रवाई की जा सके।

## बालूमाथ में दो पक्षों में खूनी झड़प, दो गिरफ्तार,कई अन्य की तलाश जारी

बालूमाथ(आजाद सिपाही)। बालूमाथ थाना पुलिस ने बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय के मुरपा मोड़ में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुए खूनी संघर्ष के मामले में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर दो लोगों को गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया है। जानकारी देते हुए बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने बताया कि गिरफ्तार किये गये लोगों में बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय के बड़का बालूमाथ मोहल्ला निवासी अशोक पासवान और संतोष पासवान को कांड संख्या 91/2023 मामले में गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेजा गया है। साथ ही पांच सात अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि द्वितीय पक्ष के सुरेश राम के द्वारा भी बालूमाथ थाने में लिखित आवेदन दी गयी है। जिसके आधार पर कांड संख्या 92/2023 दर्ज करते हुए अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। मालूम हो कि गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय में विवादित जमीन मामले को लेकर दो पक्षों के बीच खूनी झड़प हुई थी, जिसमें दोनों पक्षों के 13 लोग घायल हो गये थे। 9 लोगों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया था।

## खड़ी बाइक में तेज रफ़्तार बाइक ने मारी टक्कर, दो घायल, रेफर

कुडू-लोहरदगा : तेज रफ्तार से आ रही बाइक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खड़ी दूसरी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में खड़ी बाइक पर बैठे दो लोग घायल हो गये। जबकि टक्कर मारने वाला बाइक लेकर फरार हो गया। घटना शुक्रवार की देर रात करीब 9 बजे की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कड़ाक गांव निवासी लखन उरांव 26 पिता विष्णुदयाल उरांव और सूरज कुमार यादव 23 पिता स्व नरेंद्र यादव सड़क के किनारे अपनी बाइक पर बैठे थे। तभी तेज रफ़्तार से आ रही एक बाइक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी जिससे दोनों सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों द्वारा दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुडू लाया गया जहां स्थिति गम्भीर देख चिकित्सकों ने रिम्स रेफर कर दिया।

# मासिक लोक अदालत में कुल आठ मामलों का किया गया निष्पादन



## हुई साढ़े तीन लाख रुपए से अधिक के राजस्व की वसूली

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** झालसा एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष संजय कुमार चंधरियावी के निर्देशानुसार व्यवहार न्यायालय गुमला में मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया।
इस मौके पर श्री चंधरियावी ने कहा कि मासिक लोक अदालत के द्वारा हर सुलह योग्य मामलों के निष्पादन का यह सुनहरा अवसर होता है। इस क्रम में बैंक लोन कर्ज माफी, बिजली भुगतान, इत्यादि से संबंधित, दीवानी एवं फौजदारी के सुलहनीय मामलों का निष्पादन मासिक लोक अदालत के दिन ही हो जाता है। लोक अदालत में दोनों पक्षों की जीत होती है तथा समय की भी बचत होती है। साथ ही साथ आपसी संबंध भी मधुर बना रहता है। पार्थ सारथी घोष सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला ने कहा कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अधिक से अधिक वादों का निपटारा करें एवं आम नागरिकों को जिसके ऊपर बाद चल रहा है उन्हें सुलह के आधार पर निष्पादित करें।

आज इस मासिक लोक अदालत में कुल आठ मामलों का निष्पादन किया गया। बैंक लोन संबंधित तीन मामलों तथा बिजली से संबंधित पांच मामलों का निष्पादन किया गया। जिसमें कुल 360540- रुपये के राजस्व की वसूली की गई। इस कार्यक्रम में डालसा सचिव पार्थ सारथी घोष, स्थाई लोक अदालत, गुमला, स्थाई लोक अदालत के सदस्य शंभू सिंह, अधिवक्ता विद्या निधि शर्मा, जितेंद्र सिंह, इंदु पांडे सहायक, प्रकाश कुमार, संजीव बड़ा, आशा पूनम, मनीष कुमार आदि उपस्थित थे।

# हिंडालको सीएसआर के तहत उत्क्रमित मवि बच्चों के बीच किया गया डेस्क किट का वितरण




**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** हिंडालको द्वारा ग्राम पंचायत गुरदारी के उत्क्रमित मध्य विद्यालय जवाडीह में 35 बच्चों के बीच डेस्क किट का वितरण किया गया। डेस्क किट के माध्यम से बच्चों को बैठकर लिखने में सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। साथ ही बच्चों को नियमित उपस्थिति के लिए अभिवावक के साथ बैठक कर नियमित स्कूल में उपस्थिति सुनिश्चित हो। इसके लिए बच्चों एवं अभिभावकों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम का आयोजन हिंडालको सीएसआर एवम विद्यालय द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कुजाम माइंस के प्रबंधक प्रदीप सिंह, जितेंद्र साहू, सुभम कुमार, सीएसआर अधिकारी मनोज कुमार, विद्यालय के शिक्षक एवं वार्ड सदस्य अजीत असुर आदि उपस्थित हुए।

# पाकरटांड़ प्रखंड कार्यालय में प्रखंड स्तरीय स्कूल रुआर कार्यक्रम का आयोजन

**सिमडेगा (आजााद सिपाही)।** पाकरटांड़ प्रखंड कार्यालय में प्रखंड स्तरीय स्कूल रुआर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिप सदस्य जोसिमा खाखा व विशिष्ट अतिथि प्रमुख रजत लकड़ा ने किया। अपने संबोधन में जोसिमा खाखा ने कहा कि सरकार सभी बच्चों को शिक्षित करना चाहती है। शिक्षा से भटके बच्चों को स्कूल तक लाने में शिक्षकों की अहम भूमिका रहेगी। ताकि बच्चे शिक्षित होकर समाज के विकास में अग्रसर हो सकें। जो बच्चे विद्यालय छोड़ चुके हैं, अथवा विद्यालय में नामांकन नहीं कराए हैं। वैसे बच्चों को वापस स्कूल लाने और उन्हें शिक्षित करना इस रुआर कार्यक्रम का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के तहत ड्राप आउट बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ना शिक्षकों के लिए एक चुनौती है। उन्होंने कहा कि आप सभी शिक्षक अपनी जिम्मेदारी को ईमानदारी पूर्वक निभाएं। गांव के गरीब से गरीब बच्चों को स्कूल से जोड़ें और उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दें। इतनी सुविधा के बावजूद आज भी हमारे क्षेत्र के बच्चे काफी पिछड़े हुए हैं। इस अभिशाप को दूर करना है। यह तभी संभव है जब सभी शिक्षक अपने कर्तव्य को बखूबी निभाएं। सरकारी स्कूल में शिक्षा के प्रति जो नेगेटीव सोंच लोगों में घर कर गई है, उसे पॉजिटिव सोंच में बदलना है। मौके पर प्रमुख रजत लकड़ा, बीडीओ शक्तिकुंज, बीईओ आदि उपस्थित थे।

**बैठक :** कस्तूरबा गांधी और झारखंड बालिका आवासीय विद्यालयों में नामांकन प्रक्रिया पूर्ण

# कस्तूरबा विद्यालय में 1785 सीट के लिए 1540 छात्राओं का अनुमोदन

## 86.27 प्रतिशत विद्यार्थियों का चयन अनाथ, एकल अभिभावक, आदिम जनजाति, बी पी एल, गरीब एवं बाल कल्याण समिति की अनुशंसा श्रेणी के आधार पर किया गया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** जिले के सभी 12 प्रखंडों में स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय एवं झारखंड बालिका आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6 से 11वीं के लिए नामांकन हेतु प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। जिसके संबंध में आज उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक की गई। जिसमें विद्यार्थियों के प्राप्त आवेदनों के विरुद्ध वर्गवार सीट के नामांकन हेतु अनुसंशा के आधार पर सूची पर समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर उक्त सभी विद्यालयों में कुल 1785 रिक्त पदों के विरुद्ध 1540 विद्यार्थियों का अनुसंशा के आधार पर चयन किया गया। छात्राओं का अनुमोदन मुख्य रूप से विभिन्न आधारों पर किया गया है, जिसमें अनाथ, एकल अभिभावक, आदिम जनजाति, बी पी एल/ गरीब एवं बाल कल्याण समिति जैसे अनुशंसा श्रेणी शामिल हैं। उक्त श्रेणी से कुल 86.27 प्रतिशत बच्चों का चयन किया गया एवं 26.05 (संख्या 245) प्रतिशत विद्यार्थियों का चयन अन्य श्रेणी से किया गया है। उपायुक्त द्वारा सख्त निर्देश के आलोक में चयन प्रक्रिया को पूर्ण रूप से निष्पक्ष किया गया।

उपायुक्त ने इन सभी विद्यार्थियों के नामांकन प्रक्रिया को पूर्ण करने हेतु 10 जुलाई तक का अंतिम समय दिया। उपायुक्त ने चयनित बच्चों का नाम विद्यालयों एवं सभी पंचायत भवनों के बाहर लगाने का निर्देश दिया। इसके अलावा उपायुक्त ने नए सत्र की शुरआत में छात्राओं को फ्रेंडली माहौल उपलब्ध कराने, उनके मानसिक एवं शारीरिक विकास पर विशेष ध्यान रखने जैसे विषयों पर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त, एसडीओ सदर, सहायक समाहर्ता, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला शिक्षा पदाधिकारी सहित समिति के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# बाल संरक्षण इकाई के बच्चों को खेल सामग्री उपलब्ध करायें : डीसी

## उपायुक्त ने की जिला समाज कल्याण विभाग के कार्यों की समीक्षा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** जिला समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में एक समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त द्वारा समाज कल्याण विभाग के नेतृत्व में संचालित ओल्ड एज होम, जिला बाल संरक्षण इकाई एवं नारी निकेतन के संचालन व्यवस्था के संबंध में भी समीक्षा की। बाल संरक्षण इकाई अंतर्गत चार संस्थान कार्यरत हैं। उपायुक्त ने एक-एक कर सभी संस्थानों से उनके द्वारा बच्चों के मानसिक विकास के संबंध में किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी ली। बच्चों को खेलने एवं उनके मानसिक विकास के लिए शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षकों की टीम को भेजते हुए गैप असेसमेंट कर प्रस्ताव देने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने बाल संरक्षण इकाई के बच्चों को अन्य विद्यालय के बच्चों से मिलवाने उनके साथ खेलने आदि की भी व्यवस्था करने की बात कही। जिन स्थानों पर बच्चों को रखा जाता है वहां मानसिक एवं बौद्धिक क्षमता के विकास करने हेतु भी कुछ खेल सामग्री उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इसके अलावा उपायुक्त ने पंचायत, ग्राम, टोला आदि में जाकर डीसीपीओ की टीम को बाल विवाह, बाल मजदूरी, बाल तस्करी आदि जैसे मामलों पर नजर रखते हुए जिन क्षेत्रों में अधिक ऐसे मामले देखने को मिल रहे हैं उन स्थानों का वोल्नारेबल मैपिंग कर रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया। ओल्ड एज होम अंतर्गत सभी बुजुर्गों को सीनियर सिटीजन एक्ट 2007 के विषय में उन्हें अवगत करवाने का निर्देश दिया। उन्हें पेंशन इत्यादि से जोड़ते हुए उनका मासिक रूप से एक आय स्त्रोत बनाने की बात कही। बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, सीडीपीओ, महिला पर्यवेक्षिका, डीसीपीओ की टीम सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

# बिहार के ईंट भट्ठा में मजदूरी करने के बाद भी जिले के कई मजदूरों को नहीं हुआ मजदूरी का भुगतान

## मजदूर संघ सीएफटीयूआई झारखंड प्रदेश सचिव जुमन खान ने संबंधित पदाधिकारियों से लगाई मदद की गुहार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



गुमला। जिले के टोटामबी गांव के पांच मजदूरों को बिहार राज्य के ईट भट्ठे में काम करा कर मजदूरी नहीं देने का मामला सामने आया है। मजदूरों को बिहार के रहिमापुर बिदुपूर बैशाली पटना के धन ब्रिक्स में काम करा कर सरदार के द्वारा मजदूरी भुगतान नहीं देने से सभी मजदूर काफी परेशान हैं। उन्होंने इसकी शिकायत मजदूर संघ सीएफटीयूआई झारखंड प्रदेश सचिव जुमन खान एवं महिला टीम की जिलाध्यक्ष को लिखित रूप में दिया है।

अपने बकाया भुगतान दिलाने की गुहार लगाते हुए मजदूरों ने कहा कि उनकी माली हालत काफी गंभीर है। और सरदार के द्वारा मजदूरों को समय पर समय दे कर टाला जा रहा है। मजदूरों के बताए अनुसार मजदुर शिवधन लोहरा 60 हजार रुपए, मनेश लोहरा 60 हजार रुपए, शिशांत लोहरा 60 हजार रुपए, अनिता कुमारी 11 हजार रुपए, लालचंद उरांव 36 हजार रुपए सरदारीन-सरदार से लेना है। राशि नहीं दिये जाने के कारण उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

इस पर जुम्मन खान ने तत्काल पहल करते हुए ईंट भट्ठा मालिक एवं सरदार से बातचीत कर बकाया भुगतान जल्द देने को कहा।

मजदूर संघ सीएफटीयूआई झारखंड प्रदेश सचिव जुमन खान ने इस संबंध में प्रवासी श्रमिक विभाग, झारखंड प्रदेश प्रवासी नियंत्रण कक्ष को सूचित कर कार्रवाई की अपील की है।

मौके पर मजदूर संघ सीएफटीयूआई के जिला अध्यक्ष रज्जाक बक्स, उपाध्यक्ष लक्ष्मी देवी सहित अन्य कई सदस्य मौजूद थे।

# ट्रैक्टर पलटने से एक की मौत, एक घायल

**सिसई (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के पंडरानी चटकपुर के समीप खेत में शनिवार को ट्रैक्टर पलटने से सियांग गांव निवासी विश्वास बाड़ा (32) की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वहीं गांव के ही ट्रैक्टर चालक इफोफेनियस बेंग (35) घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार विश्वास बाड़ा ट्रैक्टर को खेत जुताई के लिए ले जा रहा था। इसी दौरान पंडरानी चटकपुर रोड के समीप खेत में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर कर पलट गया। ट्रैक्टर में दबने से विश्वास बाड़ा की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं ट्रैक्टर चालक इफोफेनियस बेंग खेत में दूर जा गिरने की वजह से उसे हल्की चोट आई है। घटना की आवाज सुनकर खेत में काम कर रहे आसपास के लोग स्थल पहुंचे और घायल को उठाकर रेफरल अस्पताल पहुंचाया। जहां घायल का इलाज चल रहा है। वहीं ग्रामीणों ने घटना की जानकारी सिसई पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

# भाजपा की विधानसभा स्तरीय वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मान सह टिफिन बैठक आयोजित



**सिसई (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी विधानसभा स्तरीय वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मान सह टिफिन बैठक शनिवार को रंजीत नारायण सिंह सरस्वती विद्या मंदिर सभागार में आयोजित की गयी। अध्यक्षता प्रदेश मीडिया प्रभारी अमन यादव ने की। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी की चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस दौरान पूर्व स्पीकर डॉ दिनेश उरांव ने उपस्थित सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा एक सोच और एक विचारधारा की पार्टी है। पार्टी से जुड़कर मैं लगभग 35 वर्षों से काम कर रहा हूं। पार्टी ने हमेशा सभी बड़े-बुजुर्गों को सम्मान देने का काम किया है। यही वजह है कि पार्टी में लोग भावनात्मक रूप से जुड़ कर काम करते हैं। देश में पिछले नौ वर्षों से प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनों तक पहुंचाने का काम किया गया है। हम सभी कार्यकर्ताओं को केन्द्र सरकार की उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाने व आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर समर्पित भाव से व्यापक प्रचार-प्रसार करने की जरूरत है। मौके पर प्रदेश प्रवक्ता अमित कुमार, जिला महामंत्री मिशिर कुजूर, जिला उपाध्यक्ष लालमोहन साहू, विजय मिश्रा, निरंजन सिंह, भैरों सिंह खेरवार, लक्ष्मी नारायण यादव, पीताम्बर झा, पिंटू सिंह, संतोष पंडा, अनिल साहू, रविन्द्र साहू, चरवा उरांव, संजय महतो, सुखलाल राय, नंन्दकिशोर सिंह, रामनिवास उरांव सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# चैनपुर थाने का गुमला एसपी ने किया निरीक्षण, दिये कई दिशा-निर्देश



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर थाने का शनिवार को गुमला एसपी एहतेशाम वकारिब ने निरीक्षण कर विधि व्यवस्था की जानकारी ली और थाने के पदाधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिए सर्वप्रथम एसपी के थाना पहुंचने पर जवानों के द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी दी गई। जिसके बाद एसपी के द्वारा थाना कार्यालय कक्ष का निरीक्षण किया गया। साथ ही लंबित पड़े कांडों का जल्द से जल्द निपटारा करने तथा क्षेत्र में लाइन आर्डर को नियंत्रित रखने का थाना प्रभारी को निर्देश दिया। वहीं आगामी घुरती रथ यात्रा एवं बकरीद पर्व को लेकर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया। इधर एसपी एहतेशाम वकारिब ने बताया कि थाना में निरीक्षण के दौरान सब कुछ ठीकठाक पाया गया। लंबित कांडों का जल्द निपटारा करने का निर्देश दिया गया है। वहीं आगामी त्योहारों को देखते हुए विधि व्यवस्था को दुरूस्त रखने का भी निर्देश दिया गया। साथ ही चैनपुर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह के कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि चैनपुर थाना क्षेत्र में अपराधिक गतिविधि कम हुई है। साथ ही थाना परिसर की साफ-सफाई की भी एसपी ने तारीफ की। मौके पर मुख्य रूप से चैनपुर प्रभारी एसडीपीओ विकास आनंद लागुरी, चैनपुर पुलिस निरीक्षक बैजु उरांव, चैनपुर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह, जारी थाना प्रभारी मनीष कुमार, कुरूमगढ़ थाना प्रभारी नीतीश कुमार, डुमरी थाना प्रभारी आकाश पांडे, एएसआई मदन शर्मा, एसआई राजेश कुमार, प्रियंका तिर्की सहित थाना स्टाफ मौजूद थे।

# मारपीट मामले में अजमल खान गुट ने एसपी से मिलकर 12 लोगों पर दर्ज झूठा केस की जांच कराने की मांग की



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर मुख्यालय के डहुड़गांव के समीप बीते मंगलवार को हुए खूनी संघर्ष में घायल दो लोगों की बिगड़ती स्थिति को देखते हुए डाक्टरों ने उन्हें सिटी स्कैन और एक्सरे करने को कहा। बताते चलें कि बिते मंगलवार को दो गुटों में खुनी संघर्ष हो गया था जिसमें जमकर तलवार के साथ लाठी डंडे चले थे, जिसमें कई लोग घायल हुए थे। जिसके बाद घायल दो लोगों की स्थिति गंभीर देखते हुए गुमला रेफर कर दिया गया था, जहां से उन्हें रांची रेफर कर दिया गया। वहीं दो घायल युवक उस्मान खान पिता स्व. हैदर अली खान एवं मोज्बिल खान, पिता नेसार खान को इलाज के उपरांत छुट्टी दे दी गई थी लेकिन शनिवार को दोनों घायलों की स्थिति बिगड़ने के बाद उनके परिजनों ने उन्हें चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां डाक्टरों ने उनकी स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए गुमला ले जाने की बात कही। वहीं जैसे ही गुमला एसपी एहतेशाम वकारिब के शनिवार को चैनपुर थान आने की सूचना ग्रामीणों की हुई तो एसपी से मिलने अजमल खान गुट के लोग थाना पहुंचे। चैनपुर थाना प्रभारी की अगुवाई में चार व्यक्तियों को एसपी से मुलाकात कराई गई। उन्होंने एसपी को ज्ञापन देते हुए कहा कि 12 व्यक्तियों पर जो झूठा केस किया गया है उसकी जांच कराई जाए। उन्होंने कहा कि हम लोग निर्दोष हैं, हमें फंसाया जा रहा है साथ ही अजमल खान ने अपनी सुरक्षा की गुहार लगाई। एसपी ने उन्हें आश्वासन दिया कि अगर आप निर्दोष हैं तो आप पर कार्रवाई नहीं की जाएगी। एसपी के आश्वासन पर सभी लोग अपने घर चले गए।

# मयूरी चैताली कॉलेज, गुमला में बीएड, इंटर और बीए में नामांकन शुरू

**गुमला (आजाद सिपाही)।** मयूरी ट्रस्ट गुमला झारखंड द्वारा संचालित मयूरी चैताली कॉलेज गुमला लक्ष्मणनगर में इंटर एडमिशन शुरू कर दिया गया है। इच्छुक उम्मीदवार तुरंत संपर्क कर अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। यह जानकारी कॉलेज के निदेशक बसंत कुमार गुप्ता ने दी। श्री गुप्ता ने शैक्षणिक सत्र 2023-25 के लिए इंटर साइंस, कॉमर्स, आर्ट्स तथा बीएड के साथ ही बीए, बीएससी में नामांकन कराने की अपील की है।

**बैठक :** बकरीद के मद्देनजर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित

# नशीले पदार्थों का वितरण करनेवालों की जांच करते हुए करें कार्रवाई : उपायुक्त

## सभी मस्जिदों एवं इमामबाड़ों के आसपास की साफ-सफाई सुनिश्चित करने का नगर परिषद को दिये निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** आगामी बकरीद पर्व के मद्देनजर उपायुक्त गुमला सुशांत गौरव की अध्यक्षता में जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक सूचना भवन के सभागार में संपन्न हुई।

इस अवसर पर उपायुक्त ने विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों तथा समुचित व्यवहार का अनुपालन करते हुए पर्व मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी धर्मों के पर्व आपसी एकता और भाईचारा के प्रतीक हैं। उसी भाईचारगी का अनुसरण करना हम सबका कर्तव्य है। इसके साथ ही उन्होंने पर्व के अवसर पर जिले की सभी मस्जिदों एवं इमामबाड़ों के आसपास की साफ-सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश नगर परिषद को दिया। उन्होंने अधिक भीड़-भाड़ वाली मस्जिदों के पास चलंत स्वास्थ्य उपचार वैन की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु सिविल सर्जन को निर्देश दिया।

29 एवं 30 जून 2023 को ईद उल जुहा का नमाज अदा किया जाएगा, जिसे देखते हुए उपायुक्त ने जिले भर में बिजली एवं पानी की व्यवस्था को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने आवश्यकता अनुसार पानी के टैंकर को भी तैयार रखने की बात कही। पर्व के माहौल में बाजारों में काफी भीड़ को देखते हुए ट्रैफिक को नियंत्रित करने हेतु तैयारी करने को कहा। वहीं उन्होंने सोशल मीडिया पर अफवाह या अशांति का माहौल फैलाने वालों पर पुलिस प्रशासन द्वारा अभी से नजर रखने का भी निर्देश दिया गया। बकरीद के मौके पर मांस आदि के अपशिष्ट पदार्थों को सार्वजनिक स्थानों पर फेंकने पर सख्त रूप से मनाही की गई। जिसपर शांति समिति के सदस्यों ने बताया कि इस संबंध में सभी मस्जिदों में इस बात के लिए विशेष ध्यान रखने हेतु अपील कर दी गई है।

बैठक में उपायुक्त ने नशीले पदार्थों का वितरण करने वाले पूरे तंत्र की जांच करते हुए गोपनीय तरीके से इस पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसके अलावा बैठक में अन्य कई विषयों पर चर्चा करते हुए उपायुक्त द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

बैठक में आईटीडीए निदेशक, अनुमंडल पदाधिकरी सदर, अनुमंडल पदाधिकारी बसिया, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, प्रशासक नगर परिषद, अंचल अधिकारी, सिविल सर्जन, पुलिस उपाधीक्षक गुमला, कई विभागों के कार्यपालक अभियंता, थाना प्रभारी, शांति समिति के सदस्यों के अलावा अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# बड़ा तालाब को साफ रखना लोगों की भी जवाबदेही : अरुणा शंकर





आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने अंबेडकर पार्क के बड़ा तालाब की चल रही सफाई का निरीक्षण करते हुए कहा कि कुछ दिन पूर्व योग युवा पलामू के सदस्य मंजय कुमार, दीपू सराफ, एडवोकेट शक्ति जी, विपिन वर्मा एवं रिंकू सोनी ने मिलकर तालाब के गंदगी से हो रही बदबू के कारण योगा करने में मुश्किल को देखते हुए योग क्रिया बंद करने के निर्णय से मुझे अवगत कराया। जिससे सुनकर मुझे बहुत ही आघात पहुंचा। मैंने तुरंत नगर आयुक्त को जानकारी दी जिस पर तत्काल उन्होंने संज्ञान लेते हुए निगम के सफाई प्रभारी सतीश जी के देखरेख में तालाब की सफाई कराना शुरू करा दिया है। जिसके लिए मैं उन्हें धन्यवाद देती हूं। प्रथम महापौर ने कहा कि यह बड़ा तालाब शहर का हृदय स्थल है जिसे सुसज्जित और सुव्यवस्थित रखना निगम एवं निगम के नागरिकों का भी कर्तव्य है। प्रथम महापौर ने कहा कि पांच जुलाई से पहले वहां का बाथरूम, पौधों की सफाई, झरना को चालू करने वगैरह जो त्रुटियां है को ठीक करने का भी आदेश नगर आयुक्त द्वारा दीया गया है। साथी ही मेरे कार्यकाल में पारित उस तालाब के दोनों ओर दो हाई मास्क लाइट भी लगाना जल्द प्रारंभ होगा। प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने शहर से अपील की है कि कोयल रिवर फ्रंट, गांधी उद्यान, चौक चौराहे, अंबेडकर पार्क यह आपके शहर की शोभा को बढ़ा रही है। निगम के साथ इसको सुव्यवस्थित और सुसज्जित रखना हम सबों का भी दायित्व है तभी शहर खूबसूरत रहेगा।

# नीलांबर-पीतांबर विवि के कुलपति का प्रभार लिया डॉ तपन शांडिल्य ने

- चुनौतियों के बीच काम करना पसंद है प्रभारी वीसी को
- समस्याओं के त्वरित हल में विश्वास करते हैं डॉ शांडिल्य



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति के रूप में प्रो (डॉ) तपन कुमार शांडिल्य ने शनिवार को प्रभार ग्रहण कर लिया। वह रांची के डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति भी हैं। प्रभार लेने के बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि उन्हें चुनौतियों के बीच काम करना पसंद है। जितनी बड़ी चुनौती होती है, काम करने में उतनी ही प्रसन्नता मिलती है। इस दौरान प्रो शांडिल्य विवविद्यालय के फाइलों को भी निपटा रहे थे और बीच-बीच में विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों की समस्याएं भी सुन रहे थे। प्रभारी कुलपति मौके पर ही उनका निदान भी करते जा रहे थे।

यूजी में नामांकन हेतु इस वर्ष एनटीए द्वारा आयोजित टेस्ट परीक्षा 'सीयूइटी' की चर्चा करते हुए डॉ शांडिल्य ने कहा कि पलामू जैसे पिछड़े इलाके में जो विद्यार्थी सीयूइटी टेस्ट में बैठने से वंचित रह गये हैं, उनके लिए विश्वविद्यालय वैकल्पिक व्यवस्था उच्च शिक्षा विभाग की सहमति से करेगा। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा विभाग के सचिव से हुई वार्ता में इस संबंध में विस्तार से विमर्श किया गया है और जल्द ही इसका हल निकाले जाने की संभावना है। सीयूइटी और सीधे नामांकन का तर्कपूर्ण प्रतिशत निर्धारित कर यूजी में नामांकन लिया जा सकता है।

नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के अंतर्गत अंगीभूत कॉलेजों में इंटर की पढ़ाई जारी रखने और नामांकन में गतिरोध पर जैक कर्मियों के प्रतिनिधि मंडल से बातचीत के क्रम में प्रभारी वीसी ने कहा कि वह राज्य सरकार और उच्च शिक्षा विभाग को पत्र लिखकर दिशा-निर्देश की मांग कर रहे हैं, जिससे समस्या का शांतिपूर्ण समाधान हो सके। संविदा पर कार्य कर रहे घंटी आधारित शिक्षकों की समस्या को सुनकर उन्होंने उनके प्रतिनिधि मंडल को कहा कि समय पर वेतन मिलना आवश्यक है। प्रक्रिया में कहां विलंब हो रहा है, उसका पता लगाकर शीघ्र आवश्यक कदम उठायेंगे। वोकेशनल कोर्स के शिक्षकों एवं कर्मियों, जिसमें एमबीए, एमसीए, बीसीए, बीबीए और आइटी शामिल हैं, का महीनों से लंबित वेतन को मुक्त करने का आदेश फाइल में देते हुए उन्होंने कहा कि वह स्थिति सुधारना चाहते हैं। कार्य में विलंब उन्हें पसंद नहीं है। काम करने में उनका विश्वास है।

संचिकाओं को निपटाते हुए कुलपति ने शिक्षकेतर कर्मचारियों के एसीपी और एमएसीपी के साथ वेतन निर्धारण हेतु प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजे जाने का आदेश दिया जिससे शिक्षकेतर कर्मचारियों में हर्ष व्याप्त है।

विनीत पांडेय के नेतृत्व में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रतिनिधि मंडल के छह सूत्री मांग पत्र पर कुलपति ने तेजी से कार्रवाई करने की बात कही और तत्काल ही संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि छात्रों से जुड़ी समस्याओं को दूर करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने आगे कहा कि जबसे उन्होंने कार्यभार संभाला है, विश्वविद्यालय की महीनों से लंबित फाइलों को तेजी से निपटाया है और अब नहीं के बराबर फाइलें निष्पादन के लिए बची हैं। उन्होंने कहा कि वह नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के लिए सीमित समय के लिए प्रभार में हैं। यदि उनके पास पर्याप्त समय मिलता, तो वह समस्याओं का तेजी से निराकरण करते हुए विवि को नयी ऊंचाइयों पर ले जाने की इच्छा रखते हैं। ऐसा करना संभव भी है। मौके पर डॉ केसी झा भी मौजूद थे।

# प्रजापिता इश्वरीय विवि में मनायी गयी मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती जी की पुण्यतिथि



आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सद्भावना भवन, जपला सेवा केंद्र पर ह्यज्ञान और शक्तियों की चैतन्य अवतार मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती जी का 58वां पुण्य स्मृति दिवस ह्यआध्यात्मिक ज्ञान दिवस ह्यके रूप में मनाया गया। इस दौरान मातेश्वरी जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बी.के नीलम दीदी ने बताया कि उन्होंने आध्यात्मिक पुरुषार्थ और साधना के लिए त्याग, तपस्या और आत्म अनुभूति के द्वारा समस्त मानव के जीवन को ज्ञान के प्रकाश से आलोकित करने का मार्ग चुना और पुरुष प्रधान समाज में सन 1936 में अपना जीवन ईश्वरीय सेवाओं में समर्पित किया।ज्ञान योग की श्रेष्ठ धारणा करने के कारण उनको मम्मा और यज्ञ माता के नाम से संबोधित किया गया, जिससे उनके व्यक्तित्व में दिव्य महा परिवर्तन हुआ।

बीके नीरज भाई ने बताया मातेश्वरी जगदंबा ने सदा निराकार ज्योति बिंदु स्वरुप परमात्मा शिव द्वारा अपने साकार मानवीय माध्यम पिताश्री के माध्यम से दिए गए श्रीमत का तत्क्षण पालन किया। मातेश्वरी द्वारा सिखाये गए कर्म-साधना के पथ पर चलते हुए राजयोग की साधना द्वारा रुद्र यज्ञ रक्षक, आज्ञाकारी और निरहंकारी बन मानवता की सेवा करते रहे हमारी यही सच्ची श्रद्धांजलि है। बीके कुसुम बहन ने कहा कि

मम्मा के जीवन की दिव्यता से प्रेरणा लेकर हम सभी भी अपनी जीवन को श्रेष्ठ बनाये।इस अवसर पर बीके राम नरेश यादव, बी.के. कृष्णा, बी के धीरज, राजेंद्र दास, कुसुम माता, शोभा माता सहित सभी भाई बहनों ने शामिल होकर मातेश्वरी जगदम्बा जी को पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी।

## ईदगाह में बकरीद की नमाज का समय मुकर्रर

**हुसैनाबाद। शहर के गुलाम नेजामुद्दीन के आवास पर बकरीद की नमाज को लेकर बैठक हुई।इसकी अध्यक्षता मोहिउद्दीन अंसारी ने की। बैठक में सर्वसम्मति से ईदगाह हुसैनाबाद में ईद-उल-अजहा की नमाज 29 जून को सुबह सात बजे अदा करने का निर्णय लिया गया। इसका एलान शुक्रवार की नमाज के पूर्व हुसैनाबाद की सभी मस्जिदों में भी करा दिया गया है। बैठक में अब्दुल मन्नान, रियाज खान, मसरूर अहमद, नसीम कुरैशी, कयामुद्दीन अंसारी, गयासुद्दीन सिद्दीकी, सद्दाम कादरी के अलावा कई लोग मौजूद थे।**

# भाजपा ने सिगसिगी में जनसंपर्क चलाकर गिनायीं मोदी सरकार की उपलब्धियां



आजाद सिपाही संवाददाता

**बिश्रामपुर (पलामू)।** भाजपा ग्रामीण मंडल द्वारा प्रखंड के सिगसिगी पंचायत में शनिवार को महाजनसंपर्क अभियान चलाया गया। जनसंपर्क के दौरान भाजपा नेताओं कार्यकताओं ने ग्रामीणों को मोदी सरकार के नौ वर्ष की उपलब्धियों के बारे में विस्तृत रूप से बताया। अभियान का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का नौ वर्ष का कार्यकाल सेवा,समर्पण,विकास और गरीब कल्याण के नाम समर्पित रहा है। वरीय भाजपा नेता शिवबंश मिश्रा ने कहा कि केंद्र सरकार ने गरीबों के कल्याण हेतु दर्जनों योजनाएं चलाई। जिसका सीधा फायदा आम लोगों तक पहुंचा। भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष अनुज चौधरी ने मोदी सरकार के महत्वकांक्षी योजनाओं के बारे में लोगों को बताया। अभियान में कयास चौधरी सहित कई भाजपा नेता और कार्यकर्ता शामिल थे।

# मिशन 2024 को लेकर पलामू कांग्रेस ने किया मंथन



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वधान में जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक की अध्यक्षता में कांग्रेस कमेटी के सभी विंग एवं डिपार्टमेन्ट के अध्यक्षों के साथ लक्ष्य 2024 को लेकर विचार मंथन किया गया। बैठक में सभी विंग के उपस्थित अध्यक्षों ने अपने संगठन को लेकर बात रखें। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष श्री बिट्टू पाठक ने कहा कि लक्ष्य 2024 को प्राप्ति के लिए सभी विंग के प्रखंड अध्यक्ष एवं पंचायत को सशक्त और मजबूत होने की जरूरत है। आगामी 3 जुलाई से सभी प्रखंडों में बैठक और कार्यक्रम तय किया गया है जिसमें सभी विंग के पदाधिकारियों को उपस्थिति जरूरी है और जो भी विंग के पदाधिकारियों को कार्य करने में कठिनाइयां हो रहा है उन कठिनाइयों का सामना हम सभी मिलकर करेंगे और जनता के बीच जाकर मोदी सरकार की नाकामी को बताए जायेगा। मोदी सरकार जिस प्रकार देश के हर वर्ग को ठगने का काम किया है। कांग्रेस का हर कार्यकर्ता घर-घर जाकर बताने का काम करें। आज हम सभी लोगों को संकल्प लेकर लक्ष्य 2024 का प्राप्ति के लिए कार्य करेंगे पलामू लोकसभा एवं पलामू के सभी विधानसभा मैं कांग्रेस का परचम लहराया जायेगा। बैठक में पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय प्रभारी जितेंद्र कमलापुरी, कोषाध्यक्ष अजय साहू, जिला उपाध्यक्ष विद्या सिंह चेरो, सदर 20 सूत्री उपाध्यक्ष रामानंद पाठक, रविंद्र कुमार, महिला कमेटी के जिलाध्यक्ष इंदु भगत,युवा के जिला अध्यक्ष मुन्ना खान, एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष अमरनाथ तिवारी, दलित प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अशोक पासवान, आदिवासी मोर्चा के जिला अध्यक्ष जरूरु उरांव, इंटक के जिलाध्यक्ष मुकेश सिंह, युवा इंटक जिला अध्यक्ष शशांक सुमन, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के जिला अध्यक्ष अमूक प्रियदर्शी, कामगार कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, मत्स्य विभाग के अध्यक्ष छोटू चौधरी, जवाहर बाल मंच के जिला अध्यक्ष राज किशोर सिंह, स्वास्थ्य विभाग के जिला अध्यक्ष रंजन कुमार दुबे, चंपा देवी, सोशल मीडिया के अजय पांडे आदि लोग उपस्थित थे।

# घासीदाग गांव की बिटिया विमला बनी पंचायत सचिव, मुख्यमंत्री ने सौंपा नियुक्ति पत्र



आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर प्रखंड का सुदूरवर्ती गांव घासीदाग कभी नक्सलियों का शरण स्थली हुआ करता था। रात की बात तो दूर दिन में भी जाने में लोगों को डर लगता था। अब गांव के बेटे ही नही बेटियां भी उच्च शिक्षा ग्रहण कर सरकारी नौकरी हासिल कर रही है। घासीदाग गांव की बिटिया विमला कुमारी पंचायत सचिव के पद पर नियुक्त हुई है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विमला को अपने हाथों नियुक्ति पत्र सौंपा है। विमला ने कहा कि बतौर पंचायत सचिव गांव के विकास में अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ जिम्मेवारी का निर्वहन करेगी। विमला घासीदाग गांव निवासी रामपति पाल की बेटी है। विमला इससे पहले आईआरबी में कॉन्स्टेबल के पद पर कार्यरत थी। लेकिन देश के गांवों का विकास ही उसका सपना था। जिसे पूरा करने के लिय उसने पंचायत सचिव का पद हासिल किया है। विमला के इस उपलब्धि पर मुखिया अंजू देवी सहित कई लोगों ने बधाई दी है।

## बसपा विधायक की माता के अंतिम संस्कार में शामिल हुए अभिमन्यु सिंह



**बिश्रामपुर (पलामू)। उत्तर प्रदेश के बसपा विधायक उमाशंकर सिंह की मां का पिछले दिनों निधन हो गया था। जिनका अंतिम संस्कार विधायक उमाशंकर सिंह के यूपी स्थित पैतृक गांव रसड़ा से हुआ। जिसमे वरीय बसपा नेता सह समाजसेवी अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह भी शामिल हुए। उन्होंने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। अभिमन्यु सिंह ने विधायक के मां के चित्र पर श्रद्धा सुमन भी अर्पित किया। मौके पर युवा बसपा नेता राहुल दुबे सहित कई लोग मौजूद थे।**


## शपथ पत्र

शपथ पत्र संख्या 639 दिनांक 27 अप्रैल 2023 के अनुसार मैं, कविता सांगा उम्र 49. वर्ष पति - किरण सांगा, जाति- मुंडा, निवास ग्राम- जोरार सितुम टोली, थाना- नामकुम, पो. नामकुम, जिला-रांची, झारखंड, शपथ पूर्वक घोषणा करती हूं कि मेरे द्वारा निम्न कथित सभी बातें पूर्णतः सत्य एवं सही है:-

1. यह कि मैं वार्ड-47 की पार्षद हूं।
2. यह कि दिनांक 02.12.2018 को मनसुख कच्छप पिता स्व. ओवेद कच्छप एवं उसके बेटे सुलेमान कच्छप पता- नामकुम महुआ टोली, पो.- नामकुम थाना-नामकुम रांची के द्वारा मुझे मौजा- नामकुम, खाता- 19, अंचल नामकुम के रैयत की वंशावली सत्यापित करने के लिए दिया गया था जिसे मैंने सत्यापित किया था।
3. यह कि खतियानी रैयत के मूल वंशजों के द्वारा बताया गया कि मेरे द्वारा दिनांक 2 दिसंबर 2018 को एक वंशावली सत्यापित किया गया है, जिसके आधार पर सुलेमान कच्छप ने खतियानी रैयत के वंशज होने का दावा किया है।
4. यह कि उसके बाद मैंने उस वंशावली का मिलान, खतियान से किया एवं अपने स्तर पर जांच किया।
5. यह कि दिनांक 02.12.2018 को मेरे द्वारा सत्यापित की गई वंशावली गलत एवं फर्जी है तथा खतियान से मेल नहीं खाती है। मेरे द्वारा जांच करने पर पता चला कि खतियान में ओवेद कच्छप नाम का कोई व्यक्ति नहीं है एवं मनसुख कच्छप तथा सुलेमान कच्छप का खाता- 19, मौजा- नामकुम, अंचल - नामकुम की जमीन से कोई संबंध नहीं है।
6. यह कि दिनांक 25.02.2023 को खतियानी रैयत की वास्तविक वंशावली, जो खतियानी रैयत के मूल वंशजों के द्वारा दिया गया था, को मैंने सत्यापित किया जो पूर्णतः सत्य एवं सही है।


## स्पोर्ट्स



एक या दो जुलाई को बारबोडास पहुंच जायेगी टीम इंडिया। वेस्टइंडीज के साथ दो टेस्ट मैचों की सीरिज खेलने के लिए रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय क्रिकेट टीम वहां जा रही है।

# टेस्ट सीरीज से पहले एक सप्ताह ट्रेनिंग करेगी टीम इंडिया

- बारबाडोस में लगेगा कैंप, 1 या 2 जुलाई तक वेस्टइंडीज पहुंच सकते हैं खिलाड़ी



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारत और वेस्टइंडीज के बीच पहला टेस्ट मैच 12 जुलाई से डोमिनिका में खेला जायेगा। वेस्टइंडीज दौरे पर टीम इंडिया डोमिनिका टेस्ट से पहले बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल मैदान में एक सप्ताह का ट्रेनिंग कैम्प लगायेगी। इस दौरे पर तीनों फॉर्मेट की सीरीज होगी। जिसकी शुरूआत टेस्ट मैच से होगी। पहला मैच 12 जुलाई से डोमिनिका में और दूसरा 20 जुलाई से त्रिनिदाद में होगा। विंडीज दौरे पर भारतीय टीम दो टेस्ट मैचों के अलावा तीन वनडे और पांच टी-20 मैचों की सीरीज खेलेगी।

**भारतीय टेस्ट टीम:**

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, अजिंक्य रहाणे (उपकप्तान), ऋतुराज गायकवाड, यशस्वी जायसवाल, केएस भरत (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, शार्दूल ठाकुर, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, जयदेव उनादकट, ईशान किशन (विकेटकीपर) और नवदीप सैनी।

**1 या 2 जुलाई तक बारबाडोस पहुंच सकती है टीम इंडिया**

रिपोर्ट के मुताबिक, क्रिकेट वेस्टइंडीज ने टीम इंडिया का प्लान बताया है। टीम इंडिया 1 या 2 जुलाई तक बारबाडोस पहुंचकर लगभग 8-9 जुलाई तक वहीं रहेगी। भारतीय टीम बारबाडोस के ब्रिजटाउन में ट्रेनिंग कैंप लगायेगी। इस दौरान वह टेस्ट सीरीज को लेकर प्लान पर भी काम करेगी।

**कैंप में कुछ मैच भी शामिल हो सकते हैं**

क्रिकेट वेस्टइंडीज ने कहा, कैंप में कुछ ट्रेनिंग मैच भी शामिल हो सकते हैं, जरूरी नहीं कि फर्स्ट क्लास मैच ही हों। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड इसके लिए वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड और क्रिकेट बारबाडोस के साथ कोऑर्डिनेट कर रहा है। टीम इंडिया मैनेजमेंट ने डोमिनिका की राजधानी रोसेउ की जगह बारबाडोस को चुना, क्योंकि रोसेउ में सुविधाएं कम हैं।

**डोमिनिका में 12 साल बाद टेस्ट मैच खेलेगा भारत**

भारत और वेस्टइंडीज के बीच टेस्ट सीरीज का पहला मैच 12 जुलाई से डोमिनिका में खेला जायेगा। दोनों टीमों के बीच यहां अब तक केवल एक मुकाबला खेला गया है। टीम इंडिया यहां 12 साल बाद खेलेगी। भारत-वेस्टइंडीज के बीच डोमिनिका में आखिरी टेस्ट मैच जुलाई 2011 में खेला गया था। यह मुकाबला ड्रॉ रहा था।

**वेस्टइंडीज का कैंप एंटीगुआ में**

वहीं वेस्टइंडीज की टीम एंटीगुआ में अपना कैंप लगायेगी। सूत्र ने पुष्टि की कि वेस्टइंडीज के टेस्ट खिलाड़ी डोमिनिका जाने से पहले कूलिज क्रिकेट ग्राउंड में हाई-परफॉर्मेंस सेंटर में ट्रेनिंग लेंगे।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 25 जून, 2023
www.azadsipahi.in



## महत्वपूर्ण न्यूज

### कला सांस्कृतिक भवन चास का होगा कायाकल्प, दिये निर्देश : डीसी-डीडीसी



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** डीसी कुलदीप चौधरी एवं डीडीसी कीर्तीश्री जी ने चास प्रखंड सह अंचल कार्यालय समीप स्थित कला सांस्कृतिक भवन का जायाजा लिया। मौके पर तकनीकी टीम भी उपस्थित थी। डीसी कुलदीप चौधरी ने कला सांस्कृतिक भवन सभागार का जायाजा लिया। सभागार में प्रवेश झ निकासी द्वार ,मंच/फ्लोर/कमरों आदि को देखा। भवन/सभागार के कायाकल्प करने को लेकर तकनीकी टीम को जरूरी दिशा निर्देश दिया। सभागार के फ्लोर पर टाइल्स,कुर्सियां,रंग रोहन आदि का कार्य करने की बात कहीं। डीसी ने तकनीकी टीम को होने वाले कार्य को लेकर प्राकल्लन तैयार कर जल्द समर्पित करने का निर्देश दिया। वहीं परिसर स्थित विवाह मंडप का भी जायजा लिया। डीसी ने भवन के जीर्णोद्धार को लेकर राशि आवंटन के लिए भवन प्रमंडल को प्रस्ताव भेजने का संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी चास मिथिलेश कुमार,अंचलाधिकारी दीलीप कुमार समेत प्रखंड अंचल कार्यालय के कर्मी उपस्थित थे।

### जलापूर्ति पाइप चोरी करते पिकअप वैन के साथ एक गिरफ्तार, गया जेल



**कतरास (आजाद सिपाही)।** खरखरी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर चोरी के पिकअप वैन में ले जा रहे चालक राजीव स्वर्णकार को पकड़ा और गाड़ी भी जब्त कर ली है। उक्त बातें शनिवार को खरखरी ओपी परिसर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में ओपी प्रभारी सोनू गुप्ता ने पत्रकारों को बताई। उन्होंने बताया कि पकड़े गए चालक से पूछताछ के बाद मालिक अवधेश साव, सिद्पोकी के बाबूलाल सहित अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन में जुटी है। पकड़े गए चालक को शनिवार को जेल भेज दिया गया। ओपी प्रभारी ने बताया कि गुप्त सूचना सूचना के आधार पर त्वरित कारवाई करते हुए पडुआभिट्ठा पोखरिया के समीप पहुंची और देखा कि कुछ लोग बीसीसीएल के जलापूर्ति पाइप को कुछ लोग काट रहे हैं। पुलिस को देख सभी चोर भाग निकले। पुलिस द्वारा दौड़ाकर एक युवक को पकड़ लिया गया जबकि अन्य भागने में सफल रहे। घटना स्थल से पुलिस ने चोरी का पाइप लदा पिकअप वैन को जब्त कर थाना ले आयी। पूछताछ के दौरान पकड़े गया युवक ने अपना नाम राजेश स्वर्णकार और खुद को पिकअप वैन का चालक बताया। युवक ने पुलिस को बताया कि सिद्पोकी के बाबूलाल नामक युवक के बुलावे पर चोरी का पाइप लेने आये थे। चोरी की सामग्री बोकारो के चास में खपाने की बात पुलिस को बताई। युवक के ब्यान के आधार पर पुलिस ने वेन मालिक सहित अन्य के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कर लिया है।

### बकरीद को लेकर मैथन ओपी में बैठक



**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** मैथन ओपी परिसर में शनिवार को बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। संचालन मेढ़ा ग्राम पंचायत के मुखिया मनोज रावत के किया। बैठक में सर्किल इंस्पेक्टर नयनसुख दादेल मैथन ओपी प्रभारी विकास यादव शांति समिति के सक्रिय सदस्यों के साथ बुद्धिजीवी वर्ग के व्यक्ति मौजूद थे। सर्वप्रथम नए ओपी प्रभारी विकास यादव ने पत्रकारों एवं जनप्रतिनिधियों से क्षेत्र का हाल जाना और स्थानीय प्रमुख समस्याओं से रूबरू हुए। उसके बाद आने वाले बकरीद त्यौहार को लेकर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु चर्चा की गई। वही बैठक की अध्यक्षता कर रहे ओपी प्रभारी विकास यादव ने कहा कि किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान ना देते हुए त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके मनाएं। संवेदनशील जगहों पर पुलिस बल की तैनाती के साथ हुड़दंगियों पर विशेषकर नजर रहेगी। किसी भी अप्रिय घटना घटने पर प्रशासन को तुरंत सूचित करने की बात कही गई। बैठक में मुख्य रूप से विनय कुमार,रविंद्र साहनी, बुलटी देवी, अजय मुरमुर, संजय यादव, बबलू चौधरी, देवराज महतो, इत्यादि लोग उपस्थित थे।

### कांग्रेस नेता के भतीजे पर जानलेवा हमला, दो राउंड फायरिंग, मामला दर्ज



**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** कनकनी निवासी कांग्रेस नेता इम्तियाज अहमद के भतीजे आफताब अहमद उर्फ राजा पर शुक्रवार की देर रात अपराधियो ने गोली चला दी।घटना मे राजा बाल बाल बच गए।मामले मे राजा ने पुटकी पुलिस को लिखित शिकायत देकर कारवाई की मांग की है।बताया जाता है कि शुक्रवार की रात करीब साढ़े बारह बजे राजा पुटकी से लोयाबाद की ओर अपने घर लौट रहा था तभी एकड़ा सूर्य मंदिर के समीप 20 से 25 की संख्या मे हथियार से लैस अपराधियो ने उसे घेर लिया और उसके साथ मारपीट करते हुए जान मारने की नियत से उस पर दो राउंड फायरिंग कर दी।गोली उसके गर्दन के बगल से निकल गई और वह बाल बाल बच गया।किसी तरह जान बचाकर वह वहां से भाग सका।घटना की सूचना पाकर लोयाबाद और पुटकी पुलिस गशती दल रात मे ही घटनास्थल पर पहुंची, परंतु तब तक अपराधी वहां से फरार हो चुके थे।राजा ने बताया कि वह एमबीए की पढ़ाई कर रहा है।देर रात पुटकी के रेस्टोरेंट से पार्टी कर लौट रहा था तभी एकड़ा सूर्य मंदिर के पास यह घटना घटी।उसने बताया कि दो अपराधियो द्वारा अलग अलग पिस्टल से उस पर गोली चलाई गई थी।घटना को अंजाम देने वाले कुछ अपराधियो को देखकर वह पहचान सकता है।वही घटना की निंदा करते हुए कांग्रेस नेता इम्तियाज अहमद ने कहा कि पुलिस जल्द से जल्द गोली चलाने वाले अपराधियो की पहचान कर उन्हे गिरफ्तार करें।ताकि भविष्य मे आपराधी इस तरह का दुस्साहस न कर सके। मामले मे पुटकी थाना प्रभारी रास बिहारी लाल से पूछे जाने पर उन्होने बताया की पुलिस घटना की जांच कर रही है। मामला संदिग्ध है।

#### सीआइएसएफ और पुलिस की मौजूदगी में बीसीसीएल प्रबंधन की कार्रवाई

# अवैध मुहानों को किया गया बंद

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोयाबाद।** लोयाबाद थाना क्षेत्र के एकड़ा बाबू क्वार्टर के पीछे अग्निप्रभावित क्षेत्र मे चल रहे अवैध उत्खनन के मुहानों को बीसीसीएल प्रबंधन द्वारा शनिवार को भराई कर बंद कर दिया गया। बांसजोड़ा बीसीसीएल प्रबंधन और सिजुआ एरिया सीआइएसएफ की मौजूदगी मे उक्त स्थल को पेलोडर द्वारा ओबी डाल कर बंद किया गया। बताया जाता है कि कुछ दिन पूर्व कोयला तस्कर के एक गुट द्वारा उक्त स्थल पर चोरी छुपके अवैध उत्खनन किया जा रहा था। इसके बाद कोयला तस्करो के दो गुटो के बीच अवैध खनन को लेकर तनातनी हो गयी। कहा जा रहा है कि एक गुट द्वारा पहले अवैध उत्खनन शुरू किया गया था, जिसमें सफलता नही मिलने पर काम को बंद कर दिया गया था। अब उसी जगह से दूसरा गुट जबरन कोयला निकाल रहा था। जब इस बात की भनक पहले गुट को लगी तो वह विरोध करने लगा। इसकी खबर लोयाबाद पुलिस को लगी और पुलिस द्वारा बीसीसीएल अधिकारियो से बात कर अवैध उत्खनन स्थल की भराई करा दी गयी।

इस मौके पर बांसजोडा कोलियरी के प्रबंधक एस के दास, सेफ्टी ऑफिसर विनोद सिन्हा, सीआइएसएफ के एएसआइ वरुण कुमार,राहुल कुमार, दोषी रजक, एम मंडल, चांद खान, रामराज भर आदि मौजूद थे।

## मजदूरी करने हैदराबाद गये युवक की मौत, शव पहुंचा सिनीडीह, पसरा मातम

### आदिवासी हितैषी बतानेवाली सरकार के लिए शर्मनाक : ढुल्लू महतो

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुदा।** मधुबन थाना क्षेत्र के सिनिडीह कॉलोनी निवासी राजमिस्त्री शुकर मुंडा का एकलौता पुत्र रवि मुंडा (28) की मौत शुक्रवार को मिर्जापुर के एक अस्पताल में इलाज के दौरान हो गयी। बताया जाता है कि रवि मुंडा हैदराबाद के एक प्राइवेट कंपनी मे काम करता था। घर लौटते वक्त उनकी तबीयत ट्रेन में खराब हो गयी। रेलवे पुलिस ने उसे मिर्जापुर के अस्पताल में बेहोशी हालत में इलाज के लिए भर्ती कराया। उनकी तबीयत में कुछ सुधार नही होने पर चिकित्सकों ने उसे दूसरे बड़े अस्पताल में रेफर कर दिया। इससे पहले ही रवि ने दम तोड़ दिया। रेलवे पुलिस की सुचना पर मृतक के परिजन मिर्जापुर अस्पताल पहुंचे और शव को लेकर वापस सिनिडीह पहुंचे। शव पहुंचते ही घर में चीख पुकार मच गयी। एकलौते पुत्र की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के पिता ने बताया कि उसका बेटा हैदराबाद मजदूरी करने गया था। वह वहीं काम करता था। तबियत बिडने पर घर ट्रेन से वापस आ रहा था। रेलवे स्टेशन में प्लेटफार्म में चक्कर खाकर गिर गया था। आरपीएफ द्वारा अस्पताल में भर्ती कराया था। उचित इलाज नहीं मिलने के कारण उसकी मौत हो गयी।

**झारखंड सरकार राज्य के बेरोजगार युवकों को रोजगार देने में विफल :** घटना की सूचना पाकर मृतक के आवास पहुंचे बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो ने मामले में झारखंड सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा की जबसे झारखंड में झामुमो और कांग्रेस की गठबंधन की सरकार बनी है, तब से यहा के युवक रोजगार की तलाश मे दूसरे राज्य की ओर पलायन कर मजदूरी या किसी प्राइवेट कंपनी मे कार्य करने को मजबूर है। आदिवासी दलित का हितैषी बोलने वाले हेमंत सोरेन के कार्यकाल में आदिवासी दलित दूसरे प्रदेश में नौकरी कर रहे है। यह हेमंत सरकार के लिए शर्मनाक है।

## क्रांतिकारी इस्पात मजदूर संघ की नयी शाखा कमेटी का गठन

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के आरजीबीएस रेस्ट रूम में क्रान्तिकारी इस्पात मजदूर संघ (एचएमएस) की विशाल मीटिंग हुई। मीटिंग में सर्वसम्मति से नयी शाखा कमिटी का गठन किया गया। नवगठित शाखा कमिटी में फेकन शाव को शाखा अध्यक्ष तथा राजेश कुमार महतो को शाखा सचिव का चयन सर्वसम्मति से किया गया।

संघ के महामंत्री सह-सदस्य एनजेसीएस राजेंद्र सिंह ने नवगठित कमिटी को बधाई देते हुए कहा कि हमें पूर्ण विश्वास है कि नयी कमिटी नयी उर्जा एवं उत्साह से मजदूरों की ज्वलंत समस्याओ के समाधान हेतु ईमानदारी से सकारात्मक प्रयास करेगी। नियमित कर्मचारियों के समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए सिंह ने कहा कि जुलाई के आखिरी सप्ताह में पुरी एनजेसीएस की बैठक होगी। हमें पूरी आशा है कि इस बैठक में एरियर एवं रात्रि भत्ता पर फैसला हो जायेगा। उत्पादन लक्ष्य को क्षमता से अधिक तय कर इंसेंटिव में कटौती की जा रही है। ठेका मजदूरों के वेज रिवीजन पर 6 जुलाई को एनजेसीएस की बैठक होनी है। हमारी युनियन की मुख्य मांग है कि सम्मानजनक वेज रिवीजन के साथ अहअ को भी पीएफ के दायरे में लाना होगा। आज प्रबंधन का रवैया ठेका मजदूरों के प्रति बहुत ही नकारात्मक एवं उदासीन है। कार्य के दौरान दुर्घटनाग्रस्त होकर मृत्यु के शिकार होने वाले मजदूरों को बीमारी बताकर नियोजन एवं मुआवजा से वंचित करना इनके इसी निरंकुश रवैये का प्रतीक है। कोक-ओवन में नंद कुमार तथा स्ट्रक्चरल शार्प में कमलेश शाव इसका जीता जागता उदाहरण है। ठेका मजदूरों के ग्रेच्युटी एवं ग्रुप इंश्योरेंस पर इनका रवैया अब भी नकारात्मक है, जबकि सेल के अन्य इकाइयों में ये सुविधाएं लागू हैं। ऐसा लगता है कि बोकारो प्रबंधन की नीति मजदूरों के शोषण से प्रेरित है। अंत में सिंह ने प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा कि शोषण एवं बंधुआ मजदूरी की नीति से बाज आये नहीं तो मजदूर आंदोलन को बाध्य होंगे। मिटिंग में शशिभूषण, पीके देव, अरुण कुमार, एसएन सिंह, संतोष कुमार, आरपी मंडल, बबलू पासवान, पिंकू कुमार, एस अंसारी, दीपक कुमार, पी सुधाकर, सनातन दुबे आदि ने नवगठित कमिटी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## धनबाद की विकास गति 20 वर्ष पीछे चली गयी है : संतोष सिंह



आजाद सिपाही संवाददाता

**निरसा।** कांग्रेस चली आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शनिवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह पदयात्रा कर निरसा के बेनागडिया पहुंचे। जहां ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया। ग्रामीणों से मिलकर जिलाध्यक्ष श्री सिंह ने कांग्रेस की विचारधारा से लोगों को अवगत कराया। इस दौरान श्री सिंह ने ग्रामीणो को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने अपने नौ वर्ष के कार्यकाल मे जनता को सिर्फ अपनी मन की बात सुनाई हैं, मगर कभी जन की बात नही सुनी है। जहां एक तरफ देश की आम जनता मंहगाई, गरीबी, बेरोजगारी से त्रस्त हैं, तो वहीं दूसरी तरफ भाजपा जाति-धर्म के नाम पर सत्ता के लोभ में आम जनता को बेवकुफ बना रही हैं।

उन्होंने कहा की धनबाद के सांसद पीएन सिंह के कारण विकास के मामले में धनबाद 20 वर्ष पीछे चला गया। इस बार धनबाद लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को चुनाव जिताकर भाजपा मुक्त धनबाद बनाए। इस बार धनबाद में परिवर्तन निश्चित है। मोदी सरकार के कारण आज संविधान और देश खतरे में है। संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए कांग्रेस को सत्ता में आना जरूरी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष डीएन यादव ने किया। मौके पर वकील बाउरी, जियाउल हुसैन,संतोष कुमार राय, मंजूर आलम उर्फ सोनू, अरविंद कुमार सैनी, नकूल मोदी, कपिल देव प्रसाद, बबलू दास, नंदन भुईयां, मुजाहिद शेख, साबिर खान, महिंद्र सहनी, श्रीराम चौहान, दीपक मिश्रा, मकरुद्दीन अंसारी, हसन अंसारी, अमीत भुईयां, बब्लू सोरेन, राखोहरी दास, सपन बाउरी, श्यामल भंडारी, बिकोधर चक्रवती,पप्पू केवट, मुकेश बर्मा, ग्याश अंसारी आदि उपस्थित थे।

### गांधी के सपने को साकार करने के लिए महाप्रबंधक कार्यालय ढोरी में शपथग्रहण




**करगली (आजाद सिपाही)।** सीसीएल के तमाम क्षेत्रों में स्वच्छता पखवाड़ा को लेकर जो 16 जून से 30 जून तक मनाया जाएगा। इसके तहत सीसीएल ढोरी के महाप्रबंधक कार्यालय के प्रांगण में स्वच्छता पखवाड़ा शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया। इसमें एसओ इएंडएम जयशंकर प्रसाद थे। कार्यक्रम सीएसआर अधिकारी शैलेश कुमार के नेतृत्व में आयोजन हुआ। इस अवसर पर जीएम ऑफिस के तमाम अधिकारी और कर्मी उपस्थित होकर स्वच्छता के प्रति शपथ ली। जयशंकर प्रसाद ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी स्वास्थ्य को लेकर हमेशा लोगों को जागरूक करते थे। उनके सपनों को हम सभी को मिलकर साकार करना है और पूरे देश को स्वच्छ बनाना है। इसके लिए हमें प्रतिदिन 2 घंटे स्वच्छता के प्रति देना है, और 100 लोगों को इसके प्रति जागरूक करना है। हम अपने घर और कार्यालय को स्वच्छ रखें तथा दूसरों को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर प्लास्टिक मुक्त भारत बनाने के 60 जूट की थैली तथा वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए फलदार पौधे का वितरण किया गया। मौके पर एसओ उत्खनन यूके पासवान, एसओ सिविल उज्जवल सिंह, पर्यावरण अधिकारी गौरव कुमार, सैकत, कार्मिक प्रबंधक शालिनी यादव, विनय कुमार सिंह, उज्जवल मुखर्जी, जेपी पाठक सहित दर्जनों सीसीएल कर्मी उपस्थित थे।

### फुसरो में पानी समस्या को लेकर कृष्ण चांडक ने कार्यपालक अधिकारी से लगायी गुहार



**फुसरो (आजाद सिपाही)।** बेरमो प्रखंड के बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष कृष्ण चांडक ने फुसरो नगर परिषद के कार्यपालक अधिकारी मनोज कुमार को पत्र लिख फुसरो बाजार में पेयजल की आपूर्ति कराने की मांग की है। कहा कि फुसरो बाजार में पेयजल की आपूर्ति बंद कर दी गई है, जबकि अभी तक नयी जलापूर्ति योजना का पाइप भी सभी जगह नही बिछा है। शहरी जलापूर्ति योजना के संवेदक द्वारा आधा अधूरा कार्य कर इस जलापूर्ति योजना के लाभ से लोगो को वंचित कर दिया गया है। नए कनेक्शन का आवेदन देने के बाद भी लोगो को कनेक्शन नहीं मिल रहा। फुसरो यूको बैंक के दूसरी तरफ मोती मार्केट से लेकर मोड़ तक पाइप ही नही बिछाया गया है। दूसरी तरफ जहा तक पाइप बिछाया भी गया है उससे भी पानी आपूर्ति नहीं हो रही है। इसका कारण है कि उस छोर के पाइप को पानी सप्लाई वाले पाइप से जोड़ा ही नहीं गया है, और पुरानी व्यवस्था को बंद कर देने से पेयजल का घोर संकट उत्पन्न हो गया है। जहां पाइप है वहा उसका वाल्व खोलने की व्यवस्था नहीं चालू है। जगह जगह स्टैंड पोस्ट है वो बंद हो गए, जिससे प्रतिदिन सैकड़ों लोग पानी भरते है। उनके समक्ष भी गंभीर जल संकट उत्पन्न हो गया है। आम जन जीवन पेय जल की समस्या से परेशान हो गया है। उन्होंने निवेदन किया है कि जब तक नई व्यवस्था पूर्ण रूप से लागू ना हो तब तक पुरानी व्यवस्था से पेयजल की आपूर्ति जारी रखी जाये।


समाहरणालय, गढ़वा (जिला पंचायत शाखा)
(नगरपालिका निर्वाचन 2023)

Email - dprogarhwa84@gmail.com

आम सूचना

इस कार्यालय के ज्ञापांक 489/पं0, दिनांक 19.06.2023 द्वारा नगर पालिका (आम) निर्वाचन 2023 के तहत गढ़वा नगर परिषद् वर्ग (ख), मझिऑवनगर पंचायत एवं श्री बंशीधर नगर पंचायत के विभिन्नपदों के निर्वाचन हेतु प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रवार (वार्डवार) मतदान केन्द्रवार मतदात सूची के प्रारूप प्रकाशन दिनांक– 19.06.2023 को कर दिये जाने संबंधी आम सूचना जिसका Advt. PR No – 300451है, मेंदावा/आपत्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि दिनांक– 01.07.2023 के स्थान पर दिनांक– 06.07.2023 अंकित हो गया है। दिनांक 19.06.20263 को प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची के आधार पर प्राप्त दावा/आपत्ति विहित प्रपत्र में दिनांक–01.07.2023 तक कार्यालय अवधि में प्राधिकृत पदाधिकारी के कार्यालय में प्राप्त की जाएगी।

निदेशानुसार पूर्व निर्गत आम सूचना में दावा/आपत्ति प्राप्त करने की तिथि दिनांक 06.07.2023 तक के स्थान पर दिनांक 01.07.2023 तक संशोधित समझा जाय। शेश कंडिका यथावत रहेगी।

ह0/–
उप निर्वाचन पदाधिकारी, (न0)
गढ़वा

PR 300827 Panchayati Raj(23-24)D



झारखण्ड सरकार
वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग
न्यायालय :- प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल, गढ़वा

सूचना

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के प्रशासनिक क्षेत्राधीन बिहार केन्दू पत्ती (व्यापार नियंत्रण) अधिनियम, 1973 के सुसंगत प्रावधानों के उल्लंघन करने के विरूद्ध जप्त वन पदार्थ पर प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के न्यायालय में भारतीय वन अधिनियम, 1927 (सपठित बिहार संशोधन, 1989) के अंतर्गत निहित प्रावधानों के तहत् राज्यसात की कार्रवाई चल रही है, जिसमें संबंधित पक्षों को अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु निर्धारित सुनवाई की तिथि 08.07.2023 को 11:00 बजे पूर्वाह्न में ससमय प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें, अन्यथा न्यायालय द्वारा उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर एकतरफा निर्णय ले लिया जायेगा। जप्त वन पदार्थ तथा वन वाद से संबंधित अधिहरण वाद की विवरणी निम्नवत् है :–

| क्र0 सं0 | अधिहरण वाद संख्या | जप्त वन पदार्थ एवं अन्य सामग्री | अभियुक्त का नाम एवं पता | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 14/2023 | केन्दू पत्ती–10 बोरा (प्रति बोरा करीब 900 पोला) | अज्ञात | |

प्राधिकृत पदाधिकारी –सह–
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल

PR 300815 Forest, Environment and Climate Changes (23-24)_D


## झारखंड के सुरक्षित भविष्य के लिए कमान सुदेश महतो के हाथों में दें : उमाकांत रजक

आजाद सिपाही संवाददाता




**बोकारो।** आजसू पार्टी चंदनकियारी विधानसभा की बैठक चंदनकियारी कार्यालय में शनिवार को हुई। संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री उमाकांत रजक ने कहा कि रत्न गरबा झारखंड को राजनीति के प्रयोग ने कबाड़ा कर दिया है। बदहाल झारखंड को गढ़ने और राज्य का सुरक्षित भविष्य का कमान सुदेश महतो के हाथों में है। यह आवाज गांवों कस्बे से आनी शुरू हो गई है। उन्होने कहा कि झारखंड राज्य को अलग होने से पहले और बाद के 22 वर्षों की स्थिति को साक्षात देखने वाले शिबू सोरेन जी के बाद सिर्फ सुदेश महतो एक मात्र शीर्ष राजनेता हैं। युवा हैं, शिक्षित हैं, प्रशासनिक संचालन का योग्यता है। वे राज्य को गढ़ने में कोई कोताही नहीं करेंगे। जिसमे मूलवासी के सभी सपने साकार होंगे।

उन्होंने कहा कि चंदनकियारी विधानसभा के आजसू द्वारा किये गये कामों को गति नहीं मिला। उसे आगे बढ़ाने की फुरसत किसी में नहीं है। अधिकारी बेखौफ धन उपार्जन में मसगुल हैं और विधायक सिर्फ भ्रम की राजनिति करने में व्यस्थ हैं। ऐसे नकारात्मक कार्यों से लोग मुक्ति चाह रहे हैं।

उन्होंने कहा कि चंदनकियारी में लोगों का आजसू के प्रति बढ़ते रुझान को देखते हुए आगामी 6 जुलाई 23 को चंदनकियारी में मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। जिसमे मुख्य अतिथि आजसू सुप्रीमों सुदेश कुमार महतो जी होंगे। बैठक की अध्यक्षता मिथिलेश महतो संचालन बाटुल राय ने किया। मौके पर दुर्गा चरण महतो, राजेश भगत, कार्तिक गोराई, वशिष्ठ सिंह चौधरी, राजीव रंजन झा,परशुराम महतो करण दता किरण मांझी, हनीफ अंसारी जलेश्वर दास, मथुर गोप त्रिलोचन सिंह, निमाई गोप, सुभाष लोहार, मिहिर सिंह, गणेश दास, मिथुन महतो, कामदेव माहथा ,बिराज महतो भागीरथ महतो सहित अन्य लोग मौजूद थे।

विजिलेंस की छापामारी के दौरान आय से पांच सौ फीसदी अधिक संपत्ति मिली

# नबरंगपुर के अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रशांत राउत गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**भुवनेश्वर।** नबरंगपुर के अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रशांत राउत को गिरफ्तार कर लिया गया। आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप में विजिलेंस ने शनिवार को उन्हें गिरफ्तार कर लिया। छापामारी के दौरान प्रशांत राऊत के पास 5 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति मिला है। प्रशांत की गिरफ्तारी को लेकर विजिलेंस सेल के एसपीएम राधाकृष्णन ने जानकारी दी। प्रशांत राउत के पास से 3 करोड़ से ज्यादा कैश, 5 प्लॉट, 2 महंगी कारें, भुवनेश्वर में एक घर मिला है। इसके अलावा प्रशांत राउत के कई बेनाम अकाउंट मिले हैं। आय से अधिक 500% फीसदी ज्यादा संपत्ति मिला है। गौरतलब है कि शुक्रवार की सुबह पुलिस ने नबरंगपुर अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रशांत राऊत के नबरंगपुर स्थित सरकारी आवास, भुवनेश्वर स्थित आवास, भद्रक के पैतृक के आवास समेत 9 स्थानों पर विजिलेंस ने छापा मारा था। यह रकम उनके भुवनेश्वर स्थित आवास और नबरंगपुर सरकारी आवास से जब्त की गयटी है। भुवनेश्वर काननबिहार में एक आवास के पास रहने वाले पड़ोसी की छत से 6 बक्से कटून मिला। उसमें 500 के नोट भरे हुए थे। यह पैसा अतिरिक्त जिला कलेक्टर श्री राऊत का है। छापेमारी के वक्त श्री राउत घर पर नहीं थे। उधर, छत पर पड़ा हुआ पैसों के बारे में उनके परिवार को पता नहीं चला। छत से 2 करोड़ 25 लाख रुपये का 500 पीस का बंडल जब्त किया गया, जबकि उनके नबरंगपुर सरकारी आवास से 77 लाख रुपये जब्त किये गये। इसी तरह उसकी अलमारी से 12 लाख 48 हजार रुपये जब्त किये गये हैं। इसके अलावा विजिलेंस टीम ने उनके घर से भारी मात्रा में सोने के आभूषण भी बरामद किये हैं। सोने के बिस्किट और कई एटीएम कार्ड जब्त किये गये हैं। श्री राउत के नाम पर पहले भी संपत्ति की हेराफेरी के आरोप लगे थे। गौरतलब है कि श्री राउत 2018 में सुंदरगढ़ जिले के बिश्रा ब्लॉक में वीडियो के रूप में काम करते थे और एक लाख रुपये रिश्वत लेते हुए विजिलेंस ने रेंज हाथ पकड़ा था।

# किट में स्पोर्ट्स पर्सनल इकोसिस्टम पर कार्यशाला का आयोजन




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** किट और किस खेल विभाग द्वारा शनिवार को किट विश्वविद्यालय में स्पोर्ट्स पर्सनल इकोसिस्टम पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित किया गया। जी-20 शिखर सम्मेलन के तहत वाइ-20 के सहयोग से आयोजित कार्यशाला में देश भर में स्पोर्ट्स पर्सनल इकोसिस्टम को कैसे मजबूत किया जाये, इस पर चर्चा की गयी। इस कार्यशाला में ओड़िशा कृषि एवं तकनीकी विश्वविद्यालय के पॉलिटेक्निक निदेशक डॉ सुशांत कुमार दास बालिआपाल कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन के पूर्व अध्यक्ष। डॉ शक्ति रंजन मिश्र पूर्व अध्यक्ष गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन भुवनेश्वर, डॉ मनमोहन राउत ओलंपियन अनुराधा बिस्वाल, ओडिशा रिलायंस फाउंडेशन एथलेटिक्स एचपीसी के हेड कोच मार्टिन ओवेनस, किस-ग्लेनमार्क एक्वाटिक फाउंडेशन के हेड स्विमिंग कोच इयान एल्स और द्रोणाचार्य अवार्डी और भारतीय वॉलीबॉल टीम के राष्ट्रीय कोच जीई श्रीधरन मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए थे। वक्ताओं ने वैश्विक स्तर पर खेलों में भारत की उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए देश भर में स्पोर्ट्स पर्सनल इकोसिस्टम तंत्र को मजबूत करने पर जोर दिया।डॉ दास ने कहा कि खिलाड़ियों से लेकर खेल आयोजकों तक, हर कोई खेल व्यक्तिगत पारिस्थितिकी तंत्र का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि एक मजबूत खेल पारिस्थितिकी तंत्र के लिए, दूर दृष्टि, खेल नेतृत्व की भूमिका, टीम वर्क, जिम्मेदारी का विकास और सूचनाओं को साझा करने जैसे पांच पहलुओं पर जोर देने की जरूरत है और उन्होंने किट और किस का उदाहरण दिया और सभी से इसे एक शैक्षिक सामग्री के रूप में स्वीकार करने के लिए दास ने सलाह दी। इसी तरह ओलंपियन विश्वाल ने खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों के बीच अच्छे संबंधों पर जोर दिया। श्री मिश्र ने कहा कि एक मजबूत खेल पारिस्थितिकी तंत्र के लिए सरकार, खिलाड़ियों, खेल संगठनों, प्रायोजकों, खेल सामान निमार्ता कंपनियों आदि के बीच अच्छे समन्वय की आवश्यकता होती है। श्री इयान ने कहा कि यदि एथलीटों, प्रशिक्षकों और खेल आयोजकों के बीच अच्छा संचार और समझ हो तो एक मजबूत स्पोर्ट्स पर्सनल इकोसिस्टम तंत्र बनाया जा सकता है। कार्यक्रम का आयोजन किट एंड किस स्पोर्ट्स के महानिदेशक द्वारा किया गया था। संचालन गगनेंदु दास ने किया।

# सोआ और आइसीएमआर-आरएमआरसी के बीच शिक्षा-अनुसंधान के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** शिक्षा 'ओ' अनुसंधान डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी (सोआ) ने शनिवार को शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में आपसी सहयोग के लिए यहां आईसीएमआर-क्षेत्रीय चिकित्सा अनुसंधान केंद्र (आइसीएमआर- आरएमआरसी), भुवनेश्वर के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये। इस समझौता ज्ञापन के तहत, आईसीएमआर -आरएमआरसी और सोआ संयुक्त रूप से राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्ध अनुदान के लिए टास्कफोर्स अध्ययन और परियोजनाओं के लिए आवेदन करके संयुक्त सहयोगात्मक अनुसंधान करेंगे। आइसीएमआर-आरएमआरसी पीएचडी विद्वान सोआ में चिकित्सा विज्ञान, सार्वजनिक स्वास्थ्य, सूक्ष्म जीव विज्ञान, फार्मेसी, नर्सिंग और जैव प्रौद्योगिकी में अनुसंधान करेंगे। इसी तरह, सोआ पीएचडी कार्य की निगरानी के लिए अनुसंधान मार्गदर्शकों और सह-मार्गदर्शकों के रूप में आइसीएमआर-आरएमआरसी वैज्ञानिकों को शामिल करेगा। इसके अलावा सोआ और आइसीएमआर-आरएमआरसी दोनों के पीएचडी अनुसंधान विद्वान अनुसंधान के लिए दोनों संस्थानों में उपलब्ध सुविधाओं का उपयोग कर सकते हैं। इसके अलावा, सोआ और संबंधित केंद्रीय संस्थानों के बीच मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ कार्यक्रम के लिए संकायों का आदान-प्रदान प्रदान किया जायेगा। पांच साल के एमओयू पर सोआ के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार नंद और आइसीएमआर-आरएमआरसी के निदेशक डॉ संघमित्रा पति ने हस्ताक्षर किये। डॉ पति ने कहा कि समझौते के अनुसार अनुसंधान में ओडिशा की स्वास्थ्य देखभाल और सार्वजनिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता दी जायेगी। चूंकि सोआ एक बहु-विषयक विश्वविद्यालय है और आइसीएमआर-आरएमआरसी कई शोध गतिविधियों में शामिल है, इसलिए दोनों संस्थान एक साथ काम करके अधिक सफल हो सकते हैं।

उन्होंने कहा कि सोआ को पहले ही अनुसंधान और नैदानिक परीक्षणों के लिए आइसीएमआर से अनुदान प्राप्त हो चुका है, जिसे इस समझौते के माध्यम से आगे लागू किया जा सकता है। इस अवसर पर सोआ के कुलपति प्रोफेसर नंद ने कहा कि इस समझौते के माध्यम से कई शोध कार्य, सम्मेलन और सेमिनार संयुक्त रूप से किए जा सकते हैं। हस्ताक्षर के दौरान सोआ द्वारा संचालित इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड सम हॉस्पिटल के डीन प्रोफेसर (डॉ) संघमित्रा मिश्र, इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज की डीन प्रोफेसर नीता महांति, निदेशक प्रोफेसर मानस कुमार मल्लिक, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी प्रमोद कुमार पंडा और आइसीएमआर-आरएमआरसी उपस्थित थे। एमओयू के दौरान वैज्ञानिक डॉ शुभेंदु कुमार आचार्य और डॉ महेश चंद्र साहू मौजूद थे।

# केदारनाथ मंदिर से 23 किलो सोना चोरी

**देहरादून (आजाद सिपाही)।** केदारनाथ धाम के तीर्थ पुरोहित और चारधाम महापंचायत के उपाध्यक्ष संतोष त्रिवेदी ने मंदिर को दान में मिला 23.78 किलो सोना चोरी होने का आरोप लगाया है। यह सोना मंदिर के गर्भगृह की दीवारों पर परत के रूप में लगाया गया था, जिसे मुंबई के एक व्यापारी ने दान किया था। त्रिवेदी का आरोप है कि मंदिर के गर्भगृह में पिछले साल सितंबर-अक्टूबर में सोने की परत चढ़ाने का काम हुआ था। जब सोने की प्लेटें लगायी गयीं थीं, तो अब उन्हें पॉलिश करने की क्या जरूरत थी। लिहाजा इसकी जांच जरूरी है। वहीं, कांग्रेस नेता और उत्तराखंड के पूर्व मंत्री नवप्रभात का कहना है कि एक दानदाता के सोना दान करने पर संदेह किया जा रहा है। दान में कितना सोना मिला? तांबे में सोना क्यों मिलाया गया? ऐसे कई सवाल हैं। केदारनाथ ही नहीं बद्रीनाथ में भी ऐसा घोटाला होने की जानकारी मिल रही है। बढ़ते विवाद के बीच अब उत्तराखंड सरकार ने संस्कृति एवं धार्मिक मामलों के सचिव हरिचंद्र सेमवाल और गढ़वाल कमिश्नर की अध्यक्षता में एक जांच कमेटी बनायी है। राज्य के पर्यटन, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने शुक्रवार को कहा- कमेटी में विशेषज्ञों के साथ स्वर्णकार भी होंगे। जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।
















# सावन में काशी विश्वनाथ मंदिर में सुगम दर्शन महंगा

- अब 300 की जगह 500 रुपये देने होंगे, सोमवार को 750 रुपये चार्ज, मंगला आरती का शुल्क दोगुना

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**वाराणसी।** वाराणसी के श्री काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट ने सावन महीने में दर्शन और आरती के लिए नयी रेट लिस्ट जारी की है। अब सुगम दर्शन के लिए 300 की जगह 500 रुपये देने होंगे। जबकि मंगला आरती के लिए 500 की जगह 1000 हजार रुपये देने होंगे। सावन महीने के आठों सोमवार को रेट और ज्यादा होगा। इस दिन सुगम दर्शन करने के लिए 750 और मंगला आरती के लिए 2000 रुपए देने पड़ेंगे। यह रेट 4 जुलाई से लागू होगा और 31 अगस्त तक जारी रहेगा। मंदिर के सीइओ सुनील कुमार वर्मा ने यह जानकारी दी। वर्मा ने बताया कि मध्याह्न आरती भोग, सप्तर्षि आरती, रात्रि श्रृंगार आरती के लिए 500 रुपये देने होंगे। यह रेट सावन को छोड़कर अन्य दिनों में 300 रुपए है। वहीं, 1 शास्त्री से रुद्राभिषेक करवाने के लिए 700 रुपये और 5 शास्त्रियों से रुद्राभिषेक के लिए 2100 रुपये देने होंगे। वहीं, संन्यासी भोग के लिए सोमवार के दिन 7500 रुपये देने होंगे, जबकि अन्य दिनों 4500 रुपये देने पड़ेंगे। सुगम दर्शन का शुल्क देने के बाद भक्तों को लाइन में खड़े होने की जरूरत नहीं होती है। साथ ही दर्शन के बाद उन्हें प्रसाद का बॉक्स भी दिया जाता है।

# टाइम्स हायर एजुकेशन एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2023 में किट भारत की 13वीं सर्वश्रेष्ठ यूनिवर्सिटी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** द टाइम्स हायर एजुकेशन एशिया यूनिवर्सिटी रैंक 2023 में कीट यूनिवर्सिटी ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। 'द टाइम्स हायर एजुकेशन' द्वारा गुरुवार को प्रकाशित एशिया यूनिवर्सिटी रेंकिंग में किट को देश के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में 13वां और एशिया के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों की सूची में 147वां स्थान दिया गया है। किट ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है और आइआइएस, आईआईटी और आइआइआइटी जैसे देश के प्रतिष्ठित उच्च शिक्षा संस्थानों में स्थान हासिल किया है। पिछले साल कीट एशिया रैंक में 201+ रैंक मैं था। विश्वविद्यालयों को शिक्षण, अनुसंधान, ज्ञान विनिमय, अंतर्राष्ट्रीय दृष्टिकोण आदि जैसे विभिन्न मानदंडों पर टाइम्स हायर एजुकेशन द्वारा नियंत्रित किया गया है। कीट विश्वविद्यालय में कार्यक्रमों की एक विस्तृत श्रृंखला और 200 से अधिक विभिन्न पाठ्यक्रम हैं, यह देखते हुए कीट ने देश के सभी सार्वजनिक और निजी विश्वविद्यालयों के बीच अच्छा प्रदर्शन किया है। टाइम्स हायर एजुकेशन ने इस चयन प्रक्रिया में पिछले 50 वर्षों में स्थापित एशिया के सबसे प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों को शामिल किया है। गौरतलब है कि कीट जहां 25 साल पुरानी संस्था है, वहीं 19 साल पुरानी यूनिवर्सिटी के तौर पर इसने उपरोक्त सभी मानदंडों को पूरा करते हुए पूरे देश में 13वां और एशिया में 147वां स्थान हासिल कर राज्य और देश की शान बढ़ाई है। कीट और किस के संस्थापक अच्युत सामंत ने इस सफलता के लिए किट और किस के सभी शिक्षकों, छात्रों और कर्मचारियों को बधाई दी। इससे उन्हें उम्मीद है कि आने वाले दिनों में किट और भी बेहतर प्रदर्शन करेगी।







आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**